डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार | वर्ष-31, अंक- 164, पृष्ठ-12 | चैत्र शुक्ल पक्ष 02, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

₹3.00

31 मार्च 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## वासंतिक नवरात्र

### द्वितीय : ब्रह्मचारिणी



यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से दूसरा रूप है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करनेवाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करनेवाली। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमण्डल रहता है।

करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥

मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देनेवाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात् ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्वसिद्धि प्राप्त होती है।

### बरवाडीह-चिरमिरी रेल लाइन को बजटीय स्वीकृति, मुंबई की दूरी होगी कम

# 70 साल से अधूरे रेल प्रोजेक्ट को मिलेगी गति

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार/ मेदिनीनगर।** लातेहार, पलामू, गढ़वा सहित पूरे झारखंड के लिए खुशखबरी है। अंग्रेजों के जमाने से अधूरी पड़ी बरवाडीह-चिरमिरी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य इस वर्ष शुरू होने जा रहा है। इसे 2025-26 के बजट में शामिल किया जाएगा। यह घोषणा सांसद कालीचरण सिंह ने की। उन्होंने बताया कि जब वे राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव के लिए रेल मंत्री से मिले, तब मंत्री ने आश्वासन दिया कि बरवाडीह-चिरमिरी रेल लाइन के लिए इस वर्ष बजट आवंटित कर दिया जाएगा। बरवाडीह-चिरमिरी रेल लाइन का निर्माण कार्य 1940-41 में अंग्रेजी शासन में शुरू हुआ था और 1946 तक तेजी से चला, लेकिन 1947 में आजादी के बाद यह ठंडे बस्ते में चला गया। अब, चतरा सांसद कालीचरण सिंह और पलामू सांसद वीडी राम के निरंतर प्रयासों से इस परियोजना के पूरा होने की उम्मीद बढ़ गई है। इसके निर्माण से मुंबई की दूरी 500 किमी तक कम हो जाएगी और यात्रा में समय व धन की बचत होगी। परियोजना के पूरा होने से इस आदिवासी बहुल क्षेत्र के लोगों को बड़े शहरों से जोड़ने में सुविधा होगी और व्यापार के नए अवसर भी खुलेंगे।




### बरवाडीह-चिरमिरी रेल लाइन से जुड़ी महत्वपूर्ण तथ्य

- झारखंड व छत्तीसगढ़ को मिलेगा नया रेलवे कनेक्शन
- परियोजना के तहत 65 किमी ट्रैक झारखंड और शेष छत्तीसगढ़ में बनेगा।
- नई रेलवे स्टेशन में बरवाडीह, हूंटार, मंडल, परो, भंडरिया, बड़गड़ (झारखंड) व परसा, बारियों, राजपुर रोड, कर्रा, पस्ता, झालरिया, दलधोआ, सरनाडीह, बलरामपुर (छत्तीसगढ़) में स्टेशन का नाम प्रस्तावित है
- मुंबई-कोलकाता की दूरी होगी कम
- जबलपुर, कटनी, अनुपपुर, चिरमिरी रेल मार्ग को बड़काकाना और रांची से जोड़ने की योजना, जिससे यात्रा में 500 किमी की कटौती होगी।
- आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण
- पुल-पुलियों का निर्माण और अर्थ वर्क का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है, अब रेलवे लाइन बिछाने का काम जल्द शुरू होगा।

### रांची में आज होल्डिंग टैक्स भुगतान की अंतिम तिथि

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के होल्डिंग टैक्स के भुगतान की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 (सोमवार) है। रांची नगर निगम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भवनों के मालिकों द्वारा 31 मार्च 2025 तक बकाया कर नहीं जमा करने पर अगले वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त जुमार्ना राशि के साथ कर का भुगतान करना होगा। कर के भुगतान के लिए सोमवार को रांची नगर निगम कार्यालय एवं डोरंडा अंचल कार्यालय के जन सुविधा केंद्र पूर्वाह्न 09 बजे से शाम 05 बजे तक संचालित रहेंगे। इसमें सभी करदाता अपने घृतिकर, जल कर, ट्रेड लाइसेंस व वेस्ट यूजर चार्ज का बकाया भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा निगम की वेबसाइट www.ranchimunicipal.com पर ऑनलाइन माध्यम से भी कर का भुगतान किया जा सकता है।

### चांद नजर आया, ईद उल फितर आज

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एदार ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि रविवार 29 रमजान 1446 हिजरी को ईद उल फितर का चांद रांची, जमशेदपुर, दुमका, डालटनगंज, साहिबगंज, धनबाद, कोडरमा सहित झारखंड के अधिकांश हिस्सों में देखा गया। इसकी पुष्टि काजियाने शरीयत ने की है। अतः काजीयाने शरीयत ने यह निर्णय लिया और घोषणा की कि ईद उल फितर सोमवार (31 मार्च 2025) को मनाई जाएगी। सोमवार को पूरे राज्य में ईद उल फितर की नमाज बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ अदा की जाएगी। ज्ञात हो कि सऊदी अरब में शनिवार को ही ईद का चांद दिखाई दिया था। इसलिए वहां रविवार को ईद उल फितर का त्यौहार मनाया गया। इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को ईद की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, एदार ए शरीया के जिम्मेदारों ने भी राज्य के निवासियों को ईद उल फितर की शुभकामनाएं और मुबारकबादी दी हैं। इस अवसर पर मौलाना सैयद शाह अलकामा शिबली कादरी, मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना मुफ्ती अनवर निजामी मिस्बाही सहित कई मौलाना मौजूद रहे।







**भाईचारे का त्योहार है ईद उल फितर :** ईद उल फितर भाईचारे का त्यौहार है। इस्लामी कैलेंडर के दसवें महीने शव्वाल के पहले दिन ईद उल फितर मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय का त्यौहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्यौहार है। इस त्यौहार को सभी आपस में मिल के मनाते हैं। साथ ही, खुदा से सुख-शांति और बरक्कत के लिए दुआएं मांगते हैं। ईद उल फितर का सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें गरीबों को फितरा देना वाजिब है, जिससे कि जो गरीब और मजबूर हैं, वे अपनी ईद मना सकें।

**हरमू ईदगाह सबसे पुरानी, रांची के कई हिस्सों से आते हैं नमाजी :** राजधानी रांची के सबसे पुराने और पहले ईदगाह में सबसे देर से नमाज अदा की जाती है। अंजुमन इस्लिमिया सदस्य नादिम अख्तर ने बताया कि राजधानी के अलग-अलग ईदगाह में नमाजी अलग-अलग समय पर नमाज पढ़ते हैं। लेकिन, हरमू ईदगाह में सबसे लेट दिन में 9:30 बजे नमाज पढ़ने पहुंचते हैं। उन्होंने कहा, ईदगाह के अंदर जितने नमाजी नमाज पढ़ते हैं, वे बाहर में नमाज पढ़ने वालों का सिर्फ 10 प्रतिशत होता है। ईदगाह के बाहर किशोरगंज चौक से गौशाला चौक तक नमाजी नमाज पढ़ेंगे। वहीं, सैयाज वारसी ने कहा, सोमवार को ईद मनाया जाएगा। इसकी पूरी तयारी कर ली गई है। प्रशासन और सरकार का पूरा सहयोग मिलता है। इससे विधि व्यवस्था कायम रहती है। वहीं, उन्होंने कहा कि ईद के बाद सरहुल और रामनवमी है। सारे त्यौहार शांति और सौहार्द से मनाएंगे।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज कल




# देश की आन, बान व शान हैं वीर सावरकर : अन्नपूर्णा




**केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली में सावरकर पर पुस्तक का किया विमोचन**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रविवार को अपने दिल्ली स्थित आवास पर महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की स्मृति में बीएसएनएल के एक पूर्व अधिकारी संजय सिन्हा की लिखित पुस्तक का विमोचन किया। यह आयोजन चैत्र नवरात्र और हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के मौके पर किया गया था। अन्नपूर्णा देवी ने अपने संसदीय क्षेत्र कोडरमा से आए गण्यमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया था। पुस्तक विमोचन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा, वीर सावरकर हमारे देश की आन, बान और शान हैं। उन्हें जितना याद किया जाए, उतना कम है। तमाम यातनाओं को सहते हुए उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। वह महान स्वतंत्रता सेनानी हैं, जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। इस पुस्तक के माध्यम से उनके संघर्ष और बलिदान को सामने लाने की कोशिश की गई है। हाल ही में राणा सांगा को लेकर हुए विवाद पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा, जो लोग इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। देश में शहीदों का सम्मान होना चाहिए। इस तरह की बयानबाजी सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए की जा रही है। इसके साथ ही अन्नपूर्णा देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय के दौरे पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नागपुर जाकर आरएसएस से जुड़े लोगों को नमन किया। यह हमारे लिए गर्व की बात है।

### बेंगलुरु-कामाख्या एक्स. कटक में दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक जिले के निरगुंडी पैसेंजर हाल्ट (पीएच) के पास रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस एक्सप्रेस ट्रेन के 11 एसी कोच पटरी से नीचे उतर गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कुछ यात्री घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कटक के जिलाधिकारी ने एक मौत की पुष्टि की है। यह ट्रेन बेंगलुरु से कामाख्या जा रही थी। पूर्वी तटीय रेलवे ने जानकारी और सहायता के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। दुर्घटना में घायल कुछ लोगों को कटक स्थित एससीबी मेडिकल कालेज व अस्पताल पहुंचाया गया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस दुर्घटना पर चिंता जताई है। पूर्वी तटीय रेलवे ने जानकारी और सहायता के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्वा सरमा ने कहा कि ओडिशा में हुई रेल दुर्घटना के बाद उनका कार्यालय ओडिशा सरकार के संपर्क में है। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं ओडिशा में 12551 कामाख्या एक्सप्रेस से जुड़ी घटना से अवगत हूं। असम मुख्यमंत्री कार्यालय ओडिशा सरकार और रेलवे के संपर्क में है।



PR No. 349421 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 2024-25

### पीएम मोदी ने रखी संघ के माधव नेत्रालय के एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला, कहा-

# भारत की अमर संस्कृति का अक्षयवट है आरएसएस



**आरएसएस मुख्यालय आने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं नरेंद्र मोदी**

**नागपुर (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर में मंच से कहा कि राष्ट्रीय सेवक संघ आधुनिक भारत का अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुख्यालय पहुंचे। थे। वे दिन में 09:00 बजे से दिन में 01:00 बजे तक यहां रहे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जो आरएसएस मुख्यालय आए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने संघ के माधव नेत्रालय के एक्सटेंशन बिल्डिंग की भी आधारशिला रखी। मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रमुख मोहन भागवत भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरएसएस की तारीफ करते हुए कहा, हमारा शरीर परोपकार और सेवा के लिए ही है। जब सेवा संस्कार बन जाती है, तो साधना बन जाती है। यही साधना हर स्वयंसेवक की प्राणवायु होती है। यह सेवा संस्कार, यह साधना, यह प्राणवायु, पीढ़ी दर पीढ़ी हर स्वयंसेवक को तप और तपस्या के लिए प्रेरित करती है। उसे न थकने देती है, और न ही रुकने देती है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे संतों ने हमारी राष्ट्रीय चेतना को एक नई ऊर्जा दी। स्वामी विवेकानंद ने निराशा में डूब रहे समाज को झकझोरा और आशा का संचार किया। गुलामी के कालखंड में डॉक्टर साहब और गुरुजी ने नया विचार दिया। आज महान वटवृक्ष के रूप में आरएसएस दुनिया के सामने है। ये कोई साधारण वटवृक्ष नहीं, बल्कि भारत की अमर संस्कृति का अक्षयवट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, आरएसएस भी एक ऐसा संस्कार यज्ञ है, जो अंतर्दृष्टि और बाह्यदृष्टि दोनों के लिए काम कर रहा है। बाह्य दृष्टि ने माधव नेत्रालय को जन्म दिया है, तो अंतदृष्टि ने संघ को सेवा का प्रयाय बना दिया है।

### पूरी दुनिया में गूंज रही भारत की वसुधैव कुटुंबकम की भावना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वसुधैव कुटुंबकम का भाव समझाया। उन्होंने कहा, 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना, जिसका अर्थ है 'पूरी दुनिया एक परिवार है', अब पूरी दुनिया में गूंज रही है। यह हमारे कार्यों से प्रमाणित हो रहा है। जब कोविड-19 ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया, तो भारत ने वैश्विक समुदाय को अपना परिवार मानते हुए जरूरतमंदों को टीके उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए। हाल ही में म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने सबसे पहले 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के जरिए राहत सामग्री भेजी। तुर्की तथा नेपाल को भी मदद दी थी। मालदीव के जल संकट के दौरान भी भारत ने अपना समर्थन प्रदान किया। संकट के समय में भारत ने अन्य देशों से अपने नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया को भी सफलतापूर्वक संचालित किया।

## एक नजर

### श्री दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना के साथ नवरात्र प्रारंभ

**नीलांबर पीतांबरपुर।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन मनातू प्रखंड के पदमा बाजार श्री दुर्गा मंदिर में भारी संख्या में महिला पुरुष ने कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र जयकारों से गुंजायमान रहा।कलश यात्रा सूर्य मंदिर तालाब से पावन जल लेकर श्री दुर्गा मंदिर पहुंची जहां आचार्य पुरोहितों के द्वारा विधिविधान से देवी-देवताओं की मूर्ति पूजा पाठ कर कलश स्थापित की गई। मुख्य अतिथि समाजसेवी रामदास साहू व उनके धर्मपत्नी कुलवंती देवी सहित दर्जनों महिला पुरुषों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। मौके पर मुख्य जजमान बृजेश कुमार, संतोषी सिंह, राजा गुप्ता सहित कई महिला पुरुष इस कार्यक्रम में शामिल थे।

### बचपन प्ले स्कूल का उद्घाटन

**हुसैनाबाद।** शहर के कपूरीं मैदान के समीप रविवार को शकुंतला फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित बचपन प्ले स्कूल का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन जिप सदस्य आलोक कुमार सिंह,पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह,पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम,डॉ. बिनय कुमार, मुन्नू सिंह,अजय गुप्ता, भुनेश सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि इस तरह के शिक्षण संस्थान खुलने से क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक माहौल कायम होगा। हुसैनाबाद में बचपन का ब्रांच खुलना गौरव की बात है। प्रबंधन अच्छी शिक्षण देने की दिशा मे बेहतर कार्य करें। बचपन के सोनू राठौर ने कहा कि विद्यालय में सीमित संख्या में बच्चों की नामांकन की जाएगी। मौके पर एसबीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संजय कुमार सिंह, रंजीव सिंह, कंचन सिंह,रवि गुप्ता,गुनगुन सिंह,राजीव कुमार सिंह उर्फ डबलू सिंह,अश्विनी सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### सनातन धर्म में है शांति व जनकल्याण की भावनाः रामदास

**नीलांबर पीतांबरपुर।** विश्व शांति और जनकल्याण की भावना के साथ अपने मातृभूमि भारत देश लिए और अपने धर्म, संस्कृति की पहचान सनातन धर्म में निहित है। अपनी पहचान को बनाए रखने के लिए हम सभी को सनातन धर्म के प्रति आस्थावान होना होगा। उक्त बातें समाज सेवी रामदास साहू ने अपने पदमा आवास पर सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के द्वारा सम्मान समारोह के मौके पर बोल रहे थे। मौके पर सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि वैदिक सनातनी संस्कृति के मूल्यों को सभी समाज में स्थापित किया जाना चाहिए।

# मानस महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, जयकारे से वातावरण गुंजायमान रहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां गांव के शिव मंदिर में आयोजित श्रीराम चरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ को लेकर रविवार की सुबह गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य यजमान विपिन बिहारी सिंह मंटू सपत्नीक सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल थे। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु के जय श्रीराम, जय माता दी, हर हर महादेव के जयकारे से वातावरण गुंजायमान होता रहा। इसमें शामिल श्रद्धालुओं ने महायज्ञ स्थल से गांव के देवी मंदिर में माथा टेकते मेन रोड होते हुए काशीस्त्रोत-कोयल नदी संगम



पर पहुंचे। वहां विद्वान आचार्य पंडित दयाशंकर तिवारी, ध्रुव पांडेय, आचार्य सुरेश पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरी की रस्म अदायगी पूरी कराई। कलश में पवित्र जल भरकर श्रद्धालू पुनः शिव मंदिर में पहुंचे और महायज्ञ स्थल पर कलश स्थापित किया। तत्पश्चात विद्वान पंडितों ने मंडप प्रवेश के साथ मंत्रोच्चारण व पूजा-अर्चना के बाद महायज्ञ का शुभारंभ कराया। कलश शोभायात्रा में महायज्ञ के आचार्य, यजमान और विद्वानों के साथ यज्ञ समिति के कामेश्वर सिंह, कामता प्रसाद,पप्पू प्रजापति, सीबी रमण सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, राकेश कुमार सिंह, रामरेखा मेहता, अनिल मेहता, रामबालक गुप्ता, मनोज सिंह, लल्लू विश्वकर्मा, मनीष सिंह, उदय सिंह और रामसुंदर मेहता सहित हजारों की संख्या में हर वय के नर-नारी शामिल थे। कलश स्थापना के साथ ही बक्सर से पधारे आचार्य पंडित दयाशंकर तिवारी, व्यास बच्चा तिवारी, त्यागीनाथ तिवारी, रामेश्वरनाथ तिवारी, संजीव उपाध्याय, हरेन्द्र उपाध्याय और राजू श्रीवास्तव के मुखारविंद से मानस पाठ भी जारी हो गया है। महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर ग्रामीणों में आस्था और उमंग नजर आती है।

## असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर



**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** सरहुल, रामनवमी, ईद को लेकर रविवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी अमित कुमार व प्रखंड विकास पदाधिकारी राम नारायण खलको की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक गाइड लाइन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्र से अश्लील गाना बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। संबंधित कमेटी के सहायता कर्मी का पहचान पत्र की प्रविष्टि अनिवार्य होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी राम नारायण खलको ने कहा कि रामनवमी के दिन सुबह से रात्रि 8 बजे तक सड़कों पर हाइवा का परिचालन बंद रहेगा। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनाए जाने का भरोसा जताया। बैठक में अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए ठोस कदम उठाने को लेकर प्रशासन ने लोगो को आश्वस्त किया।

### श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली

**उंटारी रोड़।** रामनवमी पूजा कमेटी द्वारा चैत्र नवरात्र पर राम कथा को लेकर विश्रामपुर नंप मुख्यालय में रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। कलश शोभा यात्रा की शुरूआत विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर से हुआ। शोभा यात्रा को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंश उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्य रूप से थाना प्रभारी सौरभ चौबे,कथावाचिका साध्वी आरती शास्त्री, समाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, समाजसेवी विजय पांडेय, संत पॉल के निदेशसक एसएम एस्ले, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम कुमार रवि, राजन पांडेय,सुनील कुमार चौधरी, राजेश मार्शल सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुये।

## विहंगम योग संत समाज ने निकाली भव्य स्वर्वेद शोभा यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के छतरपुर प्रखंड इकाई के तत्वाधान में स्वर्वेद शोभा यात्रा छतरपुर के जपला रोड से रविवार को निकाली गई। शोभा यात्रा में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में सद्गुरु का जयघोष गूंजता रहा।सभी लोग परी मैरेज हॉल के पास एकत्रित हुए और सद्गुरु की पूजा करने के बाद शोभा यात्रा में आगे बढ़े। भजन, कीर्तन व जयकारा के साथ जपला रोड स्थित परी मैरेज हॉल के सामने से गौलक्ष्मी शिव मन्दिर होते हुए नाग बाबा गौलक्ष्मी पहुंची। यहां कुछ देर रुक कर सद्गुरु का उद्घोष किया गया। यहां से मेन रोड होते हुए ब्लॉक गेट तक जाकर पुनः वापस पहुंची। इसके बाद वहां पर सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आरती, वंदना, शांति पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। जिला परामर्शक गिरजा प्रसाद सिंह, जिला संयोजक बनारसी प्रसाद यादव ने कहा कि विहंगम योग ऋषि विद्या



ज्ञान का वह श्रोत है, जिसके ज्ञानार्जन के बाद संसारिक ज्ञान से लेकर अध्यात्मिक ज्ञान से वास्तव में मनुष्य एक मानव की भूमिका में आ जाता है। स्वर्वेद महाग्रंथ की विशेषता है कि इसके वाचन, अनुशीलन मात्र से व्यक्ति संसार से विमुख होकर अंदर की यात्रा का अनुभव सहज ही प्राप्त करता है। श्रद्धालुओं ने अद्वितीय आध्यात्मिक सदग्रंथ स्वर्वेद की झांकी को लेकर पूरे बाजार में भ्रमण किया। शोभायात्रा के दौरान संत समाज के लोगों द्वारा स्वर्वेद व विहंगम योग के सिद्धांत के बारे में भी छतरपुर वासियों को जानकारी दी। यहां मुख्य रूप से समाज सेवी अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने कहा कि विहंगम योग ऋषि विद्या ज्ञान का वह श्रोत है। मौके पर चंदन कुमार सिंह, राज्य के स्वर्वेद प्रभारी अजय कुमार यादव,जिला सह संयोजक महेंद्र यादव,प्रचारक डॉ. रामरेश यादव, जिला स्वर्वेद प्रभारी कुबेर प्रसाद गुप्ता, जिला उपदेष्टा बृजमला देवी, महिला प्रभारी कुसुम देवी,प्रखण्ड प्रभारी सत्यनारायण प्रसाद, प्रखंड युवा प्रभारी मुना कुमार यादव, युवा समाज कल्याण प्रभारी सह मीडिया प्रभारी मनोहर यादव, वित्त प्रभारी सुजीत कुमार, डॉ बचन यादव, काशी प्रसाद,बालदेव यादव, लवकुश यादव, चंदन कुमार, कुंदन कुमार, राजू सिंह, पवन गुप्ता, दिनेश यादव, सत्येंद्र यादव,महेश यादव, रमेश सिंह, इंदल यादव, प्रेम गुप्ता, रेखा ,मीना ,नितु,सहित सैकड़ो गुरु भाई बहन आदि मौजूद थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल घोषित

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के सतगावां स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सत्र 2024-25 का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। वंदना सभा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद, परीक्षा प्रमुख हंसराज गुप्ता व भैया बहनों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। परीक्षा प्रमुख ने परीक्षा फल प्रस्तुत करते हुए कहा कि सभी भैया बहन प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। कक्षा अरुण से लेकर 9 तक के परीक्षा फल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। कक्षा षष्ठम की पापिया कुमारी ने 900 में 809 अंक(90%) लाकर विद्यालय टॉपर रही। पूरे सत्र में 234 दिन कक्षा चली जिसमें सर्वाधिक उपस्थिति 227 दिन कक्षा प्रवेश के भैया नीलेश कुमार उपस्थित रहे, जिन्हें मोमेंटो देखकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम करें सफलता अवश्य मिलेगी।

## खपरैल घर में आग लगने से लाखों की संपति जलकर खाक

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी शंभू राम के घर में रविवार को अचानक आग लग जाने से खपरैल घर सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य बाहर पेड़ के नीचे बैठे थे। अगलगी की घटना कैसे हुई स्पष्ट नहीं हुआ है। इसे शॉर्ट सर्किट से भी होना बताया जा रहा है। पीड़ित परिवार द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को दी गई है। पीड़ित शंभू राम ने बताया कि अपने दो अन्य भाइयों के साथ एक अप्रैल घर में रहते हैं। आंगन में अरहर सहित अन्य फसल भी



रखे हुए थे। गर्मी के कारण सभी परिवार घर के बाहर एक पेड़ के नीचे बैठे हुए थे। अचानक घर से धुआं निकलते हुए दिखाई पड़ा। कुछ समझ पाते तब तक आग पूरे घर को अपने चपेट में ले चुका था। बताया कि परिवार के सदस्यों सहित स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाने का हर संभव प्रयास किया गया। लेकिन तब तक घर का खपरैल छत, आंगन में रखे फसल व घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। पूरा परिवार अत्यंत गरीब वर्ग से आते हैं।

### नवाह्न यज्ञ कलश स्थापना के साथ शुरू

**हुसैनाबाद।** श्री महावीर जी भवन परिषर में होने वाले चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति के नेतृत्व मे होने संगीत मय नवाह्न यज्ञ का कलश स्थापना के साथ रविवार से शुरू कर दिया गया। अयोध्या धाम से आए आचार्य श्री गोरखनाथ पांडेय एंव उनके सहयोगी राकेश मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चार के बीच इसके यजमान घनश्याम प्रसाद गुप्ता उनकी व पत्नी बबिता देवी के द्वारा कलश स्थापना कर सुबह 7:00 बजे शुरुआत किया गया । साथ ही 11:00 बजे से श्री रामचरित मानस पाठ कि शुरुआत व्यास एवं आचार्य श्री लक्ष्मण पांडेय व उनके सहयोगी अनुराग ,कमल नयन , पुष्कर पांडेय, अभय पांडेय, एवं कमल नयन के द्वारा किया गया। पाठ शुरु होने से पहले सभी ब्राह्मण को तिलक लगाकर वस्त्रदान कर शुरुआत किया गया । यह यज्ञ रविवार से 6 अप्रैल तक अंवरत रूप से चलेगा पूर्णाहुति भवन एवं भंडारे के साथ समाप्त होगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष संजय सोनी, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, सह सचिव राजीव कुमार ठाकुर ,आर.एस.एस के जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप, उदयनाथ विश्वकर्मा ,मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक ,कृष्ण मुरारी अग्रवाल, संतोष गुप्ता , विनय शर्मा ,दिलीप भगत, जितेंद्र अग्रवाल , प्रदिप कश्यप रामभक्तगणों का सहयोग सराहनीय रहा।


## अजाप्टा शिक्षकों ने एमएसीपी की मांग को सदन में रखने पर विधायक का किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों को बिहार की तर्ज पर एमएसीपी देने की मांग को बजट सत्र में ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाये जाने और शिक्षा मंत्री के सकरात्मक उत्तर से हर्षित अजाप्टा के शिक्षकों ने राजद प्रदेश अध्यक्ष व हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव को उनके पुरंदर बिगहा स्थित आवास पर फूलमाला देकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। मालूम हो कि विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने सदन में मजबूती के साथ कहा कि झारखंड सरकार द्वारा प्रारंभिक शिक्षकों की प्रोन्नति नियमावली में बिहार सरकार की नियमावली को ही अंगीकृत किया गया है। बिहार सरकार ने अपने राज्य में पदस्थापित प्रारंभिक शिक्षकों को एमएसीपी की स्वीकृति प्रदान कर दी है। झारखंड राज्य में भी प्रभारी सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अध्यक्षता में वित्त और कार्मिक के अधिकारी के साथ शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों की बैठक भी हुई थी, जिसमें विभाग द्वारा शिक्षकों को एमएसीपी लागू करने से उत्पन्न अतिरिक्त भार भी आकलन कर लिया है। लेकिन अभी तक सरकार द्वारा प्रारंभिक शिक्षकों को एमएसीपी की स्वीकृति से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण कर संकल्प जारी नहीं किया गया है जिससे झारखंड में कार्यरत प्रारंभिक शिक्षकों को बिहार सरकार में कार्यरत शिक्षकों की तरह एमएसीपी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विभागीय रुटीन वर्क तहत जिलों में शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं मिल रही है। टाइम बाउंड प्रमोशन से भी वंचित है। इस मौके पर अजाप्टा जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे ,सोशल मीडिया प्रभारी पलामू प्रमंडल राजेश कुमार गुप्ता, चक्रवर्ती सिंह,सुरेंद्र प्रसाद, चंचल कुमार, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, कोषाध्यक्ष जितेंद्र राम,अंगद प्रसाद सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

### जेएनवी जपला में बाल सांसद का आयोजन

**हुसैनाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू 2 में भारत सरकार युवा व खेल मंत्रालय के तहत बाल सांसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नितिन पांडेय ने किया। मौके पर कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विद्यालय के प्राचार्य अशहर रोमी ,राजद प्रदेश महासचिव रवि यादव, किसान नेता कृष्णा बैठा आदि ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय के युवा बाल सांसदों ने विधिवत तरीके से भारतीय सांसद भवन सदन को संचालित कराया। कार्यक्रम के लोकसभा अध्यक्ष जैस्मीन प्रवीण, बेहतर संसदीय प्रणाली को संचालित के लिए पीएम अभय ठाकुर, प्रतिपक्ष नेता सचिन कुमार समेत सभी कैबिनेट के मंत्रिमंडल व सांसद सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई। संसदीय कार्य संचालन से पूर्व देश के सभी स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्रियो के लिए शोक व्यक्त किया। वहीं दर्शक दीर्घा में मुख्य अतिथि समेत स्कूल के शिक्षक कर्मी व स्कूल के बच्चों ने सांसदीय प्रणाली को ध्यान से सुना व समझा। विधायक ने कहा ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से देश के युवाओं में भारत की संसदीय प्रणाली को समझने व दर्शन करने का मौका मिलता हैं। साथ ही बच्चों में आत्मविश्वास के साथ देश व संविधान के प्रति चेतना जगृत होती हैं। विद्यार्थियों में समझने व नेतृत्व करने की क्षमता बढ़ता हैं। प्राचार्य अशहर रूमी ने कहा कि नवोदय इस क्षेत्र के मेधावी छात्रों के लिए 2009 अस्थाई भवन में संचालित हुई थी, लेकिन देश के प्रधानमंत्री व भारत के शिक्षा मंत्रालय से लगातार मिल रहे सहयोग से आज जपला के लंगरकोट में 3 जुलाई 2024 से स्थायी रूप से संचालित की जा रही हैं। अंत में स्पीकर के धन्यवाद के साथ कार्यवाही समापन हुआ। मौके पर राजेश्वर यादव,रवि यादव,पप्पू पटेल, स्कूल के शिक्षक में राणा तब्बसुम, आशमुनि प्रसाद, सुनील वर्मा, अभिषेक सिंह, शालिन तिग्गा, सुनील कुमार सहित सभी शिक्षक,शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



**चैत नवरात्र मेला**

## देवी धाम मंदिर से जुड़ी है लोगों की आस्था

# दोनों समुदाय के बीच आपसी सौहार्द्र की मिसाल है

**हैदरनगर।** चैत नवरात्र मेला पर स्थानीय प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवी मंदिर में स्थापित आपातकालीन नियंत्रण कक्ष सह कार्यालय में मौजूद मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष गुरुप्रताप साहिदेव, उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सचिव रामाश्रय सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बताया कि हैदरनगर देवी धाम मंदिर परिसर में सैकड़ों वर्ष पूर्व से ही मेला लगता आया है। इस मेले में बिहार, यूपी, हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा व पश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इनकी आस्था हैदरनगर के देवी मंदिर से जुड़ी है। हालांकि नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में पूरे नौ दिनों तक भूत मेला भी लगता है, जिसमें दूरदराज से नाना प्रकार के



रोंगों से पीड़ित आकर स्वस्थ होने की कामना में हवन कुंड के समक्ष नाचते झूमते हैं।

**1887 में एक हलवाई परिवार मेला आयोजन की परंपरा शुरू की :** स्थानीय चौक बाजार निवासी वयोवृद्ध धर्मप्रेमी व समाजसेवी सह कुंडलेश्वर महावीर मंदिर के संस्थापक पं. कुंडल तिवारी ने इस मंदिर की इतिहास पर बताया कि हैदरनगर देवी धाम के परिसर में मां शीतला देवी विराजमान हैं। औरंगाबाद (बिहार) के जम्होर से सन 1887 में एक हलवाई परिवार हैदरनगर पहुंचकर इस मंदिर परिसर में मेला आयोजन की परंपरा शुरू की। उन्होंने कहा कि जम्होर में भी काफी पहले ऐसा ही मेला लगता था। वहां का हलवाई परिवार ही भूत प्रेत भगाने का काम करता था। आज भी उन्हीं हलवाई परिवारों के कई समूह चीनी की रंग विरंगी मिठाइयां तैयार कर बतौर यहां प्रसाद बिक्री करते हैं।

### प्रेत बाधा से मिलती है मुक्ति

बिहार के भभुआ निवासी सनपति कुंवर, मानमति देवी, रामस्वरुप राम आदि ने कहा है कि उनका जत्था 10 वर्षों से लगातार यहां आ रहे हैं। वर्षों से उनका परिजन प्रेतबाधा से पीड़ित रहा है, जिससे मुक्ति के मन्नतें व पूजा अर्चना के बाद ठीक होने पर हर वर्ष पूजा के लिये इस मंदिर में आते हैं। मां देवी की पूजा अर्चना से उनका समस्त परिवार खुशहाल है। मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेन्द्र दास का कहना है कि मां देवी की पूजा अर्चना से सभी मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। हैदरनगर देवी धाम परिसर वैसे भी एकता और आपसी सौहार्द की मिसाल है। इस मंदिर के स्थापना काल से ही परिसर में जिन्न बाबा की मजार भी है। देवी मां की पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालु मजार पर फातेहा भी कराते हैं। इस मजार के मुजाविर आशिक अली बताते हैं कि यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग चादरपोशी के लिये आते हैं। यहां कोई भी मिष्ठान खाद्य सामग्री की ही फातेहा होती है।

### रामनवमी व ईद को लेकर प्रशासन मुस्तैद, टीओपी को मिली 11 नई मोटरसाइकिलें, सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

# शहर में ड्रोन से होगी निगरानी, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी और ईद को देखते हुए जिला प्रशासन और शहर थाना पूरी तरह से सतर्क है। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जामा मस्जिद को छोड़कर सभी मस्जिदों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि किस मस्जिद में कितने लोग एक साथ नमाज अदा कर सकते हैं। साथ ही, आसपास के घरों में जाकर लोगों की समस्याओं को भी सुना गया। प्रशासन की ओर से इस बार भी छोटी मस्जिद में नमाजियों के लिए सुशील मोदी कंपलेक्स उपलब्ध कराया गया है, ताकि गंगा-जमुनी तहजीब बनी रहे। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक पूरे शहर में ड्रोन के जरिए सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जाएगी।

प्रशासन का लक्ष्य शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखना है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**सुरक्षा के तहत अब तक की कार्रवाई**

- **125 लोगों पर धारा 107 के तहत कार्रवाई की गई है।**
- **5 लोगों को जिला बदर किया गया है।**
- **5 अन्य को थाना में हाजिर किया गया है।**

## सायरन और लाइट वाली बाइक से होगी शहर में पुलिस पेट्रोलिंग



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र में अब सायरन और लाइट से लैस बाइक के जरिए पुलिस पेट्रोलिंग करेगी। इससे गश्त के दौरान पुलिस को अधिक गति और सतर्कता के साथ काम करने में मदद मिलेगी। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सभी टीओपी को 11 नई मोटरसाइकिलें उपलब्ध कराई गई हैं। इन वाहनों को टीओपी-1 को 3, टीओपी-2 को 4 और टीओपी-3 को 4 बाइक दी गई हैं, ताकि सभी क्षेत्रों में सुचारू रूप से पेट्रोलिंग हो सके।

**बढ़ेगी सुरक्षा, अपराधों पर लगेगी रोक :** नई बाइक मिलने के बाद पुलिस की गश्त तेज और प्रभावी होगी। थाना प्रभारी ने कहा कि इन वाहनों के जरिए पुलिसकर्मी जल्दी से संवेदनशील और आपराधिक गतिविधियों वाले इलाकों तक पहुंच सकेंगे। पिछले कुछ समय में अपराध की घटनाओं को देखते हुए शहर में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। सायरन और लाइट से लैस इन मोटरसाइकिलों के जरिए गश्त करने से अपराधियों में भय बना रहेगा और आम नागरिकों को भी सुरक्षा का एहसास होगा। पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी टीओपी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से बाइक पेट्रोलिंग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें। इस पहल से शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## सदर एसडीएम की कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रशिक्षु आईएएस और सदर एसडीएम सुलोचना मीणा की ईमानदारी और कड़ी कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि एसडीएम द्वारा किए जा रहे अवैध बालू उत्खनन विरोधी अभियान की सराहना की जानी चाहिए। रविवार को नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक ने कहा कि कुछ बाहरी लोग पांकी विधानसभा क्षेत्र में बालू घाट को हिंसक स्थल बनाना चाहते हैं, जिसे किसी भी कीमत पर होने नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 25 मार्च की रात नावा बाजार, पाटन एवं पड़वा प्रखंड में बालू माफियाओं के बीच वर्चस्व की लड़ाई हुई थी, लेकिन कुछ लोगों ने इसमें एसडीएम का नाम घसीटने की कोशिश की, जो निंदनीय है। विधायक ने पुलिस प्रशासन से रात में हो रहे अवैध उत्खनन पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पांकी विधायक ने कहा कि यदि प्रशासन ने बालू के अवैध उत्खनन पर रोक नहीं लगाई, तो हम भाजपा कार्यकताओं के साथ बालू घाट पर उतरेंगे और इसे रोकने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र को लूट-खसोट का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सुनील कुशवाहा, मुखिया मंदीप मेहता, निर्मल मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाई नववर्ष प्रतिपदा

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नगर इकाई द्वारा नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर स्थानीय संस्कृत विद्यालय के प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवक संघ गणवेश में उपस्थित रहे और दंड प्रहार एवं योग-व्यायाम का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह सत्येंद्र सिंह ने बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नववर्ष प्रकृति के सापेक्ष है और हमें अपनी संस्कृति एवं धरोहरों पर गर्व महसूस करना चाहिए। इस अवसर पर सह जिला संघचालक श्याम किशोर सिंह, नगर संघचालक मनीष बरनवाल, झारखंड प्रांत सह संपर्क प्रमुख राजीव सिंह, अमित तिवारी, भाजपा महामंत्री मनोज सिंह, रोहित पाठक, सतीश तिवारी, श्वेतांक गर्ग, सूर्यकांत पासवान सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## भव्य शोभायात्रा के साथ मनाया गया भारतीय नव वर्ष

**● विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेतृत्व में शहर में निकली शोभायात्रा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर भारतीय नव वर्ष का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें दुर्गा वाहिनी समेत बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों ने भाग लिया।

शोभायात्रा में शामिल लोगों ने आपस में एक-दूसरे और नगरवासियों को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। यात्रा गीता भवन से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक, सत्तार सेठ चौक, कन्नी राम चौक, घास पट्टी, जय भवानी संघ मोड़, पंचमुहान, बंसी लोहा दुकान मोड़, देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद चौक होते हुए थाना रोड से पुनः गीता भवन पहुंचकर संपन्न हुई।

**राम जन्मोत्सव का आयोजन, श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर**

शोभायात्रा से पूर्व गीता भवन मंदिर परिसर में राम जन्मोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम के भजन और आरती की गई। दामोदर मिश्र ने भगवान श्रीराम के त्याग और समरसता की व्याख्या करते हुए उन्हें समरसता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर पूरे नगर में श्रीराम के जयकारों की गूंज सुनाई दी।

इस आयोजन में विहिप के पलामू जिला पालक दामोदर मिश्र, प्रांत साप्ताहिक मिलन सह प्रमुख कुमार गौरव, विभाग अध्यक्ष शिव प्रकाश, विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, अधिवक्ता अनामिका सिंह, लाला प्रसाद यादव, जिला मंत्री अमित तिवारी, पूर्व उप महापौर राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह), दुर्गा वाहिनी संयोजिका कामिनी सिंह, कनक सिंह, रूपा सिंह, शर्मिला वर्मा, विकास कुमार कश्यप, सुधाकर गोपाल कृष्ण तिवारी, पप्पू लाठ, सुरेश कुमार वर्मा, रवि तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भाजपा से लवली गुप्ता, आशीष भारद्वाज, आनंद चौरसिया, भोला अग्रवाल, अक्षोभ्य भैरव, देवराज शर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा सहित सैकड़ों सनातन धर्मावलंबियों ने शोभायात्रा में भाग लिया।

इस आयोजन से शहर में भारतीय संस्कृति और परंपरा का संदेश दिया गया और गंगा-जमुनी तहजीब के माहौल को बनाए रखने की अपील की गई।

## सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, नैतिक व सामाजिक शिक्षा भी जरूरी : किशोर

**■ एलबीएस पब्लिक स्कूल में भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शाहपुर डालटनगंज स्थित एलबीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, युवा नेता प्रशांत कुमार (बंकु), जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसमें प्रबंध निदेशक सदन प्रसाद गुप्ता, निदेशक सुझा गुप्ता, रीजनल डिप्टी डायरेक्टर (जियाडा) दीपमाला, चेयरमैन अभित आनंद, प्रधानाचार्य तनु श्रेष्ठ, डॉ. अनिल गुप्ता, नवलू उदयपुरिया सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इस वार्षिक उत्सव में एल. बी. एस. पब्लिक स्कूल नावाहाता और एल. बी. एस. इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा नर्सरी के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने 'बम बम बोले' गीत पर नृत्य किया, जबकि कक्षा के. जी. के बच्चों ने 'मेरे ढीम' गीत पर नृत्य कर माता-पिता के प्रति सम्मान प्रकट किया। कक्षा आठ के विद्यार्थियों ने बेटी बचाओ संदेश के साथ नाटक प्रस्तुत किया। इसके अलावा, कक्षा पाँच के छात्रों ने एक शैक्षणिक नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया कि बच्चों को शिक्षा को बोझ नहीं बल्कि एक अवसर के रूप में देखना चाहिए। इस प्रस्तुति के माध्यम से अभिभावकों और समाज को एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं होता, बल्कि यह बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनाने में भी मदद करता है। उन्होंने नैतिक और सामाजिक शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष सिंह, शिक्षिका अलका ढोड़पड़े, विनय कुमार, शीला सिंह, संगीता दुबे, रेखा कुमारी, सोनल प्रिया, कीर्ति कुमारी, आशुतोष पाठक, खुशी अग्रवाल, पूनम पांडे सहित अन्य शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

## आपसी जमीनी विवाद में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेडमा, वार्ड नंबर 17 निवासी विजय कुमार पांडेय और व्योमकेस तिवारी ने आपसी जमीनी विवाद को लेकर एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

विजय कुमार पांडेय ने शिकायत दर्ज कराई कि 29 मार्च की रात 8:30 बजे उनके पड़ोसी संध्या देवी, पिंकी देवी, रश्मि, सूर्या तिवारी, रिशु तिवारी और प्रियांशु तिवारी ने लाठी-डंडों और हथियारों के साथ उन पर और उनके पुत्र मृत्युंजय पांडेय पर हमला कर दिया। इस हमले के दौरान रिशु तिवारी और प्रियांशु तिवारी ने मृत्युंजय पांडेय की सोने की चेन भी छीन ली।

व्योमकेस तिवारी ने भी शहर थाना में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने विजय पांडेय, दीनबंधु पांडेय, मृत्युंजय पांडेय, पंकज तिवारी, विकास तिवारी, कामेश्वर तिवारी, रेखा पांडेय, धनंजय पांडेय, रवि शंकर शुक्ला सहित 30-40 अज्ञात लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि विवाद रास्ते को लेकर हुआ था, जिसमें जेसीबी मशीन से घर तोड़ने की कोशिश की गई और मारपीट के दौरान संध्या देवी का मंगलसूत्र भी छीन लिया गया।

शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

## इफ्तार पार्टी में दिखी सामाजिक एकता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार को नई मुहल्ला स्थित आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव व झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार के आवास पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता कोमल कुमार अंकू द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिंदू-मुस्लिम एकता की परंपरा को कायम रखते हुए सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं। रमजान के अंतिम दिनों में हर्षोल्लास के साथ आयोजित इस इफ्तार पार्टी में बड़ी संख्या में सभी समुदायों के लोग शामिल हुए।

## विहंगम योग संस्थान ने निकाली स्वर्वेद शोभायात्रा

**■ भारतीय नववर्ष पर आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की मेदिनीनगर इकाई द्वारा भारतीय नववर्ष के अवसर पर रविवार को भव्य स्वर्वेद शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा स्थानीय स्टेशन रोड से शुरू हुई, जिसमें बाजे-गाजे के साथ भक्तजन शामिल हुए। एक सुसज्जित वाहन पर सदगुरु देव की तस्वीर सजाई गई, जबकि भक्तजन 'अ' अंकित श्वेत ध्वजा लिए और सिर पर सद्ग्रंथ स्वर्वेद रखे यात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा शहीद चौक, कचहरी परिसर, जेलहाता चौक, एडीबी बैंक चौक, डॉ. अरुण शुक्ला आवास रोड, साहित्य समाज चौक, शहीद भगत सिंह चौक, कन्नी राम चौक, आढ़त रोड, जिला स्कूल चौक, प्रधान डाकघर रोड, सुभाष चौक, नावाटोली गुरुद्वारा चौक, डीडीसी आवास रोड, आरसी चर्च होते हुए वापस स्थान पर संपन्न हुई। समापन के बाद सदगुरु देव की आरती और शांति पाठ किया गया।

**स्वर्वेद–विश्व शांति और आध्यात्मिकता का संदेश**

शोभायात्रा का नेतृत्व विहंगम योग संस्थान के प्रदेश महामंत्री ललित कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय नववर्ष के अवसर पर पूरे भारत में स्वर्वेद शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। महर्षि सदाफल देव जी महाराज ने 17 वर्षों की गहन तपस्या के बाद 'स्वर्वेद' की रचना की, जो आध्यात्मिकता और तत्त्वज्ञान से परिपूर्ण एक अमूल्य कृति है। नंदलाल पासवान ने कहा कि स्वर्वेद विश्व शांति और कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है और इसके सिद्धांतों को अपनाने से व्यक्ति के भीतर मानवीय गुणों का विकास होता है। प्रधान संयोजक भानु प्रताप देव ने कहा कि विहंगम योग की साधना से जीवन का सर्वांगीण विकास और परमात्मा की प्राप्ति संभव है। शोभायात्रा के समापन के बाद भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर रविंद्र श्रीवास्तव, बबलू पाठक, राजेंद्र प्रसाद अरोड़ा, विशुनदेव मेहता, शंभु, रमेश, ओमप्रकाश तिवारी, शुभम, अभिषेक, विश्व विजय, रवि, सौगंध, मनोज ठाकुर, दुखन राम, राजगीर पासवान, शांति पांडेय, योगमाया तिवारी, सविता पाठक, गीता प्रसाद, सुशीला सिंह, रंजना सिंह, उजाला उपाध्याय, निर्मला, गायत्री समेत कई महिला एवं पुरुष भक्तजन शामिल हुए।

## रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर रविवार को पंचमुखी हनुमान मंदिर, बारालोटा में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता गोविंद तिवारी ने की। बैठक में रामनवमी पूजा की तैयारियों पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि 2 अप्रैल को मंगल जुलूस निकाला जाएगा। साथ ही, 5 अप्रैल को 12 घंटे का अखंड कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा श्री रामनवमी झंडा जुलूस का रूट चार्ट भी निर्धारित किया गया। बैठक में मीडिया प्रभारी सह संचालक रविन्द्र कुमार तिवारी, संरक्षक अरुण तिवारी (अक्लू तिवारी), सत्य प्रकाश तिवारी, गिरेन्द्र तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, मंदिर के पुजारी विशु तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर किया भव्य व दिव्य आरती कार्यक्रम

# भगवान भास्कर की आरती से जीवन में आता है सकारात्मक संचार : प्रियरंजन पाठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संवत 2082 के पावन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा मंच, पलामू के तत्वाधान में मेदिनीनगर स्थित छमुहान पर 221 दीप प्रज्वलित कर भव्य आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगोली से सजावट की गई और सूर्योदय होते ही भगवान भास्कर की आरती उतारी गई।



राष्ट्रीय सेवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष प्रियरंजन पाठक ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का विशेष महत्व है। इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, और इसी माह में प्रकृति नवजीवन प्राप्त करती है। भारतीय पंचांग भी पांच अंगों (तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण) के मेल से बनता है। यह दिन प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक, भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार और माँ दुर्गा की आराधना के प्रारंभ का भी प्रतीक है। इस अवसर पर एमबीडी पब्लिक स्कूल, जेलहाता की छात्राओं–अर्पिता कुमारी, खुशी कुमारी, नेहा कुमारी, रिया कुमारी, सानिया कुमारी, नंदनी कुमारी, खुशी शर्मा, रिया गुप्ता, साक्षी कुमारी, प्रीति कुमारी–तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की श्रेष्ठा वर्णवाल, आस्था वर्णवाल और खुशी सिंह ने भगवान भास्कर व प्रभु श्रीराम के भजन व दिव्य आरती का गायन किया। हारमोनियम पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के संगीत आचार्य अंजनी आचार्य संगत कर रहे थे, जबकि तबला संगत आयुष सिंह और उन्मुक्त सिंह ने की। आरती के उपरांत छात्र-छात्राओं और आगंतुकों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। रंगोली सजावट में अर्पिता कुमारी और संध्या शेखर ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष प्रियरंजन पाठक, पलामू जिला अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, सचिव प्रेम प्रकाश दुबे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, सदस्य घनश्याम ठाकुर, अनिल ठाकुर, सत्येंद्र कुमार, विजयानंद पाठक, सुनील कुमार मिश्र, बृजेश शुक्ला, पूर्व जिला परिषद सदस्य लवली गुप्ता, मानस मिश्रा, मानसी मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, राकेश कुमार, मनीष वर्णवाल, पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, अमिताभ मिश्रा, सुनीता देवी और सोनाली कुमारी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

## दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र प्रारंभ

**हरिहरगंज।** मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में रविवार को कलश स्थापना के साथ ही वासंतिक नवरात्र समारोह प्रारंभ हो गया। इससे पहले गाजा-बाजा के साथ जलयात्रा निकाली गई,जो मेन बाजार, झंडा चौक, मेन रोड से होते हुए बटाने नदी पहुंची। वहां पंडित धनंजय मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया । बाद में मां नवदुर्गा की उपासना के लिए मंदिर में कलश को स्थापित किया गया। वही श्रीदुर्गा सप्तशति का नवाह पाठ श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरूष भक्त मंदिर में मौजूद रहे। समारोह को लेकर मंदिर व परिसर की सुंदर सजावट की गई है। जल यात्रा में मुख्य यजमान राजेश कुमार, बल्लू बलराम, सोनू जायसवाल, दिलीप स्वर्णकार,रामजी सिंह, दिलीप कुमार बब्लू, पवन कुमार, रामदुलारे विश्वकर्मा,तुषार कुमार, सीताराम कुमार, निरंजन प्रसाद, उदय कुमार, संजीव कुमार, करण राजवीर, अमित कुमार, साकेत कुमार, राजेश शौंडिक, रविंद्र पासवान, रिंकी देवी, फूलवती देवी, यशोदा देवी, किरण देवी, फूलकुमारी देवी, अमरदीप सहित कई महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में रविवार को चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ कलश स्थापना के साथ हुआ। इस अवसर पर मां शैलपुत्री की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मिट्टी में जौ डालकर कलश स्थापित किया और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी का आह्वान किया।

शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में पुरोहितों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई और स्तुति पाठ व आरती का आयोजन किया गया। घरों में भी दुर्गा सप्तशती, कील, कवच और अर्गला का पाठ प्रारंभ हुआ, साथ ही श्रद्धालुओं ने दुर्गा चालीसा, रामचरितमानस और सुंदरकांड का पाठ भी किया।

इस बार चैत्र नवरात्रि कई दुर्लभ संयोगों के साथ प्रारंभ हुई। पंचांग के अनुसार सर्वार्थ सिद्धि, ऐंद्र योग, शुक्रादित्य योग, बुद्धादित्य योग और लक्ष्मी-नारायण योग का संयोग बना है। मान्यता है कि इन योगों में पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि और सफलता प्राप्त होती है। नवरात्रि के समापन पर महानवमी के दिन हवन और पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।

## एक नजर

### पुलिस ने आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**मझीआंव।** थाना क्षेत्र के पुरहे गांव में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया। यह इश्तेहार संजय कुमार पासवान उर्फ संजन पासवान, पिता सुरेंद्र पासवान के घर पर चिपकाया गया। संजय कुमार पासवान समेत चार लोग पिछले साल 2023 में एक महिला की ससुराल में जच्चा-बच्चा के इलाज के दौरान मौत होने के मामले में नामजद हैं। एसआई संजय कुमार ने सशस्त्र पुलिस बल के साथ संबंधित घर पर जाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाया।

### चैत्र नवरात्र के साथ ही भक्तिमय हुआ वातावरण

**डंडई।** कलश स्थापना के साथ रविवार से प्रखंड क्षेत्र में चैत्र नवरात्र का पर्व शुरू हो गया। पर्व की शुरू होते ही प्रखंड का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है । क्षेत्र के लगभग सभी ध्वनि विस्तारक यंत्रों में सिर्फ माता रानी की ही गीत सुनाई पड़ रही है। कई स्थानों पर नवाह पारायण का पाठ, मां दुर्गा की विधि विधान के साथ सभी रूपों का पूजा अर्चना शुरू हो गया। डंडई के सियाराम जानकी मंदिर में मंत्रोंच्चारण के साथ नवाह पारायण का पाठ शुरू हो गया। गांव की सड़कों को महावीरी झंडो से पाट दिया गया है। इससे पहले मंदिर की विशेष रूप से रंग रोगन के साथ साफ सफाई का कार्य भी किया गया। नवरात्र के प्रथम दीन मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना को लेकर ग्रामीणों के बीच काफी उत्साह रहा। शुभ मुहूर्त के अनुसार अपने-अपने घरों में माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना करने का काम किया गया।

### बलिगढ़ में चैता दोगोला 4 अप्रैल को

**केतार।** बलिगढ़ पंचायत में सामाजिक संगठन युवा शक्ति परिषद की बैठक मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। उक्त बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी रामनवमी के शुभ अवसर पर चैता दुगोला कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया। युवा शक्ति परिषद के अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि युवा शक्ति परिषद के सदस्यों द्वारा हर वर्ष चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस बार 4 अप्रैल की रात्रि में अजानिया मोड़ के पास झारखंड बनाम उत्तर प्रदेश के बीच व्यास के द्वारा यह कार्यक्रम कराया जाएगा। मुख्य अतिथि भवनाथपुर विधानसभा के विधायक आनंद प्रताप देव होंगे। मौके पर उपस्थित युवा शक्ति परिषद के सचिव छोटन कुमार सिंह कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रसाद, मनीष कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रमेश राम व्यवस्थापक रवि शंकर गुप्ता, नेमचंद शाह सहित काफी लोगों उपस्थित थे।

### पीएम के मन की बात सुनी

**कांडी।** भाजपा मंडल इकाई ने पीएम नरेंद्र मोदी की 120 वां एपिसोड को लोगों ने सुना। भाजपा कांडी मंडल अध्यक्ष शशिरंजन दुबे ने बताया कि मंडल के लगभग छः बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को भाजपाइयों ने सुना और लोगों को सुनाया।उन्होंने बताया कि बूथ संख्या 20 बलियारी,बूथ 9 शिवरी,बूथ 34 व 35 पतीला,बूथ 37 रामबांध पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य रामलला दुबे, सुरेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, वीणा देवी, शीला देवी, रामचंद्र राम, प्यारे पासवान, राम प्रसाद राम सहित कई लोगों ने इस कार्यक्रम को सुना।

### जिला परिषद सदस्य के पिता का निधन, शोक

**धुरकी।** जिला परिषद सदस्य सुनिता कुमारी के पिता त्रिवेणी कोरवा का आकस्मिक निधन रविवार को ग्राम परासपानी में हो गया। त्रिवेणी कोरवा की 65 वर्ष थी। वह कई माह से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर भाजपा नेता इंद्रमणि जायसवाल, संतोष जायसवाल, दामोदर जायसवाल, मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान, साबिर अंसारी, इसराइल खान, धीरेंद्र यादव ने दुख किया है।

# 508 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई 128 के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी

**विधि व्यवस्था बेहतर रखने के लिए की गई है कार्रवाई : एसडीएम**



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हाल के दिनों में एसडीएम संजय कुमार के न्यायालय से 508 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई (प्रीवेंटिव एक्शन) किया गया है। इन सभी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 के तहत नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि इनमें से 128 से अधिक लोग ऐसे हैं, जिनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। चूंकि निरोधात्मक कार्रवाई जारी है। इसलिए यह संख्या अगले एक दो दिन में और भी बढ़ेगी। अब तक अनुमंडल क्षेत्र के सातों थाना क्षेत्रों के जिन 508 लोगों के ऊपर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है, उनमें से सबसे ज्यादा मेराल से 188 व गढ़वा थाना से 111 लोग शामिल हैं। विभिन्न थाना क्षेत्र के थाना प्रभारियों व पुलिस निरीक्षकों से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में सीआरपीसी की धारा 107 (अब बीएनएसएस की धारा 126) के तहत नोटिस जारी किए जाते हैं। जो लोग नोटिस के आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखते हुए बंधनामा नहीं भरते हैं, उनके विरुद्ध गिरफ्तारी का वारंट भी नियमानुसार जारी किया जाता है। इस सिलसिले में 30 मार्च तक कुल 508 लोगों को नोटिस तथा 128 लोगों को वारंट जारी किया जा चुका है। ईद, रामनवमी एवं अन्य त्योहारों को देखते हुए एहतियात के तौर पर उक्त कार्रवाई की गई है। बताया गया कि उक्त कार्रवाई जारी रहेगी। अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि बीते होली के पर्व, आगामी ईद, सरहुल व रामनवमी को देखते हुए क्षेत्र की विधि व्यवस्था बेहतर रखने के लिए उक्त निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। हाल ही में अनुमंडल क्षेत्र के सभी पुलिस पदाधिकारीयों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह आदतन अराजक तत्वों व संभावित उपद्रवियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की अनुशंसा करें। बताया गया कि जो विवादित यूट्यूब चैनल या व्हाट्सएप, फेसबुक ग्रुप हैं जिनका उद्देश्य ही खुराफात करना है वैसे चैनलों व व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन के विरुद्ध भी नोटिस, गिरफ्तारी वारंट किए जाने हैं।

### आपसी मारपीट में दो घायल

**रंका।** प्रखंड के बाहाहारा पंचायत के गासेदाग गांव में महुआ चुनने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में दोनों पक्ष से एक एक लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार बाहाहारा पंचायत के गासेदाग के ग्रामीण महिला हैवंती देवी, महुआ चुन रही थी। उसी गांव निवासी मनोज प्रसाद, हेवनती देवी को महुआ चुनते देखा। गोतिया में चाचा बिहारी साव,बेटा सेठा साव, पत्नी विनदा देवी ने हंसुआ व लाठी डंडा से मार कर घायल कर दिया। घायलों को 108 एम्बुलेंस से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां पर चिकित्सक गोरखनाथ पांडेय प्राथमिक उपचार करने के बाद हेवनती देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। मनोज प्रसाद का इलाज रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है।

## हाथी ने ग्रामीण का घर किया क्षतिग्रस्त



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** वन क्षेत्र के विंदा गांव में शनिवार रात हाथी ने एक घर को ध्वस्त कर दिया। हाथियों के इस उत्पात से गांव में दहशत का माहौल है। बता दें कि हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों ने किशुन लोहरा का घर क्षतिग्रस्त कर सारा धान को चट कर गया। हाथियों को रोकने के लिए वन विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बार-बार हाथियों के हमले से ग्रामीणों की जान और संपत्ति दोनों को खतरा बना हुआ है ।ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से अपील की है कि हाथियों को भगाने के लिए तत्काल कारगर उपाय किए जाएं। समय रहते इन घटनाओं को रोक लगाने की जरूरत है। वन विभाग और प्रशासन को इस समस्या का स्थायी समाधान निकालना चाहिए। अगर समय रहते सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

## कुंआ से मिला युवक का शव

**घटना स्थल से शराब की बोतल, कुएं का पानी जांच के लिए लिया**



नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के लखेया गांव में एक युवक का शव संदिग्ध स्थिति में कुएं से मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान लखेया गांव निवासी राजेश्वर पासवान के 21 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार पासवान के रूप में हुई है। मृतक के बाबा रामजी पासवान ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 2 बजे गांव के ही देवमुनि बैठा के पुत्र सुनील बैठा और रामेश्वर बैठा के पुत्र अमित बैठा मोटरसाइकिल से घर आए और चंदन को अपने साथ ले गए। शाम 7 बजे दोनों युवक एक अज्ञात व्यक्ति के साथ वापस घर आए और चंदन के बारे में पूछताछ की। उन्होंने बताया कि चंदन उनके साथ था और शराब का सेवन किया था, लेकिन घर नहीं लौटा। इसके बाद परिवार वालों ने चंदन की तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान घर से करीब 400 मीटर दूर विश्वनाथ ठाकुर के घर के पीछे सिंचाई कुएं के पास उसकी चप्पल मिली। कुएं में देखने पर चंदन का शव नजर आया। उसके जेब में मोबाइल की लाइट जल रही थी। स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। तत्काल ही निजी अस्पताल मेराल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने चंदन की मौत को हत्या बताते हुए थाना में दो लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मिलने पर रविवार सुबह थाना प्रभारी विष्णु कांत पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। पुलिस ने घटना स्थल से शराब की बोतल और कुएं का पानी जांच के लिए ले लिया है। ग्रामीणों ने इस घटना में शामिल लोगों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी समाजसेवी शिवकुमार चौधरी वीरेंद्र ठाकुर विनोद पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है।

## अवैध बालू का धंधा जोरों पर, सरकारी राजस्व की हो रही क्षति

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से अवैध तरीके से बालू उत्खनन और परिवहन का धंधा बेखौफ जारी है। नदियों से माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर बालू का उत्खनन कर भवनाथपुर क्षेत्र में संचालित हो रहे सरकारी योजनाओं से लेकर निजी कार्यों के लिए 3000 से लेकर 4500 रुपये प्रति ट्रैक्टर खुलेआम बेच रहें हैं। इतने महंगे बालू मिलने से प्रधानमंत्री आवास के लाभुक विभागीय दबाव के बावजूद कार्य पूरा नहीं करा पा रहें हैं। बताते चलें कि राज्य सरकार द्वारा भवनाथपुर और केतार क्षेत्र के कोई घाट चिन्हित नहीं किये जाने के बावजूद बालू माफिया प्रशासन की मिलीभगत से गैर चिन्हित नदियों से अवैध रूप से बालू उत्खनित कर रात भर बालू ढुलाई कर लाखों रुपये सरकारी राजस्व का चूना लगा रहें हैं, तो दूसरी ओर नदियों के अस्तित्व खतरे में है। बतातें चलें कि केतार के पंडा नदी, खैरवा स्थित सोन नदी भवनाथपुर के रजदहवा, कैलान, ढढरा, बगही, झगराखांड़ आदि नदियों से बालू माफियाओं द्वारा शाम ढलते ही बालू उत्खनित कर रात भर दर्जनों ट्रैक्टर द्वारा बालू की ढुलाई के साथ ही मझिआंव के बूढ़ीखांड नदी से अवैध बालू उत्खनन कर बरडीहा जंगल के रास्ते कैलान तक ट्रैक्टर से परिचालन करते हुए भवनाथपुर क्षेत्र में संचालित सरकारी योजनाओं से लेकर निजी कार्यों के लिए बेंचने का काम कर रहें हैं। इसके बावजूद प्रशासन कारवाई को लेकर मूक दर्शक बनी हुई है। सीओ शंभू राम से पूछे जाने पर कहा कि मुझे जानकारी नही है, अवैध बालू उत्खनन करने वाले पर कार्रवाई की जाएगी।



## मादक पदार्थों की तस्करी व खेती पर रोक लगाएं: उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में एनसीओआरडी कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय समेत अन्य संबंधित सदस्य भाग लिए। एनसीओआरडी (नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर) कमेटी की बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती के रोकथाम तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने हेतु कमेटी के सभी सदस्यों को निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अफीम एवं गांजा की खेती को लेकर सभी अंचल अधिकारी को पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही किसी प्रकार की सूचना पर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया गया। जिला ड्रग इंस्पेक्टर गढ़वा को निर्देश दिया गया कि बिना डॉक्टर की पर्ची के कफ सिरप की बिक्री न हो एवं समय-समय पर दवा दुकानों के स्टॉक की संपूर्ण जांच करें। पुलिस विभाग से समन्वय बनाते हुए आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थानों पर छापेमारी आदि करने का भी निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को गढ़वा जिला के सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में नशा निरोधक जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी बिक्री आदि पर पुलिस विभाग द्वारा निगरानी रखी जा रही है। गढ़वा जिला में मादक पदार्थों की खेती की सूचना प्राप्त नहीं है एवं सूचना प्राप्त होने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, श्री बंशीधर नगर एवं रंका क्रमशः संजय कुमार, प्रभाकर मिर्धा एवं रूद्र प्रताप, पुलिस उपाधीक्षक, यशोधरा, समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रमेश कुशवाहा समेत ड्रग इंस्पेक्टर आदि उपस्थित थें।

### रामनवमी, ईद, सरहुल पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, दिए निर्देश

**गढ़वा।** जिला में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व सम्पन्न कराने को लेकर रविवार को समाहरणालय भवन के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय समेत जिला के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के रूप में विभिन्न प्रखंडों से आए जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व संपन्न कराने की बात कही गई एवं मौके पर उपस्थित शांति समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई। साथ ही ईद एवम सरहुल पर्व को भी शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे से मनाने की बात कही गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों ने एक-एक कर पूर्व के दिनों में मनाए गए त्योहारों की जानकारी दी। सभी ने जिला प्रशासन को भरोसा दिलाया कि पूर्व के दिनों में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना गढ़वा जिला में घटित नहीं हुई है एवं किसी भी त्योहार में हम सभी जाति, धर्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में हंसी खुशी से हर पर्व को मनाते आ रहे हैं एवं एक दूसरे के त्यौहारों में आपसी सहयोग एवं समन्वय से मनाने की भी जानकारी दी।

**आस्था**

## विधायक ने पांचवीं वार्षिक महोत्सव का किया शुभारंभ

## क्षेत्र में अमन चैन व खुशहाली की कामना की



### सनातन धर्म के प्रति बढ़ा लोगों का रुझान: सत्येंद्रनाथ तिवारी

शोभा यात्रा के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को चैत्र नवरात्र की शुभकामना देते हुए विधायक श्री तिवारी ने कहा कि आज सनातन धर्म के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। उन्होंने महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनिया इस बात का रिसर्च कर रहा है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से भी ज्यादा लोगों ने डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि अपने धर्म की रक्षा के लिए लोगों ने काफी कठिनाइयों के बाद भी संगम में डुबकी लगाई। विधायक श्री तिवारी ने पांचवा भव्य वार्षिक महोत्सव आयोजन के लिए मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारी और सदस्यों की प्रशंसा करते हुए सभी को धन्यवाद दिया और निरंतर अपना सहयोग देते रहने की बात कही।

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** मां शायर देवी मंदिर में रविवार को जयकारे के साथ पांचवा वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ किया गया। नौ दिवसीय आयोजन का शुभारंभ विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, डॉ. लाल बहादुर साह, मुखिया राम सागर महतो, मुन्ना राम आदि संयुक्त रूप से मुख्य यजमान को कलश, चुनरी तथा ध्वज देकर, मां शायर देवी की गगन भेदी जयकारों के बीच कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने सबसे पहले मंदिर में जाकर मां का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना की।विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को मंच पर पहुंचने पर समिति के पदाधिकारीयों ने फूल माला अंग वस्त्र तथा मां शायर देवी धाम का तस्वीर देकर स्वागत किया।

**गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा :** मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। मौके देवी धाम संचालन समिति के मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, मुखिया उर्मिला देवी, बीडीसी, कार्यकारी अध्यक्ष विजय प्रसाद, सचिव कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, मनोज जायसवाल, विनोद कुशवाहा, अशोक राम, मंगल यादव, प्रभारी कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी, सुनील कुमार कालिया, रामेश्वर शर्मा, धनंजय चौधरी, अशोक राम, प्रमोद महाजन, राजेंद्र साह, सरजू सोनी, युगल प्रसाद सोनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### बीडीओ ने दिव्यांग महिला को ट्राई साइकिल दी

**कांडी।** प्रखंड में शारीरिक रूप से दिव्यांग लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए सरकार द्वारा जारी की गई ट्राई साइकिल शनिवार को एक ऐसी ही महिला, ललिता देवी को प्रदान की गई। ग्राम सोनपुरवा पोस्ट शिवपुर निवासी ललिता देवी जिनकी शारीरिक स्थिति के कारण चलने में कठिनाई होती है, ललिता देवी की इस समस्या को देखते हुए कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश कुमार सहाय ने ट्राई साइकिल सौंपा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सहाय ने समाज के संपन्न और प्रबुद्ध लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की पहचान करें और उन्हें सरकारी सहायता प्रदान कराने में मदद करें। मौके पर कांडी प्रखंड कार्यालय से शाहिद अंसारी, प्रखंड प्रमुख नारायण यादव, मनरेगा बीपीओ सोनू कुमार, शंभू नाथ साह, सुनील यादव,बबलू शाह मुखिया प्रनिधि मांझीगांवा सहित अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### कलश स्थापना व बेदी पूजन कर नौ दिनों का अनुष्ठान शुरू

**मझिआंव।** चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर मझिआंव के चन्द्री स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना एवं बेदी पूजन कर नौ दिनों का अनुष्ठान शुरू हो गया.इस अवसर पर देवमुनि विश्वकर्मा एवं फुलझरी देवी द्वारा मुख्य यजमान के रूप में माता गायत्री, सरस्वती, मां लक्ष्मी एवं माता वैष्णो देवी की पूजा अर्चना की गई। प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह एवं केंद्रीय टोली सदस्य सह जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी द्वारा कर्मकाण्ड सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर नवरात्रि तक 24-24हजार गायत्री महामंत्र जाप का संकल्प गायत्री परिजनों द्वारा लिया गया,जिनमें जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी,युवा मंडल के जिला संयोजक बिरेन्द्र सोनी,प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह, देव मुनि विश्वकर्मा, फुलझरी देवी, बेचन राम,सारो देवी,अशोक गुप्ता ,अखिलेश सोनी,दिनेश पाल आदि गायत्री परिजनों ने24-24हजार गायत्री महामंत्र जाप का संकल्प लिया। धर्मशीला देवी एवं मनोज कुमार दुबे द्वारा 12-12 हजार मंत्र जाप का संकल्प लिया। इस संबंध में गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह ने बताया कि नवरात्र में प्रतिदिन सुबह 7 बजे आरती एवं हवन यज्ञ तथा शाम 7:30 बजे आरती की जाएगी। महाअष्टमी तिथि की शाम में विराट दीप यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। नवमी तिथि को हवन यज्ञ के साथ पूणार्हुति की जायेगी।

### संविधान निर्माता की जंयती मनायेगा आदर्श समिति

**डंडई।** बाजार समिति परिसर में रविवार को रविदास आदर्श समिति के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीम राव आंबेडकर के 134 वीं जयंती को धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. आंबेडकर जयंती को लेकर 14 अप्रैल के सुबह 9 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दिन के दो बजे से चार बजे तक बाबा साहब के जीवनी चर्चा की जाएगी। संध्या 8 बजे से दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें बाबा साहेब के जीवनी पर आधारित गीत संगीत प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम व संचालन अक्षय कुमार ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, सचिव आकाशदीप भारती, दिलवर कुमार, रामसागर राम, भोला राम, रामदेव राम, सकलदीप राम, नरेश राम, बंगाली राम, मुन्ना राम, विनय राम, विजय राम, मुन्ना राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### शिशु विद्या मंदिर में वर्ष प्रतिपदा मनाया गया

**भवनाथपुर।**भवनाथपुर बाजार स्थित रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह, सचिव राम सुरेश राम, सह सचिव काशीराम, कोषाध्यक्ष बजरंगी साह, सदस्य डॉ. गुप्तेश्वर प्रसाद, प्रधानाचार्य जयंत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से पुष्पार्चन एवं नारियल फोड़कर पथ संचलन किया गया। झांकी विद्यालय प्रांगण से निकलकर चपरी, कर्पूरी चौक, भवनाथपुर बाजार, खरौंधी मोड़ मुख्य पथ होते हुए वापस पुनः विद्यालय में आया। पथ संचालन के दौरान अनेक लोगों ने अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए सुरेश गुप्ता, शिक्षक सुजीत कुमार, गोविंद चंद्रवंशी, दुर्गवाहिनी की बहनों, नीतिश के द्वारा भैया- बहनों को शरबत, पानी, लड्डू, संतरा, मीठा, गुलाब जामुन आदि वितरण किया गया। कई जगहों पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। संचालन के क्रम में डॉक्टर हेडगेवार अमर रहे, राजा विक्रमादित्य अमर रहे, नर सेवा नारायण सेवा आदि के जायघोष से गूँज उठा। वर्ष प्रतिपदा क्यों मनाया जाता है? इस विषय पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने विस्तार से चर्चा की। अंत में संघ प्रार्थना के पश्चात भैया- बहनों को आइसक्रीम देकर अवकाश किया गया। संचलन में आकर्षक झांकी भी बनाई गयी थी। जिसमें भारत माता, डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगावर एवं राजा विक्रमादित्य की झांकी ने लोगों के मन को मोहित कर दिया। कार्यक्रम में आचार्य अशोक कुमार, नीतू गुप्ता, अनुज कुमार, अजीत चौबे, प्रीती शर्मा, रीता चौबे, रमेश विश्वकर्मा सहित उपस्थित थे।

### प्रथम दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री की उपासना की

**श्री बंशीधर नगर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर रविवार को कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय महाअनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है। मंदिरों में गूंजते मंत्रों और जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। शहर के जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में विधि-विधान से नवरात्र अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। या देवी सर्वभूतेषु मंत्रोच्चार के बीच मां शक्ति का आह्वान कर श्रद्धालुओं ने देवी दुर्गा की आराधना की इसके बाद कलश स्थापना कर विधिवत नवरात्र अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। सुबह 7 बजे से श्रद्धालु माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना में लीन रहे। इस दौरान वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन व मंगल आरती का आयोजन किया गया। भक्तों ने हवन में आहूति डालकर घर-परिवार की सुख-समृद्धि एवं देश में शांति की कामना की। प्रथम दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री की उपासना की।श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की और देवी को फल-फूल, नारियल व चुनरी अर्पित की। नवरात्रि के पहले दिन से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें नजर आईं, जहां लोग माता के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत चौबे ने बताया कि इस बार मां शक्ति हाथी पर सवार होकर आ रही हैं और विदाई भी हाथी पर होगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह शुभ संकेत है और इससे वर्षभर सुख-समृद्धि बनी रहती है। साथ ही इस नवरात्र में अमृत महासंयोग बन रहा है, जिससे कई राशियों को विशेष लाभ मिलेगा। नवरात्रि के दूसरे दिन भक्त माता ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना करेंगे देवी अपने दाएं हाथ में जप माला और बाएं हाथ में कमंडल धारण करती हैं इनकी उपासना से तप, त्याग, संयम, सदाचार और आत्मबल की वृद्धि होती है।

### कलश यात्रा के साथ चैत्र नवरात्र पूजा शुरू

**रंका।** रघुनाथ अखाड़ा में रामनवमी पूजा का कलश यात्रा के साथ पूजा प्रारंभ हो गया। रविवार को श्री रघुनाथ अखाड़े से पूरे विधि विधान के साथ गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों महिला-पुरुष कलश लिए रंका चेक नाका, बर मुहल्ला, थाना मोड़, होते हुए बड़ा तालाब में पहुंच कर पूरे विधि विधान के साथ भोलानाथ शास्त्री के मंत्र उच्चारण के पश्चात सैकड़ों महिलाएं मंगल गीत गाते हुए, कलश में जल भरकर चौधरी मुहल्ला, होते ठाकुरबाड़ी मंदिर, गढ़ देवी मंदिर पहुंच कर कलश को रखी गई। रामनवमी पूजा, चैत्र नवरात्र पूजा का प्रारंभ की गई। मौके पर रघुनाथअखड़ा रामनवमी पूजा के पूजा समिति के अध्यक्ष सुलपानी सिंह, सचिव रवि कुमार, उर्फ चप्पू उपाध्यक्ष विवेक चौधरी, अखिलेश्वर सिंह, मीडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष मोहित कुमार चौधरी, सोनू कुमार मद्धेशिया, अंकित दुबे, अनिल मद्धेशिया, अविनाश कुमार पटेल, शुभम झा, ओमप्रकाश गुप्ता, राजन कुमार, सहित सेकंड़ो एवं महिलाएं, पुरुष इस कलश यात्रा में उपस्थित थे।

### कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र की शुरुआत

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी मंदिर, पाचाडुमर स्थित मां शायरी मंदिर,परसोडीह स्थित महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में कलश स्थापना कर नौ दिवसीय नवरात्र पूजा शुरू हो गया है। मां चतुभुर्जी भगवती मंदिर केतार में राम चरित्र मानस कथा का अनुष्ठान हो रहा है। सर्व प्रथम मां चतुभुर्जी मंदिर केतार में कलशयात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा मुख्य बाजार होते हुए पंडा- ढाढरा नदी के संगम पहुंचा। वहां वाराणसी से आये पंडित भधुरंज तिवारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरवाया गया।

### राम जानकी मंदिर से विराट कलश यात्रा निकाली गयी

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में रविवार से रामनवमी के रंग में रंग गया। मंदिरों से भजन कीर्तन व रामायण पाठ की स्वर सुनाई पड़ रही है।पूरा वातावरण भक्ति मय हो रहा है।चैती नवरात्र के पहले दिन कांडी बाजार स्थित महावीर सह राम जानकी मंदिर से विराट कलश यात्रा निकाली गयी।यह कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से चलकर सोन नदी तक गयी।इस कलश यात्रा में मुख्य यजमान नंदलाल चौधरी पत्नी पूनम देवी थी।साथ ही 251 कलश धारी महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे।पुजारी आनंद पाण्डेय ने सभी कलशधारी श्रद्धालुओं के कलश में सोन नदी के पवित्र जलवारा से अभिमंत्रित जल भरवाया।

# सरहुल महोत्सव की तैयारी पूरी, कार्यक्रम की रूप रेखा तय

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय के सरना पड़हा भवन के प्रांगण में एक अप्रैल को आयोजित प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव के अंतिम चरण की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर सरहुल पूजा समिति बारियातू ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड मुख्यालय स्थित राजी सरना पड़हा भवन, नचना परिसर में प्रकृति का महापर्व सरहुल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस महोत्सव के मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी नंदकुमार राम,प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवन , प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी , उप प्रमुख निशा सहादेव , जिला परिषद सदस्य रमेश राम व थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार सरहुल महोत्सव में उपस्थिति रहेंगे। पूजा समिति ने बताया कि रविवार को पूजा स्थल पर घड़ा में पानी रखना 7 बजे शाम में, मंगलवार को डंडा कटना सुबह 9 बजे से 10 बजे तक। सरना स्थल में पूजा 10 बजे से 11 बजे तक। आरती बैच से स्वागत 11 से 12 बजे तक। सरहुल पर्व (प्रकृति पुजा) सरना पूजा, स्वागत भाषण सह परिचर्चा 12 से 12.30 बजे तक निर्धारित है। आदिवासी धर्म कला संस्कृति 12.30 से 1 बजे तक। सरहुल पर्व शोभा यात्रा दोपहर 1 बजे से सरना पूजा स्थल से प्रखंड कार्यालय तक के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने सरहुल पूजा समिति के तरफ से समस्त आमंत्रित अतिथि, समाज सेवी, मीडिया कर्मी, समाज के अगुआ, सरना धर्मावलंबियों, प्रकृति प्रेमियों व क्षेत्र वासियो से उपस्थित होने की अपील की है। मौके पर महाबीर उरांव ,धनेश्वर उरांव , सचु उरांव, नरेश उरांव जगदिश उरांव रबीन्द्र उरांव , जीतु उरांव प्रमोद उरांव, जगदिश उरांव,,रामप्रीत लोहरा भरत उरांव, सुरेश उरांव, राजीव भगत,नरेन्द्र उरांव, एनिमेश उरांव योगेन्द्र भोक्ता, सहित कई लोग मौजूद थे।

# ईद व सरहुल को लेकर प्रशासन सतर्क, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## जिले में बनाए गए हैं नियंत्रण कक्ष

**नवीनद मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में ईद व सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिले के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहेगा, जिससे प्रशासनिक निगरानी और त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सके।

**जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर**

जिला नियंत्रण कक्ष की जिम्मेदारी अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक को सौंपी गई है। किसी भी आपात स्थिति में लोग 9472752385 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जिले में कम्पोजिट कंट्रोल रूम के साथ विभिन्न अनुमंडलों में अस्थाई



नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए गए हैं, जिनके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। इसके तहत **बालूमाथः** एसडीपीओ विनोद कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा प्रबंध हेल्पलाइन नंबर 7319761128, **बरवाडीह :** हेल्पलाइन नंबर 7320022874, **महुआडांड़:** हेल्पलाइन नंबर 7033083495 जारी किया गया है।

## क्षेत्र में की गई गश्ती दलों की तैनाती

उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि पर्व के दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में गश्ती दलों की तैनाती की गई है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई असामाजिक गतिविधि या आपात स्थिति उत्पन्न होती है, तो तत्काल हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। ईद और सरहुल के त्योहार हमारे समाज की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। प्रशासन सभी नागरिकों से आपसी भाईचारे और एकजुटता के साथ पर्व मनाने की अपील करता है, ताकि जिले में शांति और सौहार्द बना रहे।

# भाजपा नेता ने आईटीआई कॉलेज की मांग सांसद से की

**बालूमाथ।** चतरा सांसद काली चरण सिंह से रविवार को भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने परिसदन में मुलाकात कर बालूमाथ में आईटीआई कॉलेज खुलवाने की मांग की। बताया कि लातेहार जिला में बालूमाथ प्रखंड का मगध माइंस को लेकर अपनी एक अलग पहचान होते हुए भी प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज या टेक्निकल पढ़ाई के लिए आईटीआई कॉलेज की कमी है। टेक्निकल हैंड का कमी के कारण क्षेत्र में जो आउटसोर्सिंग कंपनियां है, उसे पर स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल पाता है। इससे क्षेत्र के हजारों बेरोजगार युवक रोजगार की तलाश में प्रदेश में भटकना रहे हैं। क्षेत्र में आईटीआई कॉलेज खुल जाने से लाखों युवक-युवतियों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होगा। सांसद ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बालूमाथ में आईटीआई कॉलेज का निर्माण होगा। मौके पर लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, जिला महामंत्री अमलेश सिंह, बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में रविवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी व पुलिस के जवान अस्त्र-शास्त्र के साथ पैदल मार्च करते हुए बालूमाथ मुख्य मार्ग से चलकर बस स्टैंड छठ तलाब टमटम टोला होते हुए रहमत नगर मस्जिद आदि गली मोहल्ले से चलकर वापस थाना पहुंची। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि ईद सरहुल, रामनवमी आदि पूजा त्योहार को लेकर यह फ्लैग मार्च निकाली गई है। बालूमाथ थाना पुलिस पर्व को शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह से तैयार है। थाना प्रभारी ने कहा कि अगर कोई भी शांति व्यवस्था को भंग करने का कोशिश करेगा तो पुलिस निपटने के लिए हमेशा तैयार है। सोशल मीडिया या कोई वैसा गाना जिससे किसी की सद्भावना को ठेस पहुंचे उसकी भी कड़ी नजर रखी जा रही है। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के अलावा पुनि रंजन कुमार पासवान,पु नि अमित कुमार रविदास,पु.नि.गौतम कुमार, पु.नि.चंद्रदेव कुमार, पु.नि.विकाश कुमार, स अ नि के के शर्मा, स. नि.अजय यादव सहित सैंकड़ों पुलिस के जवान शामिल रहे।

# पर्यटक पड़ाव पर नहीं हुआ दीदी की दुकान का उद्घाटन

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत पर्यटन मार्गों पर विशेष केंद्रीय सहायता मद से आजीविका संवर्धन हेतु ग्राम बोहटा एवं काठो में पर्यटक पड़ाव का निर्माण किया गया है। उपयुक्त लातेहार के निदेर्शानुसार शनिवार को इन पर्यटक पड़ाव एवं यहां बने दीदी की दुकान का उद्घाटन किया जाना था। उपायुक्त लातेहार के आदेशों की अवहेलना करते हुए उद्घाटन नहीं किया गया। इस संबंध में पूछे जाने पर संबंधित पंचायत के मुखिया ने बताया कि उद्घाटन संबंधित कोई भी सूचना हमें प्राप्त नहीं थी। इस पर्यटक पड़ाव पर बने दुकान को महिला समूह के बीच आवंटित करते हुए उद्घाटन कराने का जिम्मा जेएसएलपीएस को दिया गया था, जो कि अब तक विभाग के द्वारा पूरा नहीं किया गया है। सरकार के इस कल्याणकारी योजना से प्रखंड की महिला समूह को जहां एक और रोजगार उपलब्ध होगा वहीं पर्यटकों को भी पर्यटन स्थल तक पहुंचने से पहले विश्राम हेतु एक सुलभ स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

# 10 सालों से प्राइमरी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई : संघ



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम में जेटेट पास शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक रविवार को आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के विवेकानंद ने की। बैठक में मुख्य रूप से जेटेट पास शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष परिमल कुमार शामिल हुए। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य के गठन होने के बाद अभी तक मात्र दो बार ही जेटेट की परीक्षा हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से प्राइमरी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से निर्देश मिलने के बाद भी सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। सहायक आचार्य की सभी अर्हता को पूरा करने के बाद भी शिक्षक दर-दर को ठोकर खाने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द से जल्द सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर रिजल्ट प्रकाशित करें, नहीं तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राइमरी स्कूलों की स्थिति काफी खराब है। पूरे राज्य में लगभग 7 हजार प्राइमरी स्कूलों का संचालन एकल शिक्षक के माध्यम से किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के भविष्य के साथ राज्य सरकार खिलवाड़ कर रही है , वही नियुक्ति नहीं होने के कारण बच्चों के भी भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है। सूबे शिक्षा में स्तर काफी नीचे चला गया है। बैठक को कई अन्य लोगों ने भी संबोधित किया इसके पूर्व संघ के पदधारियो ने प्रदेश अध्यक्ष परिमल कुमार का बुके और फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर संघ के। विवेकानंद, अनिल उरांव, धीरेन्द्र कुमार दास, नीरज, वेलेंसिया नगेशिया, जेबा तरन्नुम, सरिता बेक, फूलवंती टोप्पो समेत सैकड़ों अभ्यर्थी बैठक में मौजूद रहे।

# 5 विद्यार्थी का नवोदय व 44 का एकलव्य विद्यालय में चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एके आवासीय विद्यालय से नवोदय के लिए तीन व एकलव्य विद्यालय के लिए 20 छात्र छात्रा सफल हुए। संस्कार आवासीय विद्यालय से नवोदय के लिए दो व एकलव्य के लिए 11 विद्यार्थी सफल हुए। ज्ञानदीप ज्योति निकेतन आवासीय विद्यालय से एकलव्य के लिए 13 विद्यार्थी सफल हुए। एके विद्यालय के संचालक कमलेश पासवान ने बताया कि सभी सफल परीक्षार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। फूलसु रोड स्थित संस्कार आवासीय विद्यालय के संचालक पिंटू कुमार ने बताया कि इस विद्यालय से दो विद्यार्थी नवोदय विद्यालय मे सफल हुए, जबकि एकलव्य के लिए 11 छात्र छात्रा सफल हुए। ज्ञानदीप ज्योति निकेतन आवासीय विद्यालय के संचालक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष एक छात्र नवोदय में सफल हुआ, जबकि इस वर्ष दीपा रानी,स्वेता रानी अभिषेक गंझु,, लक्की कुमार, यश कुमार, कृष्ण कुमार, राधा कुमारी,राम कुमार, सीता कुमारी, मधु बड़ा, गीता यादव,अंकित पासवान सीमा कुमारी सहित 13 छात्र छात्राएं एकलव्य विद्यालय के सफल हुए। एके आवासीय विद्यालय बारियातू से नवोदय विद्यालय प्रतियोगिता परीक्षा मे तीन विद्यार्थी सफल हुए, जिसमे खुसबू कुमारी पिता वीरेंद्र तुरी, लवकुश कुमार पिता रवि कुमार,आर्यन कुमार पिता उदय कुमार राम, एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रतियोगिता परीक्षा मे कुल 20 विद्यार्थी कक्षा 6 तथा 7 मे चयनित हुए, जिसमें नीतेश उरांव, सुभम उरांव, राजन उरांव, लक्की उरांव, रविकांत उरांव, आशित उरांव, प्रति कुमारी, जीरमनी कुमारी, प्रशांत उरांव, संदीप गंझु, चंदन उरांव, खुशु कुमारी, प्रशांत गंझु, इश्वर गंझु, नरेश गंझु, लवकुश कुमार, निशा कुमारी, विकाश उरांव, करणदेव गंझु, अमरेश गंझू सफल हुए।

## आज अदा की जाएगी ईद-उल-फितर की नमाज

# मस्जिदों में ईद की नमाज का समय मुकर्रर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को ईद उल फितर की नमाज अदा की जायेगी, इसे लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। रमजान का आखिरी अशरा चल रहा है। शुक्रवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने रमजान के अंतिम जुमे की नमाज अदा की। अलविदा जुमा के नमाज में बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में मौजूद थे। ईद को लेकर बच्चों महिलाओं समेत युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। रविवार को लोगों ने जमकर खरीदारी भी की। बाजार में सेवई,इत्र,कपड़े,खजूर,टोपी, रुमाल की दुकानें सजी थी। बाजार में 100-300 रुपए किलों तक के सेवईयां उपलब्ध है। ईद के एक दिन पहले रविवार को चंदवा बाजार में काफी भीड़-भाड़ देखी गई। इस वर्ष तपतपाती गर्मी भी रोजेदारों का हौसला नहीं तोड़








पायी। लोग हिम्मत और हौसले के साथ अपने रोजे को पूरा किया। प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करने के लिए समय मुकर्रर कर दिया गया है। शहर के मदीना मस्जिद में सुबह 8 बजे मुफ्ती मोहम्मद गुलजार, तिलैयाटाँड़ स्थित फातिमा मस्जिद में 8:45 बजे,जामा मस्जिद 9:30 में कारी वहाजूल हक साहब, चकला, बोदा, कुजरी, शुक्रबाजार मस्जिद में 8:30 बजे वहीं कामता व बेलवाही मस्जिद में सुबह 9 बजे ईद की नमाज अदा की जायेगी।

दंत चिकित्सक डॉ. शम्स रजा ने बताया कि ईद पर सारे गिले शिकवे भूलकर हम सभी भाईचारगी के साथ ईद मनाएंगे। देश में अमन-चैन के लिए दुआ करेंगे। उन्होंने सभी को ईद की मुबारकबाद भी दी है।

समाजसेवी मो. मोजम्मिल ने बताया कि इस्लाम धर्म में रमजान के महीने का बड़ा महत्व है। इसी माह पवित्र कुरान शरीफ दुनिया में अवतरित हुई थी। ईद की तैयारी हो चुकी है सभी लोगों के साथ मिलजुलकर ईद मनाएंगे।

समाजसेवी मो. रिंकू ने बताया कि अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ ईद मनाऊंगा ईद-उल-फितर को लेकर उत्साहित हूं।

नसीम स्टार ने बताया कि ईद का त्यौहार समाज में खुशियां फैलाने, पड़ोसियों के सुख-दुःख में भागीदार बनने तथा जन-जन के बीच सौहार्द फैलाने का सबक देता है।

युवा समाजसेवी इरशाद मुन्ना ने बताया कि रमजान का महीना गुजरने का एक तरफ अफसोस है वहीं दूसरी ओर ईद उल फितर की खुशी। इस बार ईद अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनाऊंगा।

नौशाद अंसारी ने बताया कि ईद खुशियां लेकर आता है। यह हमे मिल-जुलकर रहना सिखाता है। ईद पर देश व राज्य की खुशहाली के लिए दुआ करूंगा।

इंडिया

# प्रकृति पर्व सरहुल का आधुनिक रूप और राजनीति

पर्व त्योहारों से लेकर गीत संगीत या पूरी संस्कृति ही आधुनिकता से प्रभावित होती ही है ध्वनि विस्तारक यंत्रों तक यह सीमित रहे तो ठीक है पर



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

मनमोहक मौलिकता ही होती है जो हमें गांव अपने बचपन और संस्कृति से जोड़ती है । इसी को देखने देश-विदेश के लोग अनेक राज्यों में जाते हैं जिसकी उनकी अर्थव्यवस्था को मजबूती और लाखों लोगों को रोजगार मिलता है । प्रकृति पर्व सरहुल झारखंड के गांवों से निकलकर अब शहरों में वृहद जुलूस के रूप में मनाया जा रहा है । जहां पहले मांदर और नगाड़े की प्राकृतिक धुनों में समूह नृत्य करते युवक युवती घंटों दर्शकों को बांधे रहते थे उसके स्थान पर राजधानी रांची में बड़े बड़े जेनरेटर के सहारे बजते डीजे के शोर में वो मिठास नहीं रही जो लोगों को मोहित कर सके । पर विगत के वर्षों में ढांक,मांदर और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ पूरी तन्मयता से सरई फूल हाथ में लिए नृत्य करते एक समान रंग में परहिया साड़ी या गमछा कुर्ता में सजे लोगों ने यह भी प्रदर्शित किया कि उरांव जनजातीय समुदाय अपनी पहचान के लिए सजग भी है और अपनी परंपरा के प्रति समर्पित भी । अधिक सजगता देखने को मिली कि आधुनिक कपड़ों के बजाय पारंपरिक एक रंग के वस्त्रों में सजा अनुशासित आकर्षक जुलूस निकला जिसे देखने के लिए लोग उमड़ पड़े । लगभग यही दृश्य राज्य के अन्य स्थानों में भी थे जिससे लगा कि यदि इसे डीजे के बजाय पारंपरिक वाद्य यंत्रों से अच्छी तरह तैयारी और सुव्यस्थित ढंग से निकाला जाए यह देश ही नहीं विदेशी मेहमानों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है और राजस्थान तथा हिमाचल की तरह इस अनूठे पर्व को देखने दूर दूर से लोग आ सकते हैं । कला संस्कृति विभाग इसे एक कलात्मक रूप देकर आकर्षक बना सकता है जैसे कुल्लू महोत्सव या राजस्थान के त्यौहार । पड़ोसी राज्यों में भी सरहुल मनाया जाता है । छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गत वर्ष कहा था कि जशपुर के वनवासी कल्याण आश्रम में कहा कि जो कहते हैं कि आदिवासी हिन्दू नहीं हैं, ऐसे विधर्मियों से हमें सावधान रहना



है। हम आदिवासी लोग शिव-पार्वती की पूजा करते हैं, आदिवासियों से बड़ा हिन्दू कोई नहीं हो सकता है। लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, खूंटी संसदीय क्षेत्र से आठ बार सांसद रहे पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने भी कहा था कि जनजातीय समुदाय का सबसे बड़े त्यौहार सरहुल पहले धार्मिक के साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक पर्व था, लेकिन अब इसका भी राजनीतिकरण हो गया है। लोग अलग-अलग समूह बनाकर अलग-अलग दिनों में सरहुल मना रहे हैं। पहले खूंटी में एक ही दिन सामूहिक रूप से सरहुल मनाया जाता था, लेकिन अब न वो सामाजिक एकता रही और न ही पुरानी परंपरा। हर गांव में अलग-अलग दिनों में सरहुल मनाया जाता है। सरना धर्म की परंपरा रही है कि जिस गांव में सरहुल संपन्न नहीं हुआ है, उस गांव में सखुआ या सरई के फूल को ले जाने की मनाही थी। गांव में सरहुल होने के बाद ही कोई व्यक्ति इस फूल को लेकर जा सकता था। इसीलिए खूंटी के सीमावर्ती गांवों में सरहुल मनाने के बाद अंतिम में खूंटी में सामूहिक रूप से सरहुल मनाया जाता था, ताकि सभी गांवों के लोग मुख्य कार्यक्रम में शामिल हो सकें। यदि किसी गांव में सरहुल नहीं मनाया गया है, तो उस गांव के लोग खूंटी के सरहुल में शामिल नहीं हो सकते थे, लेकिन अब लोग खूंटी में दो दिन सरहुल मनाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों का इस तरह राजनीतिकरण कर कुछ लोग आदिवासियों की एकता को गंभीर चोट पहुंचा रहे हैं और सामाजिक एकता को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति, परंपरा, धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने वाले लोग भी अब दिखावे के लिए कानों में और अपने घरों में सखुआ या सरई का फूल लगाने लगे हैं।पद्मभूषण कडिया मुंडा ने कहा कि सरहुल का त्यौहार सूर्य और पृथ्वी के विवाह का पर्व है। इसीलिए गांव के पाहन और उसकी पत्नी को नया वस्त्र, नया घड़ा आदि देने की परंपरा है। कड़िया मुंडा ने कहा कि सरहुल के बाद ही किसान खेतों में धान बुनने का काम शुरू करते हैं अर्थात सूर्य और पृथ्वी की शादी होने के बाद ही खेती-किसानी का काम शुरू होता है। पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि अब तो ईसाई धर्म अपना चुके लोगों को भी पड़हा राजा बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत और असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि रुढ़िवादी परंपरा को मानने वालों को ही पड़हा राजा का पद दिया जा सकता है और उसकी पगड़ी बांधी जा सकती है, लेकिन जन जनजातियों की परंपरा और संस्कृति को छोड़कर ईसाई बन चुके लोग पड़हा राजा बन रहे हैं। यह जनजातीय परंपरा के लिए ठीक संकेत नहीं है। इसके विपरीत ईसाई धर्म अपना चुके लोगों ने कई बार सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म में कहा है कि विश्वास बदलने से जाति नहीं बदलती सभी आदिवासी एक हैं।

## न्यूज बॉक्स

### थाना प्रभारी ने किया अखाड़ों के साथ बैठक

**गिद्धौर (चतरा)।** रामनवमी महापर्व को लेकर रविवार को थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्ष,सचिव, डीजे संचालक के साथ बैठक की। बैठक में प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन से अवगत कराया गया। डीजे संचालकों को अश्लील व भड़काऊ गाना नहीं बजाने का निर्देश दिया। अध्यक्ष व सचिव को पूरी कमेटी की सूची दूरभाष नंबर के साथ थाना को समर्पित करने का निर्देश दिया। निर्धारित रूट के अनुसार झंडा जुलूस निकालने की भी बात कही गई। थाना प्रभारी ने अफवाह पर ध्यान नहीं देने,असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने का भी अपील किया। साथ ही साथ किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर सीधा संपर्क करने को कहा गया।

### रामनवमी पूजा समिति करेगी भक्ति जागरण का आयोजन

**चंदवा।** आगामी रामनवमी पूजा महोत्सव को धूमधाम से बनाने को लेकर रामनवमी पूजा समिति जमीरा की बैठक जोड़ा तालाब परिसर में संपन्न हुई। बैठक में पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों के दर्जनों धर्मप्रेमी शामिल हुए। बैठक में रामनवमी पूजा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने को लेकर गंभीरता से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया हकि आकर्षक अखाड़ा बनाया जायेगा। भक्ति जागरण कार्यक्रम व मेला आयोजित करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में रिंकू कुमार,जयप्रकाश घटवार,रवींद्र यादव,अजीत यादव,सुनील ठाकुर,कालेन्द्र यादव,जगदीप घटवार,रवींद्र गोप समेत कई अन्य मौजूद थे।

### राम-जानकी मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा

**टंडवा (चतरा)।** सनातनी नव वर्ष सह शारदीय नवरात्र के मौके पर पूरा प्रखंड क्षेत्र भक्तिभाव में सराबोर है। रविवार को सिसई के टोला खेल्हा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से सैंकड़ों श्रद्धालुओं कलश यात्रा में शामिल होकर गगनभेदी जयघोष करते हुवे विष्णु चुंआ पहुंचे। जहां से विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात कलश में भरे जल को स्थापित किया गया। जानकारी देते हुए जगदीश महतो ने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित यज्ञ का वर्षोत्सव हरि कीर्तन व सप्तशती व रामचरितमानस के पाठ द्वारा नवरात्र का अनुष्ठान कराया जा रहा है। उक्त आयोजन में सुखदेव महतो, जयनाथ महतो, प्रभु महतो, जयमंती देवी, अशोक महतो, प्रवीण महतो, संतोष महतो समेत सैकड़ों महिला- पुरुष शामिल थे।

### वाहन की चपेट में आने से सियार घायल

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड स्थित पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से जंगल से भाग कर आया सियार गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा तत्काल ही वन विभाग को दी गई। वनरक्षी कुणाल कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सियार के सिर, मुंह पर चोट आई थी। इसका वन विभाग की टीम ने उपचार किया। इसके बाद सियार की स्थिति में सुधार हुआ। इसे देखते हुए वन विभाग की टीम द्वारा सियार को सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा गया।

### कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रा प्रारंभ

**बालूमाथ।** कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हो गया है। जिसको लेकर श्रद्धालु जगह-जगह पर विधि विधान के साथ बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर मुरपा मोड़ टमटम टोला चट्टी टोला तेली टोला बड़का बालूमाथ आदि सुदूर गांव गांव आरा मुरपा मारंगलोईया , शेरेगड़ा एवं घरों में भी कलश स्थापना कर चैती नवरात्रा की जा रही है। वहीं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा बालूमाथ साइ मंदिर में भी चैत्र नवरात्रि को लेकर कलश स्थापना की गई है और पाठंतिक नवरात्र किया जा रहा है। वहीं नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखी जा रही है । बाजारों में भी चहलकर्मी बढ़ गई है। इन्हीं पर्व पूजा को लेकर प्रखंड पुलिस प्रशासन भी काफी सक्रिय देखे जा रहे हैं।

### बाजे-गाजे के साथ निकाली गई स्वर्वेद यात्रा

**लातेहार।** सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान द्वारा नव वर्ष के अवसर पर रविवार को सद् गुरु सदाफल के अनन्य शिष्यों द्वारा स्वर्वेद यात्रा निकाली गई, जो स्थानीय बाजार टांड़ से प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा शहर के विभिन्न चौक-चौराहा होते हुए समाहरणालय गेट पहुंची। पुनः उक्त यात्रा धर्मपुर बाईपास होते बाजार टांड़ पहुंच कर समाप्त हो गई। इस दौरान बाजे गाजे के साथ स्वर्वेद यात्रा निकाली गई। वहां बड़ी संख्या में महिला पुरुषों की भीड़ थी। संस्थान के जिला संयोजक बद्री प्रसाद ने स्वर्वेद यात्रा की जानकारी दी। इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सद्गुरु सदाफल देव द्वारा 17 वर्ष के कठिन तपस्या कर स्वरचित पुस्तक का भी लोकार्पण किया। मौके पर केदार प्रसाद समेत काफी संख्या मे महिला पुरुष शिष्य शामिल थे।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** थाना परिसर में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के जिला सचिव के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अधिकार मित्र अजीत कुमार ने लोगों को कानून से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने नालासा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी लोगों को बताया। इसके माध्यम से वह अपनी मामूली कानूनी समस्याओं का समाधान कॉल कर प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही अधिकार मित्र ने लोगों को बताया कि छोटी व घरेलू विवाद, पति-पत्नी के बीच उत्पन्न हुई मामूली विवाद को लेकर केस मुकदमे में न फंसे। लोग मध्यस्था कोर्ट का सहारा लेकर इन छोटे मामलों में आसानी से सुलह कर सकते हैं। शिविर में कुंदा पुलिस पदाधिकारी, अधिकार मित्र समेत अन्य उपस्थित थे।

### पूजा-अर्चना के साथ झांकी निर्माण कार्य प्रारंभ

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी महापर्व पर प्रस्तुत किए जाने वाली झांकी का निर्माण कार्य रविवार से पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ कर दिया गया। बताया गया कि झांकी का निर्माण कार्य चार अप्रैल तक पूर्ण कर ली जाएगी। जबकि विभिन्न अखाड़ों द्वारा पांच अप्रैल को झांकी प्रस्तुति का अभ्यास किया जाएगा। जबकि सात अप्रैल अर्थात महादशमी के दिन शाम छह बजे से झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। झांकी निर्माण कार्य प्रखंड मुख्यालय के सार्वजनिक नवयुवक विकास संघ ठाकुरबाडी, विवेकानंद क्लब हेट मोहल्ला,बिचली मोहल्ला, भास्कर स्वालंबन क्लब उपर मोहल्ला एवं युवा चिंतन क्लब बरटा के द्वारा किया जा रहा है। झांकी धार्मिक,सामाजिक व देशभक्ति पर आधारित बनाया जा रहा है। बताते चलें कि प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी के महादशवीं के दिन झांकी एवं झंडा जुलूस निकाला जाता है। झांकी व झंडा जुलूस देखने को लेकर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। पूजा अर्चना के मौके पर झांकी निर्माण के डायरेक्टर जितेंद्र कुमार जीतू, ठाकुरबाड़ी मुहल्ला अखाड़ा के अध्यक्ष कार्तिक राणा,भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा,भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव,कमलेश कुमार,प्रकाश पांडेय,आकाश,प्रशांत,राहुल,सुप्रभात,बंटी आकाश कुमार टिंकू कुमार मनोज मुकेश कुमार दिलीप कुमार राहुल कुमार िनोद पांडेय सहित थे।

## शपथ पत्र

मैं, विकेश प्रसाद गुप्ता पिता राम कुमार प्रसाद गुप्ता सा0+पो0-सिलिदाग, थाना रमना, जिला-गढ़वा, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरा 10वीं का मार्कशीट में मेरा नाम विकेश प्रसाद गुप्ता पिता-राम कुमार प्रसाद गुप्ता एवं जन्म तिथि 15/06/2005 है जो कि सही व सत्य है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम विकास कुमार पिता-राम कुमार साह है जो कि गलत है। मैं अपना आधार कार्ड में अपना नाम तथा पिता का नाम एवं जन्म तिथि 10वीं के मार्कशीट के अनुसार विकेश प्रसाद गुप्ता पिता राम कुमार प्रसाद गुप्ता एवं जन्म तिथि 15/06/2005 ई. कराने हेतु शपथ पत्र निष्पादन कर रहा हूं।

**शपथ पत्र संख्या : ङ्क/329 दिनांक : 29/03/2025**

# त्योहार को लेकर शहरी क्षेत्र में निकाला गया फ्लैग मार्च



लोगो से सरहुल, ईद व रामनवमी का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर शहरी क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आयोजित किया गया था। इस दौरान लोगो से सरहुल, ईद व रामनवमी का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मार्च पास्ट के माध्यम से त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इधर सदर थाना क्षेत्र में एसडीओ अमित कुमार की अगुवाई में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च सदर थाना परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो का परिभ्रमण करते हुए सदर थाना परिसर में पहुचा। मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने बताया कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। मौके पर एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सीओ सदर श्री आशुतोष, बीडीओ, सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर समेत सदर थाना के पुलिस के जवान मौजूद थे। इधर प्रशासन द्वारा ईद पर्व को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसके लिए सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है. इसके अलावा ईद के दिन सभी ईदगाह और मस्जिदों सहित सभी प्रमुख जगहों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती भी की गयी है।

## सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**भंडरा।** ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर भंडरा में प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। इसी के तहत रविवार की शाम पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह के नेतृत्व में भंडरा प्रखंड बस्ती में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान प्रशासनिक टीम प्रखंड के सभी प्रमुख इलाकों से होकर गुजरा और लोगों से त्योहारों के दिन शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही कहा कि त्योहार के दिन गड़बड़ी करनेवाले लोगों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। फ्लैग मार्च के दौरान सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह के अलावा अन्य अधिकारी और काफी संख्या में पुलिस जवान आदि मौजूद थे।

# लोहरदगा में नव वर्ष प्रतिपदा पर भव्य 51 कुंडीय महायज्ञ व कलश यात्रा निकाली गई

### हजारों श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया आस्था का संगम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नव वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर रविवार को लोहरदगा में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। सुबह 9:00 बजे शंख नदी से गुरुकुल आश्रम तक एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उमड़े। इस भव्य शोभायात्रा में परंपरागत वेशभूषा में सजी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रही थीं। कलश यात्रा के पश्चात 51 कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं, विशेष रूप से महिलाओं, ने भाग लिया। इस अवसर पर वातावरण वेद मंत्रों के उच्चारण, हवन की सुगंध और श्रद्धालुओं के जयघोष से गूंज उठा। धार्मिक आयोजन के दौरान उपस्थित विद्वानों और संतों ने सनातन संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डाला। यज्ञाचार्य राहुल देव आर्य ने कहा, ₹आज का दिन हिंदू संस्कृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सृष्टि की उत्पत्ति भी हवन और पूजन के माध्यम से हुई थी। क्षितिज, जल, पावक, गगन और समीरा झ्र ये पांच तत्व हमारे अस्तित्व के आधार हैं। हमें अपनी सनातन संस्कृति को संरक्षित और



संवर्धित करने की आवश्यकता है, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी इसे जानें और अपनाएं। इस भव्य आयोजन में लोहरदगा और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने आकर पुण्य लाभ अर्जित किया। गुरुकुल आश्रम के आचार्यों और स्थानीय धार्मिक संगठनों के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नव वर्ष प्रतिपदा को भारतीय संस्कृति में अत्यंत शुभ माना जाता है। इसे ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना का दिन भी कहा जाता है। इस दिन हवन-यज्ञ करने से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि यह सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। सनातन संस्कृति में इसे आत्मशुद्धि और दिव्यता प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम माना गया है। इस भव्य आयोजन ने पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उत्साह और धार्मिक आस्था की एक नई ज्योति प्रज्वलित की। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कलश यात्रा मे गुरुकुल शांति आश्रम के आचार्य शरद चंद्र आर्य, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, प्रवीण भारती, अभय भारती, दिलीप कुमार, गुप्तेश्वर गुप्ता, गुड्डू प्रसाद, जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, सतीश जैसवाल, भूषण प्रसाद, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्री चंद्र प्रजापति, सरोज प्रजापति, सतनारायण केसरी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, उत्तम शर्मा समेत हिंदू सनातनी समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हिंदू नववर्ष पर जयश्रीराम समिति ने निकाली शोभायात्रा

# भारत माता और जय श्रीराम के जयकारे लगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 पर रविवार को जय श्री राम समिति के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गो पर शोभा यात्रा निकाला गया। जय श्रीराम समिति के सदस्यों के साथ कई हिन्दूवादी संगठनों ने भी इसमें हिस्सा लिया। शोभा यात्रा ललित नारायण स्टेडियम से निकली जो शहर के बरवा टोली चौक, मिशन चौक, महावीर चौक, अपर बाजार, शास्त्री चौक, थाना चौक, अमला टोली, सुभाष चौक, रेलवे साइडिंग, बाबा मठ, न्यू रोड होते हुए पुनः स्टेडियम परिसर पहुंच सम्पन्न हुई। इससे पूर्व मनोकामना दुर्गा मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कराई गई थी। इस बीच पूरा शहर भगवा रंग में रंगा रहा। जुलूस में हजारों की संख्या में शामिल रामभक्त भगवा झंडा थामे और जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। जय श्री राम समिति द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा भारत माता की पूजन के साथ समाप्त हुआ। प्रशासन द्वारा जुलूस की ड्रोन से निगरानी की जा रही थी। भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। प्रमुख चौक चौराहों पर भगवा झंडा और स्वागत द्वार बनाए गए थे। हिंदू नव वर्ष को लेकर जिले में लोगों में खासा उत्साह था।





सिर पर चुनरी बांधे युवा नजर आ रहे थे। पूरा शहर भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों से गूंज रहा था। जुलूस ललित नारायण स्टेडियम में पहुंचने के बाद सभी अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखे। फिर भव्य भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसमें महिलाएं बड़े बच्चे जमकर झूमे। श्रीराम समिति के संरक्षक सुषमा सिंह, अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, परमेश्वर साहू, राजीव रंजन, रितेश कुमार, अजय सोनी, ओम महतो, दया शंकर सिंह, प्रदीप साहू, अनिल उरांव, शुभम साहू, रामकुमार साहू, सूरज ठाकुर, दीपक साहू, सुशील पटनायक, दीपक पासवान, केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तमेड़ा सहित काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय श्रीराम समिति के जिला, प्रखंड पंचायत एवं नगर कमेटी के सभी कार्यकर्ता का सामूहिक प्रयास रहा।

## सनातनियों का जताया गया आभार

**लोहरदगा।** हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल 2082 के प्रथम दिवस को श्रीराम समिति लोहरदगा द्वारा स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम से पद संचलन शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें जिला के नगर क्षेत्र के साथ साथ लोहरदगा के विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्र से आये सभी सनातन बन्धुओं का हजारों की संख्या में आकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाने हेतु श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने उन्हें बहुत बहुत धन्यवाद दिया। वहीं विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार ने सनातनी एकता प्रदर्शित करने हेतु शामिल सनातनी भाई, बहन, माताओं आभार व्यक्त करने के साथ साथ पुलिस प्रशासन की सक्रियता व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने व शोभायात्रा को सफलतापूर्वक समपर्ण करवाने में उनकी महती भूमिका की भी सराहना की तथा उनका भी आभार व्यक्त किया।

## भरनो में हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्र का उत्साह

**भरनो (गुमला)।** हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्र के शुभारंभ पर भरनो मुख्यालय पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। इस अवसर पर महावीर मंडल भरनो द्वारा विष्णु मंदिर रामनवमी अखाड़ा और रावण दहन मैदान अखाड़ा में विजय ध्वज स्थापित किया गया। रावण दहन मैदान में आचार्य भारतभूषण मिश्रा के विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ 66 फीट ऊंचे महावीर झंडे की स्थापना की गई। इससे पहले बाजार टांड़ से घोष दल के साथ नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान जय श्रीराम और जय बजरंगबली के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इधर, विष्णु मंदिर और हरिजन मोहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र का विधिवत शुभारंभ हुआ। आचार्य अवधेश मिश्रा और ऋषिकेश मिश्रा के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। इन आयोजनों में महावीर मंडल और बजरंग दल के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रमुख रूप से बजरंग दल अध्यक्ष सुदामा केसरी, महावीर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, उपाध्यक्ष आशीष केसरी, सचिव रोशन केसरी, विनय केसरी, गोपाल सिंह सहित कई भक्तों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## म्यंमार व थाईलैंड में हुए भूकंप में मृत लोगों के लिए शोक सभा आयोजित





**लोहरदगा।** रविवार को यतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल, सेरेंगहातु, लोहरदगा एवं डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल, एम. जी. रोड, लोहरदगा के प्रागंण में थाइलैंड एवं म्यांमार में भूकंप में लगभग 1700 लोगों की मौत पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के संचालक वी. के. बालान्जिनप्पा और विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने म्यांमार और थाइलैंड के लोगों के प्रति अपनी श्रधांजली दीं एवं उनके दुःख को दूर और सुख एवं शान्ति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। वी. के. बालान्जिनप्पा ने कहा कि आज पृथ्वी का तापमान तीव्र गति से बढ रहा है जिसका मुख्य कारण स्वार्थी मनुष्य है। मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए पेड़ काटना, जंगल काटना, पहाड़ को तोड़कर सड़क एवं शहर बसाना, प्लास्टिक का उपयोग करना, धुआँ, धूल, गंदगी को फैलाना, फ्रीज, एयरकंडीसन, कूलर आदि के प्रयोग से बाढ़, अतिवृष्टी, अनावृष्टी, नदी एवं समुंद्र की गहराई प्रतिदिन कम होना । आज की पीढी इन विषयों पर विशेष ध्यान नहीं देने पर इस धरती के विनाश का कारण अति शिघ्र बनता जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्रशेखर प्रसाद ने भूकंप के बार में कहा कि भूकंप एक प्राकृतिक आपदा है। दुनिया में सबसे अधिक भूकंप जापान में आते हैं। धरती के अंदर 7 प्लेट्स होती है जो पृथ्वी के साथ घुमती रहती है। जहाँ पर प्लेट्स टकाराती है वहाँ जोन फॉल्ट लाइन फॉल्ट होता है। जब बार - बार प्लेट्स टकाराती है तो कोने मुड़ने लगते हैं और ज्यादा दबाव बनने पर प्लेट्स टूटने लगती है। ऐसे में धरती से ऊर्जा बाहर आने के लिए कोशिश करती है, जिससे रफ्तार बिगड़ती है और भूकंप की स्थिति पैदा होती है। भूकंप को मापने के लिए सीस्मोग्राफ का प्रयोग किया जाता है। भूकंप के झटके कभी - कभी सूनामी, भूस्खलन एवं ज्वालामुखी की गतिविधियो को भी पैदा कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के सामी बालान्जिनप्पा, प्रभारी प्रधानाचार्य शेखर कुमार समेत शिक्षक शिक्षिकाओं स्कूली बच्चों ने भागीदारी निभाई।

# इंटर महाविद्यालय में हिन्दू नववर्ष व डॉ हेडगेवार की जयंती धूमधाम से आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का द्वितीय दिवस आयोजित किया गयो त्रिदिवसीय कार्यशाला का आरंभ प्रातःस्मरण, योगाभ्यास एवं वंदना के साथ किया गयो डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन किया गयो इस अवसर मे अटल बिहारी वाजपेई द्वारा रचित 'हिन्दू तन मन हिन्दू जीवन' कविता तथा 'मधुर मंगल' गीत का गायन किया गया` हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर गायत्री मंत्र, मृत्युंजय मंत्र, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और भैया बहनों के लिए शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई ' प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमशः आकांशा लकड़ा, खुशी कुमारी व नुसरत जहां को



प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गयो प्रथम सत्र मे बाल विकास, आचार्य विकास, समिति विकास, अभिभावक विकास तथा अन्य प्रकार के कार्यक्रम का निर्धारण, द्वितीय सत्र मे बी. एस. कॉलेज लोहरदगा के प्राचार्य शशि कुमार गुप्ता जी के द्वारा शैक्षणिक, सह -शैक्षणिक, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, तृतीय सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह एवं सचिव अजय प्रसाद के द्वारा स्थायी भौतिक सामग्रियों का सत्यापन किया गया, चतुर्थ सत्र मे पाठ्यक्रम क्रियान्वयन, आंग्ल संभाषण, संस्कृत संभाषण, सुलेख, अपना विद्यालय सर्वश्रेष्ठ कैसे बने, सत्र आरम्भ, पंचम सत्र मे कक्षाकार्य और गृह कार्य के निष्पादन, अध्यापन कौशल के विकास पर चिंतन, पाठ ठीका लिखने की पद्धति, पंचपदी शिक्षण प्रणाली पर चर्चा की गई कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहु, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, सनोज कुमार साहु, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत, नीतू कुमारी, युगेश कुमार साव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## होलिका दहन स्थल पर कब्जे के प्रयास से हिंदू समुदाय में रोष कार्रवाई की मांग

**गुमला।** पीपल चौक के पास स्थित होलिका दहन स्थल पर संजय खलखो द्वारा कब्जे के प्रयास से हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश है। इसे लेकर रविवार को हिंदू संगठनों और समुदाय के लोगों ने चैनपुर थाना में आवेदन सौंपकर संजय खलखो पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, शनिवार को संजय खलखो ने उक्त स्थान को अपनी निजी संपत्ति बताते हुए अंचल प्रशासन के माध्यम से कब्जा करने का प्रयास किया। इस घटना से आक्रोशित हिंदू समुदाय ने दुर्गा मंदिर परिसर में आपात बैठक बुलाई, जिसमें क्षेत्र के बुजुर्गों ने स्पष्ट किया कि यह स्थल पीढ़ियों से होलिका दहन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए प्रयोग होता आ रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह धार्मिक स्थल हिंदू समुदाय की आस्था का केंद्र है, और इस पर कब्जे के प्रयास से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

## चैत्र नवरात्रि आरंभ होने के साथ ही भंडरा का चट्टी गांव भक्तिरस में डूब गया



**भंडरा ।** चैत्र नवरात्रि आरंभ होने के साथ ही भंडरा का चट्टी गांव भक्तिरस में डूब गया है। स्थानीय छतीस मां मंदिर में रविवार सुबह से मां दुर्गा सप्तसती पाठ से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। मंदिर निमार्ता सह मुख्य पुरोहित जगतपाल साहू ने बताया कि कथा वाचन के पश्चात प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण और सोमवार से नवरात्र खत्म होने तक प्रत्येक दिन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन होगा। यह दिनभर चलेगा। सहयोगी हरिओम पांडे के साथ अनुष्ठान प्रयागराज से आये आचार्य नारायणदेव द्विवेदी सप्तसती द्वारा सप्तसती दुर्गा पाठ कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह आह्वअहित देवताओं का पूजन यजन के पश्चात दुर्गा सप्तसती पाठ आरंभ हुआ। शाम पांच बजे से छह बजे तक पुनः देवी जी का पाठ होगा। इसके पश्चात महा आरती का आयोजन होगा। तत्पश्चात श्रीमद् भागवत पुराण का कथा होगा। कथा के पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।

## सेवा भारती का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 146 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 55 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन, हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खानपान भी सही रखें एवं समय पर भोजन करें और प्रत्येक दिन कम से कम 3 लीटर पानी का सेवन अवश्य करें। अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है और कहा की इस निशुल्क शिविर पर आप अपने स्वास्थ्य का चेकअप करवा कर अपनी





शारीरिक बीमारी की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं स्वस्थ जीवन ही शरीर का मूल आधार है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी, अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। मौके पर अंजलि सर्राफ, अमर गोस्वामी, राजीव यादव, सत्यम सर्राफ,अतुल सर्राफ, लीला देवी कंचन कुमारी, विजय साहू, तारा राय भंडारी, उदय कास्यंकार, चरकू उराव आदि उपस्थित थे।

## विद्यालय संचालन हेतु किया गया समिति का गठन

**सेन्हा-लोहरदगा ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में परीक्षा फल परिणाम घोषित किया गया.परीक्षा फल वितरण के उपरान्त अपने कक्षा में अच्छे अंक लाकर उतीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक दे कर सम्मानित किया गया.साथ ही विद्यालय में प्रखंडो के अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावकों के साथ प्रचार्य द्वारा बैठक आयोजित कर पीएम श्री नवोदय विद्यालय को सत्र 2025 - 26 में सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए अभिभावक शिक्षक समिति का गठन किया गया.गठित कमिटी में जिला के सभी प्रखंडो से दो दो अभिभावको का चयन किया गया.चयनित अभिभावकों में सभी प्रखंड क्षेत्र से एक पुरुष व एक महिला का चयन किया गया.वही अभिभावक शिक्षक कमिटी गठन के उपरान्त पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिये अभिभावकों को जागरूक होना होगा.विद्यालय को सुचारू ढंग से चलने में अभिभावकों की भूमिका अहम होती है.साथ ही अभिभावकों से अपील किया गया.की जब अभिभावक बच्चों मिलने आते हैं.तो शिक्षक शिक्षिकाओं से भी मिल कर अपने बच्चे बच्चियों का पढ़ाई लिखाई व दिनचर्या तथा गतिविधि के बारे मे जानकारी लेने का प्रयास करें और सभी अभिभावक अपने बच्चों के प्रति संवेदनशील बने रहें।

# शपथ ग्रहण सह पत्थर गड़ी समारोह का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** रानीगंज साप्ताहिक बाजार टांड में रविवार को पारंपरिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था के तहत 15 पड़हा गढ़कसमार बेल राजा की अगुवाई में पुराने परंपरा को अपनाने तथा समाज के बीच लागू करने को लेकर शपथ ग्रहण सह पत्थरगड़ी समारोह का आयोजन आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार पूजन कर किया गया। उक्त कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत रानीगंज साप्ताहिक बाजार टांड में आयोजित हुआ. वही कार्यक्रम आरम्भ होने के पूर्व विधिवत आदिवासी समाज के महिला पुरुषों द्वारा सामूहिक प्रार्थना कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।साथ ही अतिथियों को प्राकृतिक फूल पत्ती का बना माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। पत्थर गड़ी को जिला बेल विजय भगत,संयोजक बिनोद भगत,दीवान संजीव भगत,उप बेल शिवशंकर टाना भगत एवं अन्य अतिथियों द्वारा शिला पट्ट का अनावरण किया गया। गौरतलब हो कि झारखंड में विशेषकर मुंडा और उरांव जनजातियों में पड़हा व्यवस्था पूर्व में कायम था।जो वर्तमान समय मे लुप्त होते जा रहा है। जिसे पत्थर गड़ी कर आदिवासी समाज द्वारा पारंपरिक स्वशासन प्रणाली का दर्जा दे ग्राम स्तर पर न्याय करते हुए प्रशासन और सामाजिक नियंत्रण के लिए कार्य किया जाता था। यह



आदि काल से चली आ रही परंपरा को लुप्त होते देख पुनः लागू करने की दिशा में आदिवासी समाज द्वारा की जा रही है पहल

व्यवस्था जनजातियों को अपनी आंतरिक मामलों को अपने स्तर पर ही सुलझाने की शक्ति प्रदान करती थी। और न्यायिक कार्य पड़हा व्यवस्था विवादों के निपटारे में अपराधों की सजा और सामाजिक नियमों के पालन के लिए बनाया जाता था। जिससे समाज को बुराइयों से दूर रखने में सार्थक साबित होता था। तथा पंच पड़हा की विशेष जिम्मेदारी होती थी। इस व्यवस्था के तहत सामाजिक नियंत्रण पर बात किया जाए तो यह व्यवस्था सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने,रीति-रिवाजों को संरक्षित करने और समुदायिक हितों की रक्षा करने में मददगार साबित होता था। जिसे पड़हा राजा पड़हा व्यवस्था में पड़हा राजा या प्रधान जो गांव के वरिष्ठ और सम्मानित व्यक्ति होते थे। उनके द्वारा समाज मे शासन का नेतृत्व किया जाता था। उक्त बातें अलौदी पंचायत के उप मुखिया गोपाल उराँव ने बताते हुए कहा कि लोहरदगा जिला अंतर्गत जितने पड़हा है। सभी के बीच में इस कार्यक्रम को धीरे धीरे लागू करना है। जिसे समाज को मजबूत और सशक्त बनाने पर जोर दिया जायेगा।

# गर्मी बढ़ते ही कुएं सूखे, पानी की किल्लत से परेशान किसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** गर्मी की शुरुआत होते ही बाघिमा पंचायत के खास बघिमा के बड़ाइक बस्ती में जल संकट गहराने लगा है। पानी की कमी के चलते किसानों की फसलें सूखने लगी हैं, जिससे उनकी आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। किसान विश्वनाथ बड़ाइक का कहना है कि उनका 20 फीट गहरा कुआं पूरी तरह सूख चुका है, जिससे खेती-बाड़ी ठप पड़ गई है। उन्होंने बताया कि हर साल अच्छी फसल होती थी, लेकिन इस बार पानी की कमी ने उन्हें मुश्किल में डाल दिया है। बस्ती के अन्य ग्रामीणों ने भी प्रशासन से डीप बोरिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। उनका कहना है कि यदि पानी की व्यवस्था हो जाए, तो वे भरपूर खेती कर सकते हैं और अपनी आजीविका संवार सकते हैं। आनंद बड़ाइक, विश्वनाथ बड़ाइक सहित कई किसान प्रशासन से तत्काल जल संकट का समाधान निकालने की गुहार लगा रहे हैं, ताकि वे अपनी खेती-बाड़ी जारी रख सकें और भुखमरी की स्थिति से बच सकें।

# जंगली हाथी के आतंक से ग्रामीणों में भय : एक की मौत, दो लोग गंभीर रूप से हुए घायल





**नवीन मेल संवाददाता**

**जारी।** चैनपुर अनुमंडल अन्तर्गत जारी थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक जंगली हाथी ने ग्रामीणों के बीच आतंक फैला दिया। घटना में 73 वर्षीय क्लाइमेंट एक्का, जो सीसी करम टोली के निवासी थे, को हाथी ने उनके घर के आंगन में कुचल दिया। स्थानीय ग्रामीणों के शोरगुल के बाद हाथी वहां से भाग निकला और जमार्न गांव पहुंचा, जहां उसने 50 वर्षीय अरविंद सिंह को भी घायल कर दिया। दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। जहां क्लाइमेंट एक्का की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बचाया नहीं जा सका और उनकी मृत्यु हो गई। कुरुमगाड़ वन क्षेत्र के रेंजर जगदीश राम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद तत्परता दिखाते हुए पीड़ितों को तत्काल 10,000 की सहायता दी गई, और कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शेष 3,90,000 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। रेंजर ने आगे कहा, हमारे क्षेत्र में एक जंगली हाथी सक्रिय है जो 30 से 35 किलोमीटर की दूरी में विचरण कर रहा है। इस हाथी के खतरे से नागरिकों को अवगत कराना हमारी जिम्मेदारी है, इसलिए हम माइक के जरिए लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जंगल में आग न लगाएं और महुआ चुनने के लिए न जाएं, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पिछले तीन दिनों में जंगली हाथी ने पांच लोगों को कुचलकर मार डाला है, जबकि अन्य तीन को गंभीर चोटें आई हैं और वे इलाजरत हैं। ग्रामीणों के बीच भय व्याप्त है और वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

# एस.एस. हाई स्कूल रोड पर हाईमास्ट लाइट ठप, अंधेरे में डूबा चौराहा, जनसुरक्षा पर संकट

**गुमला।** शहर के एस.एस. हाई स्कूल रोड स्थित ज्योति संघ के समीप मुख्य चौराहे पर स्थापित सौर ऊर्जा चालित हाईमास्ट लाइट कई दिनों से खराब पड़ी है, जिससे रात के समय पूरा क्षेत्र अंधकार में डूबा रहता है। यह सड़क नगर की सबसे व्यस्ततम सड़कों में शुमार है, जहां दिन-रात नागरिकों, व्यापारियों और राहगीरों की आवाजाही बनी रहती है। लेकिन हाईमास्ट लाइट बंद होने के कारण रात के समय यहां से गुजरने वाले लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**नगर परिषद की अनदेखी से लोग परेशान**

इस गंभीर समस्या पर वार्ड संख्या 21 की निवर्तमान पार्षद शैल मिश्रा ने कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे विभागीय लापरवाही करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह चौराहा शहर के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्ततम क्षेत्रों में आता है, जहां व्यापारिक प्रतिष्ठान, आवासीय भवन और आमजन की आवाजाही अधिक रहती है। मगर रात के अंधेरे में यह क्षेत्र असुरक्षित बन चुका है।

# जन समस्याओं के समाधान में असफल केंद्र व राज्य सरकार : विजय सिंह



**भरनो (गुमला)।** झारखंड नवनिर्माण दल और ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच भरनो के बैनर तले पुराना ब्लॉक परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता प्रकाश उरांव ने की, जबकि झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विजय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें जन समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं, जबकि महिला मंडलों को ऋण में फंसा कर सूदखोरी का धंधा फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, वेलफेयर, विश्वामित्र, पल्स, रोजबेली जैसी दर्जनों नन-बैंकिंग कंपनियों में आम लोगों की मेहनत की कमाई फंसी हुई है, लेकिन अब तक किसी को भुगतान नहीं मिला। इसे जमाकताओं के साथ अन्याय करार देते हुए उन्होंने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। विजय सिंह ने 21 अप्रैल 2025 को गुमला जिला मुख्यालय में विशाल धरना और 9 जून 2025 को वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर राजभवन मार्च में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन जल्द ही महिला सुरक्षा, रोजगार, लोन माफी, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों को लेकर बड़े स्तर पर संघर्ष करेगा।

# भरनो में मंत्री चमरा लिंडा का भव्य स्वागत



**भरनो (गुमला)।** झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा का शनिवार को भरनो ब्लॉक चौक के समीप सरहुल संचालन समिति के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष सुकेश उरांव के नेतृत्व में मंत्री को गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मंत्री चमरा लिंडा गुमला में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रांची से सड़क मार्ग से गुजर रहे थे, तभी भरनो ब्लॉक चौक पर उनके स्वागत में चमरा लिंडा जिंदाबाद के नारों से माहौल गूंज उठा। मंत्री ने कार्यकताओं के इस अभिनंदन के लिए आभार व्यक्त किया और गुमला के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर सरहुल संचालन समिति भरनो के अध्यक्ष सुकेश उरांव, जुगल उरांव, बिरसा उरांव, बप्पी उरांव, राजेंद्र उरांव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## पालकोट में रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

# शांति और सद्भाव बनाए रखते हुए त्योहार मनाएं : बिजय उरांव



**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट थाना परिसर में राम नवमी, सरहूल और ईद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बिजय उरांव और बसिया सर्किल पुलिस निरीक्षक जितेंद्र राम ने की। बैठक में पालकोट प्रखंड के बघिमा, पोजेंगा, ढोलवीर, अंलकेरा सहित विभिन्न राम नवमी पूजा समितियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके अलावा, केंद्रीय सरहूल पूजा समिति और गुमी सरना सरहूल पूजा समिति के सदस्यों ने त्योहारों के दौरान की जाने वाली तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की। ईद के मद्देनजर सदर साहब सगीर मियां ने अपने विचार रखते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का आह्वान किया। बैठक में पुलिस निरीक्षक जितेंद्र राम ने लोगों से आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप के साथ पर्व मनाने की अपील की। वहीं, बीडीओ बिजय उरांव ने कहा कि बाहरी घटनाओं से प्रभावित हुए बिना पालकोट में शांति और सद्भाव बनाए रखते हुए त्योहार मनाएं। थाना प्रभारी राहुल दसौंधी ने लोगों से अपवाहों और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं से बचने की सलाह दी।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन पूरी तरह से सहयोग करेगा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। बैठक में बसंत गुप्ता, मोहम्मद ललकार, रोहित एक्का, मुकेश केसरी, जमालुद्दीन कादर, सोमरा कुजूर, अशोक साहू, अनुज सोरेंग, श्रषि गुप्ता, केदार प्रसाद गुप्ता, निकेश गुप्ता, श्याम उरांव, रामधारी सिंह, नवल किशोर सिंह, रूपेश सोनी, मनोज केसरी सहित कई गणमान्य लोग एवं थाना के एसआई गौतम वर्मा, सुबेदार कुमार यादव, राम पुकार बैठा आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने गांवों का दौरा कर की सौहार्दपूर्ण पर्व मनाने की अपील

**भरनो (गुमला)।** करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी ने रविवार को ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मुस्लिम, आदिवासी और हिंदू बहुल गांवों में पहुंचकर गणमान्य नागरिकों, पूजा समितियों और कमेटी सदस्यों के साथ बैठक कर सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी रेमे बंगरू में रामनवमी पूजा समिति, सरगांव में अंजुमन कमिटी, तथा अन्य गांवों में सरहुल कमिटी के अध्यक्षों और ग्रामीणों से मिले।

# पतंजलि परिवार ने नववर्ष और नवरात्र के प्रथम दिवस पर निकाली भव्य प्रभातफेरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पतंजलि परिवार गुमला की पांचों इकाइयों–भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, किसान सेवा समिति एवं युवा भारत–ने 30 मार्च 2025, रविवार को नववर्ष एवं नवरात्र के प्रथम दिवस के शुभ अवसर पर गुमला जिले के नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया। इस आयोजन के तहत सभी प्रतिभागियों ने प्रातः कालीन योग के बाद लक्ष्मी मंदिर परिसर, पालकोट रोड गुमला से प्रभात फेरी की शुरूआत की। यह यात्रा टावर चौक, मेन रोड, पटेल चौक, जसपुर रोड होते हुए डीएसपी रोड से पुनः पालकोट रोड पहुंचकर लक्ष्मी मंदिर परिसर में संपन्न हुई।

इस दौरान योग और सनातनी नववर्ष के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले नारों और संदेशों से नगर गूंज उठा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने इस आयोजन का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। प्रभात फेरी के समापन पर लक्ष्मी मंदिर परिसर में एक विशेष सभा आयोजित की गई, जिसमें सनातनी नववर्ष की महत्ता और योग से मिलने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक और मानसिक उत्थान का मार्ग है, जो व्यक्ति को स्वस्थ और उजार्वान बनाता है।

इस कार्यक्रम में प्रियंका देवी, पुष्प लता देवी, बंटी देवी, रेणु देवी, सरिता देवी, किरण चौधरी, ममता कुमारी, शकुंतला देवी, ज्योति देवी, प्रभा देवी, यशोदा देवी, अनुष्का चौधरी, पूनम इंदवार, अनीशा केसरी, लक्ष्मी देवी, श्यामली मित्रा, बसंती देवी, दीपशिखा साहू, लव, अंकित, उज्जवल, नीरज, नितेश, विकास, सुनील, भुनेश्वर, मौसम, अंशु, निशु, संतोष, सुरेंद्र, रोहन, चंद्रदेव, अवध, विश्राम, कमल, अर्जुन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से गुमला के नागरिकों को अपनी सनातनी परंपराओं को संरक्षित करने और योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

# रामनवमी मंगलवारी जुलूस को लेकर महावीर मंडल की बैठक



**भरनो (गुमला)।** रामनवमी के अवसर पर 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले मंगलवारी जुलूस की तैयारियों को लेकर महावीर मंडल भरनो के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी (सीओ) अविनाश कुजूर ने अपने कार्यालय कक्ष में की। बैठक में सीओ ने कार्यक्रम के आयोजनकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि जुलूस निकालने के लिए एसडीओ गुमला से अनुमति लेना अनिवार्य है। इस संबंध में महावीर मंडल की ओर से एसडीओ के नाम आवेदन सीओ को सौंपा गया। गौरतलब है कि रामनवमी के अवसर पर महावीर मंडल भरनो के तत्वावधान में मंगलवारी जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु अस्त्र-शस्त्र के साथ शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में सामाजिक नेता भैरव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक के दौरान थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, संजय गुप्ता, मनोहर लाल, आशीष केशरी, रोशन केशरी सहित महावीर मंडल के कई सदस्य उपस्थित थे।

# चैनपुर में नववर्ष पर नगर भ्रमण किया, शुभकामनाएं दी

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर के भैया-बहनों ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य नगर भ्रमण का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने नव वर्ष मंगलमय हो, विक्रम संवत 2082, और राजा विक्रमादित्य अमर रहे के नारे लगाते हुए नगर के विभिन्न मार्गों पर मार्च किया। यह समारोह एमएलए रोड, सोहन चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड, दुर्गा मंदिर, पीपल चौक, बैंक रोड, तथा थाना रोड होते हुए स्कूल प्रांगण में सम्पन्न हुआ।इस मौके पर स्कूल के आचार्य जी एवं दीदी जी भी उपस्थित थे। प्रधानाचार्य बबूला कुमार ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा, यह समारोह हमारे बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। नव वर्ष का स्वागत करने का यह तरीका न केवल उन्हें एकजुट करता है, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रति भी उनकी जागरूकता बढ़ाता है। भैया-बहनों ने पूरे उत्साह के साथ नारे लगाते हुए पूरे नगर में खुशी का माहौल बनाया। नगर भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी बच्चों को देखकर खुशी जताई और उनका हौसला बढ़ाया।धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को समर्पित इस कार्यक्रम ने न केवल बच्चों को मनोरंजन का अवसर प्रदान किया, बल्कि उन्हें एकजुटता और समुदाय की भावना का भी अनुभव कराया। इस मौके पर मौजूद सभी ने इस संडे को यादगार बनाने के लिए मिलकर प्रयास किए। इस प्रकार, मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने नव वर्ष के स्वागत में एक सकारात्मक और उत्साही वातावरण का निर्माण किया, जो निश्चित रूप से पूरे समुदाय के लिए एक प्रेरणा बनेगा।

# भरनो में अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी को लेकर ग्रामसभा में हंगामा

**भरनो (गुमला)।**भरनो प्रखंड अंतर्गत तुरिअम्बा पंचायत के परसा गांव में अल्पसंख्यक कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर आयोजित ग्रामसभा में दो पक्षों के बीच तीखा विवाद हो गया। स्थिति बिगड़ने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार सिंह ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब विवाद बढ़ता गया तो ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया और गांव से बाहर जाने से रोक दिया। स्थिति को संभालने के लिए थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने हस्तक्षेप किया और ग्रामीणों से वार्ता कर ग्रामसभा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

# चैनपुर में होलिका दहन स्थल पर विवाद हिंदू समुदाय में रोष, कार्रवाई कि मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के पीपल चौक के पास स्थित होलिका दहन धार्मिक स्थल पर कब्जा करने के प्रयास को लेकर हिंदू समुदाय में रोष व्याप्त हो गया है। संजय खलखो नामक व्यक्ति द्वारा इस स्थल को अपनी संपत्ति बताकर कब्जा करने की कोशिश की गई है, जिसके खिलाफ हिंदू समुदाय और कई हिंदू संगठनों ने एकजुट होकर चैनपुर थाना में एक आवेदन सौंपा है। सूत्रों के अनुसार, संजय खलखो ने शनिवार को होलिका दहन स्थल को अपनी जमीन बताते हुए अंचल के माध्यम से वहां कब्जा करने का प्रयास किया। इस कृत्य के खिलाफ हिंदू समुदाय में गहरा आक्रोश उत्पन्न हुआ, जिसके बाद दुर्गा मंदिर परिसर में शनिवार देर शाम सभी समुदाय के लोगों की एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में कई बुजुर्ग सदस्यों ने कहा कि होलिका दहन स्थल हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है, जहां हर साल बड़ी धूमधाम से होलिका दहन किया जाता है। यह स्थल केवल एक पर्व मनाने का स्थान नहीं, बल्कि कई पीढ़ियों से हिंदू समुदाय की धार्मिक आस्था और भावनाओं से जुड़ा है।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संजय खलखो के द्वारा धार्मिक स्थल पर कब्जा करने के प्रयास से हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। इसलिए, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को आवेदन देकर इस धार्मिक स्थल को बचाने की मांग की जाएगी, ताकि पीढ़ियों से चली आ रही आस्था का केंद्र सुरक्षित रह सके। हिंदू संगठनों ने एक स्वर में संजय खलखो पर कार्रवाई की माँग करते हुए कहा है कि इस तरह के प्रयास से सामाजिक समरसता को खतरा होता है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।समुदाय के सदस्यों ने यह भी कहा है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आगे की कार्रवाई करने के लिए मजबूर होंगे। हिंदू संगठनों ने एकजुट होकर इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर उठाने का निर्णय लिया है, ताकि उनकी धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जा सके।

## चैनपुर प्रखंड में चैत्र नवरात्र और नववर्ष पर निकली भव्य कलश यात्रा

# श्रीराम जय राम जय जय राम...के उद्घोष से गूंजा चैनपुर प्रखंड



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में इस वर्ष चैत्र नवरात्रि एवं नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में बच्चों ने श्रद्धा के साथ माथे पर कलश धारण कर साल दर साल के साथ अपनी निष्ठा और भक्ति का प्रदर्शन किया।यात्रा का आरंभ करते हुए सभी भक्तगण सफी नदी के छठ घाट पहुँचे, जहाँ अविनाश पाठक एवं पुजारी रवि बैगा ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। वहां पूजन के पश्चात कलश में जल भरा गया, जो भक्तों के लिए एक पावन प्रतीक बना। इस वर्ष के इस अनूठे कार्यक्रम में मानसमनी दीप सेवा संस्थान के आश्रम शरण धाम बारेसाड़ के सदस्यों ने भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और राम परिवार को सुंदरता से सजाया, जो क्षेत्र के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया। कलश यात्रा में भक्तों ने 'श्रीराम जय राम जय जय राम' के उद्घोष से पूरे वातावरण में भक्ति की रसधार बहाई।छोटे-छोटे बच्चे पंक्ति में लगकर, माथे पर कलश रखकर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धा के साथ परिक्रमा की। इस दौरान सभी एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते नजर आए। रामनवमी पूजा समिति की ओर से उपस्थित श्रद्धालुओं को जलपान भी कराया गया।इस भव्य आयोजन की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए मुनेश्वर सिंह, उज्जवल मिंज, चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एएसआई नंदकिशोर कुमार, बासुदेव सेवइयां एवं थाना के जवान मौजूद रहे। रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि दुर्गा मंदिर परिसर में रोजाना रामकथा पाठ एवं देवी मंदिर में आरती का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले अंतिम मंगलवार को मंगलवारी शोभा यात्रा का आयोजन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू सम्राट भैरव सिंह शामिल होंगे। सभी सनातनियों से यह आग्रह किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अवसर पर उपस्थित हों। इस कलश यात्रा में प्रमुख रूप से चैनपुर मुखिया शोभा देवी, केंद्रीय रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह, निरंजन कुमार, संतोष कुमार, शैलेश कुमार, निखिल सिंह, मुकेश कुमार, रवि बैगा, कोमल बैगा, सत्यम केशरी और अशोक कुमार सहित समिति और बजरंग दल के सदस्य शामिल थे।

## नववर्ष पर भव्य पथ संचलन का किया गया आयोजन

# भारत माता की जयघोष से गूंज उठा नगर



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सरस्वती विद्या मंदिर, गुमला के भैया-बहनों ने वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर भव्य पथ संचलन का आयोजन किया। इस शुभ अवसर पर भारत माता, राजा विक्रमादित्य, बिरसा मुंडा एवं सुभाष चंद्र बोस की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। पूरा नगर भारत माता की जय और नववर्ष मंगलमय हो के जयघोष से गूंज उठा।

इस आयोजन में विद्यालय के लगभग 800 भैया-बहनों ने भाग लिया। वे घोष दल और एनसीसी के साथ अनुशासित तरीके से पथ संचलन करते हुए नगर भ्रमण पर निकले। उन्होंने समाज से हिंदू नववर्ष को धूमधाम से मनाने की अपील की और उत्साहपूर्वक अपने संदेश को नगरवासियों तक पहुंचाया। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़कों पर मौजूद रहे।

पथ संचलन के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते समय भैया-बहनों ने राष्ट्रभक्ति और नववर्ष के स्वागत में उद्घोष किए, जिससे पूरा माहौल उत्साह और उल्लास से भर गया। नगरवासियों ने भी इस आयोजन का अभूतपूर्व स्वागत किया और जगह-जगह श्रद्धा और समर्थन प्रकट किया।

**●सम्मानित अतिथियों ने की आयोजन की सराहना**

इस अवसर पर विद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। साथ ही, सभी आचार्यगण एवं दीदीजी भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का संचालन आचार्य संजय कुमार के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने भैया-बहनों एवं उनके अभिभावकों से आग्रह किया कि वे नववर्ष को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाएं।

**●संगठन के पदाधिकारियों ने दिए प्रेरणादायक संदेश**

सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा, यह नववर्ष हम सभी के लिए उत्साह और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखना होगा। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने सभी भैया-बहनों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ वासंतिक नवरात्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कलश स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र पर्व की शुरूआत हो गई। इसके साथ ही हिंदू कैलेंडर विक्रम संवत 2082 शुरू हो गया है। शहर में वासंतिक नवरात्रि की तैयारियां शनिवार को ही पूरी हो चुकी थीं। प्रमुख देवी मंदिरों को सजाया जा गया है। चुनरी, नारियल आदि पूजन सामग्री की दुकानें सजी हुई हैं। इस वर्ष नवरात्रि पूरे नौ दिनों की है। शुभ संयोगों के कारण ये नवरात्रि संतुलन को बनाए रखने वाली और समाज में सौम्यता लेकर आएगी। इस संदर्भ में पंडित रामसेवक पाठक, देवेंद्र पाठक, आनंद पाठक,जीतेन्द्र पाठक, बृजमोहन पाठक, मदन मोहन पाठक, निलेशमणि पाठक, रामाधार पाठक, मनोज मिश्रा, अवधेश पाठक, अभिषेक मिश्रा आदि बताया कि 30 मार्च को नवरात्र का पहले दिन माँ शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। यह नवरात्र पूरे नौ दिनों का है। नवरात्र में पहले दिन देवी शैलपुत्री की पूजा होती है। इस दिन गाय के घी का बना प्रसाद चढ़ाना चाहिए। इससे रोग का नाश होता है। देवी शैलपुत्री का जन्म पर्वतराज हिमालय के घर हुआ था, इसलिए उन्हें शैलसुता कहते हैं। शैल का अर्थ है हिमालय। नवदुगाओं में प्रथम देवी शैलपुत्री अपने दाहिने हाथ में त्रिशूल धारण करती हैं। यह त्रिशूल जहां भक्तों को अभयदान देता है, वहीं पापियों का विनाश करता है। बाएं हाथ में सुशोभित कमल का पुष्प ज्ञान और शांति का प्रतीक है। पुरोहितो ने बताया कि बसंत ऋतु में होने के कारण चैत्र नवरात्रि को वासंतिक नवरात्र कहा जाता है। इस दौरान हर दिन मां के नौ अलग-अलग रूपों मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्रि की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना की जाती है। इसके बाद लगातार नौ दिनों तक मां की पूजा व उपवास किया जाता है। नवें दिन ही हवन के बाद कन्या पूजन होता है। नौ दिनों तक विधि-विधान से व्रत करने वाले श्रद्धालु 10वें दिन पारण करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, चैत्र नवरात्र के नवनी तिथि को ही भगवान राम का जन्म हुआ था।

धर्मशास्त्रीय मान्यताओं से नवरात्र का पवित्र काल पूजा पाठ के साथ धार्मिक अनुष्ठानों एवं तंत्र-मंत्र व यंत्रादि साधन के लिये पूर्णतः उपयुक्त व सिद्धि प्रद माना गया है। जगत जननी माता भगवती की कृपा प्राप्ति हेतु भक्त व साधक नवरात्र की प्रतिपदा तिथि को कलश स्थापन कर नवरात्र पर्यंत माता की आराधना के क्रम में विधिवत पूजन करके श्रीदुर्गा सप्तशती का नित्य पाठ करते हैं।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरूषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पायेगी। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# टैरिफ वार और अर्थव्यवस्था

दूसरे विश्वयुद्ध के बाद वैश्विक नेताओं ने आपसी अंतरराष्ट्रीय संबंधों द्वारा एक ऐसे भविष्य की कल्पना की थी, जिसमें समान शर्तों पर व्यापार करना शामिल था। इसके लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की स्थापना की गई, जो वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने, व्यापार विवादों को हल करने और व्यापार नीतियों को नियंत्रित करने के लिए कार्य करता है। डब्ल्यूटीओ के समझौतों के प्रावधान विकासशील देशों को विशेष अधिकार देते हैं कि भारत जैसे विकासशील देश कुछ उद्योगों में ऊंचे टैरिफ रख सकते हैं, जिसके बदले में विकसित देशों को बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवा व्यापार उदारीकरण और कृषि नियमों में रियायतें दी गई हैं, जो अमीर देशों के लिए अधिक फायदेमंद रही हैं।वर्तमान में अमेरिका ने राजनीतिक और आर्थिक रिश्तों में राष्ट्रवादी हितों को प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाकर टैरिफ वार की नई शुरुआत कर दी है, जिससे भू-राजनीतिक तापमान बढ़ने लगा है। अमेरिका ने भारत से आयातित वस्तुओं पर भी पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की है, जो 2 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा। अतिरिक्त टैरिफ लगाने के प्रभावों को पिछले अनुभवों के आधार पर अच्छी तरह से समझा जा सकता है। 2018-2019 में डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले शासन काल, 2018-19 में चीन से आयातित वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगा दिया था। बदले में चीन ने भी अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा दिया था। चीन ने इसकी शिकायत डब्ल्यूटीओ में की। इस प्रकार के व्यापार विवादों को सुलझाने के लिए डब्ल्यूटीओ की एक अपील प्रक्रिया होती थी, जिसमें जज अपना फैसला सुनाते थे। अमेरिका ने इन जजों की नियुक्ति पर ही रोक लगाकर विवाद निपटाने की प्रणाली को ही पंगु बना दिया था, जिसके परिणामस्वरूप पहले जितने वैश्विक व्यापार विवाद डब्ल्यूटीओ के जरिये हल होते थे, उनकी संख्या अब तीन गुना घट गई है। डब्ल्यूटीओ का प्रभावी अस्तित्व न रहने से टैरिफ का हानिकारक चक्र, टैरिफ वार के रूप में उभरता जा रहा है। टैरिफ वार की इस स्थिति में दोनों देशों का व्यापार महंगा हो जाएगा और उपभोक्ताओं को मिलने वाली चीजें महंगी हो जाएंगी। इसका नुकसान अमेरिकी उपभोक्ताओं को भी उठाना पड़ेगा। आज ट्रंप भले ही यह समझ रहे हों कि डब्ल्यूटीओ के पंख काट दिए गए हैं, और खुद के लाभ के लिए वह एक तरफा फैसले ले रहे हैं।द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को बढ़ावा मिलने से ताकतवर देश छोटे देशों पर दबाव बनाएंगे।अमेरिका की टैरिफ की जिद का विस्तार होता है, तो सभी प्रभावित देश मिलकर एक निष्पक्ष और मजबूत व्यापार प्रणाली बनाने की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। व्यापार के लिए हमेशा स्पष्ट और निष्पक्ष नियमों की आवश्यकता होती है, जिससे देश एक-दूसरे के साथ सही तरीके से व्यापार कर सकें। ट्रंप को यह समझना होगा कि उनके कदम न सिर्फ वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं, बल्कि वैश्विक मंच पर अमेरिका की विश्वसनीयता भी कम होगी। बढ़ते राजनीतिक तनावों एवं आर्थिक असमानताओं को देखते हुए डब्ल्यूटीओ जैसी संस्था की अधिक आवश्यकता महसूस की जा रही है।

> *डब्ल्यूटीओ के समझौतों के प्रावधान विकासशील देशों को विशेष अधिकार देते हैं कि भारत जैसे विकासशील देश कुछ उद्योगों में ऊंचे टैरिफ रख सकते हैं।*

# वृद्धों के लिए उजाला बना एससी का फैसला



देश ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा तो बढ़ती ही जा रही है, लेकिन अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने वृद्धों के जीवन को नरक बनाया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। अपने इस महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है। यह फैसला माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत दिया गया है, जिससे वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने में सहयोग मिलेगा। क्योंकि सोच के इस गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए सराहनीय पहल की है जिसमें कहा गया था कि अगर गिफ्ट डीड में स्पष्ट रूप से शर्तें नहीं हैं, तो माता-पिता की सेवा न करने के आधार पर गिफ्ट डीड को रद्द नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने कानून का 'सख्त दृष्टिकोण' अपनाया, जबकि कानून के वास्तविक उद्देश्य को पूरा करने के लिए उदार दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता थी। यह फैसला एक महिला की उस याचिका पर आया जिसमें उसने अपने बेटे के पक्ष में की गई गिफ्ट डीड को रद्द करने की मांग की थी क्योंकि बेटे ने उसकी देखभाल करने से इनकार कर दिया था। परिवारों में संपत्ति के विवाद तो पता नहीं कब से चले आ रहे हैं, लेकिन आधुनिक समाज में ये विशेष रूप से बढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित करने की भूमिका बनेगी ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है।

संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कई वरिष्ठ नागरिक हैं जिन्हें उनके बच्चे अनदेखा कर देते हैं और संपत्ति हस्तांतरित करने के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं। जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय करोल की पीठ ने कहा कि यह अधिनियम एक लाभकारी कानून है जिसका उद्देश्य उन बुजुर्गों की मदद करना है जिन्हें संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर होने के कारण अकेला छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए इसके प्रावधानों की व्याख्या उदारतापूर्वक की जानी चाहिए, न कि संकीर्ण अर्थों में।

पहले परिवार से किसी भी मनुष्य की पहचान जुड़ी होती थी, इसलिए लोग परिवार से जुड़े रहते थे। अब उसकी पहचान उसकी कार या कपड़ों के ब्रांड आदि भौतिकतावादी चीजों से होती है। यह भौतिकवाद की मृगतृष्णा इंसान की सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान पर हावी हो गई है, बल्कि अब तो संस्कृति और आध्यात्मिकता भी उपभोक्ता वस्तु की तरह बाजार में हैं। एक बड़ी समस्या भारत जैसे देशों में है, जो इस दौड़ में शामिल हो गए हैं, पर इतने समृद्ध नहीं हुए हैं कि इस जीवनशैली को आसानी से अपना सकें। भारत में परिवार के सदस्यों में परस्पर दूरियां लगातार बढ़ रही हैं। भूमि संबंधी विवाद भाई-भाई के बीच होते-होते अब पिता-पुत्र के बीच भी होने लगे हैं और मामला हत्या तक पहुंच जाता है। ताजा मामला भी संपत्ति विवाद का ही है। आज के बेटों को पुश्तैनी संपत्ति का लाभ तो चाहिए, पर पिता-माता के साथ रिश्ते अच्छे रखना उनकी प्राथमिकता नहीं है। ऐसे में, कई माता-पिता भी अपनी संतानों को बेदखल करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह वक्त है, जब हमें जानना होगा कि अपने लोगों से संबंध और संवाद ही जीवन को सार्थक बनाता है। हमें अपने रिश्तों का दायरा इतना तो जरूर बढ़ाना चाहिए, जिसमें कम से कम अपना निकटतम परिवार पूरी तरह से शामिल हो जाए।

नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती है, वहीं वृद्ध महिला एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट की संवेदनशीलता वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति पर विराम देने का काम करेंगी। निश्चित ही आज के वृद्ध माता-पिता अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलाने के लिये जहां सुप्रीम कोर्ट का फैसला रोशनी बना है वही इसके लिये आज समाज एवं परिवार स्तर पर विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार-क्रांति की जरूरत है। सरकारों को भी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बेरोजगारों को या वृद्धजनों को सरकारी आर्थिक सहायता का प्रावधान करना चाहिए।

आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ना त्रासदी है। भौतिक जिंदगी की भागदौड़ में नई पीढ़ी नए-नए मुकाम ढूंढने में लगी है, उनकी सुविधाओं एवं स्वच्छंदता का शिकार सर्वाधिक वृद्ध हो रहे हैं। आज वृद्धजन अपनों से दूर जिंदगी के अंतिम पड़ाव पर कवीन्द्र-रवीन्द्र की पंक्तियां गुनगुनाने को क्यों विवश है-'दीर्घ जीवन एकटा दीर्घ अभिशाप', दीर्घ जीवन एक दीर्घ अभिशाप है। निश्चित ही वृद्ध जीवन अभिशाप बन रहा है, क्योंकि आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल को वास्तविक रूप में अमृतमय बना सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**ललित गर्ग**

# ईद से पहले भाजपा की ईदी

भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी ईद के पहले मुसलमानों में 'ईदी' की सौगात बंटवा रहे हैं। इसे 'सौगात-ए-मोदी' नाम दिया गया है। सौगात के तौर पर एक विशेष किट में महिलाओं के सूट का कपड़ा, मर्दों के लिए कुर्ता-पायजामा, सेवइयां, खजूर, मेवे, चीनी और चावल रखे गए हैं। किट पर प्रधानमंत्री मोदी का चित्र प्रमुखता से उसी तरह छापा गया है, जिस तरह 'मुफ्त अनाज' वाली योजना के बैग पर छपा है। प्रधानमंत्री के साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कुछ टोपीधारी मुस्लिम चेहरे भी छापे गए हैं। किट पर 'भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा' का नाम भी छपा है। प्रधानमंत्री के इस प्रयास के जरिए भाजपा की निगाहें 32 लाख गरीब मुसलमानों पर टिकी हैं। पार्टी के करीब 32,000 पदाधिकारी इतनी ही मस्जिदों के संपर्क में हैं, ताकि पात्र मुसलमान को चिह्नित किया जा सके। सच्चर कमेटी की रपट के मुताबिक, करीब 32 प्रतिशत मुसलमान अनपढ़ और 30 प्रतिशत गरीब हैं। मुसलमानों में 'पसमांदा' समुदाय है, जिसके 80 प्रतिशत से अधिक लोग गरीब बताए जाते हैं। प्रधानमंत्री भी अक्सर 'पसमांदा मुसलमानों' का जिक्र करते रहे हैं। उस लिहाज से 32 लाख मुसलमानों को 'ईदी' देना बहुत कम संख्या है। फिर भी एक ऐसा प्रयास किया जा रहा है, जो भाजपा और आरएसएस को भी बहुत पहले करना चाहिए था। प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' नारा भी कितना चरितार्थ होगा, इसका आकलन ईद के बाद हो सकेगा। वैसे प्रधानमंत्री मोदी ने 13 अप्रैल को 'बैसाखी' और 18 अप्रैल को 'गुड फ्राइडे' के दिन भी ऐसी ही किट बांटने का निर्णय लिया है।सवाल है कि 'सौगात-ए-मोदी' के जरिए देश की करीब 15 प्रतिशत आबादी के एक तबके को राजनीतिक, सामाजिक और सामुदायिक तौर पर भाजपा के साथ जोड़ा जा सकता है? मुसलमान 'जनसंघ' के दिनों से ही इस हिंदूवादी विचारधारा की पार्टी के खिलाफ रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-एनडीए को देशभर में औसतन 10 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिले थे, जबकि विपक्ष के 'इंडिया गठबंधन' के पक्ष में 65प्रतिशत मुसलमानों ने वोट दिए थे, लेकिन गुजरात में भाजपा के पक्ष में 29 प्रतिशत मुस्लिम वोट आए थे। यहां 'इंडिया' को 59 प्रतिशत वोट मिले थे। यह प्रतिशत राजस्थान और दिल्ली के चुनावों में भी बढ़ा। प्रधानमंत्री मोदी की 11 साला सत्ता के दौरान औसतन 8 प्रतिशत मुस्लिम मत ही भाजपा की झोली में आते रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री आवास योजना में 1.30 करोड़ लाभार्थी मुसलमान हैं। 'किसान सम्मान राशि' योजना में भी करीब एक-तिहाई लाभार्थी मुसलमान ही हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**राकेश दुबे**

# सरहुल के हुल शब्द में छिपा हुआ है प्रकृति की माया का पूरा संसार

झारखंड की एक पहचान "हूल" के प्रति इसके समर्पण को लेकर भी है। इस शब्द का उपयोग अमूमन "नृत्य" या "उत्सव" के तौर पर किया जाता है परन्तु संथाली व हो भाषाओं में इसे आनंद और खुशी के साथ साथ क्रांति व ललकार का भी पर्याय माना गया है। ऐसे में किसी एक शब्द में एक साथ आनंद से लेकर क्रांति के उन्माद का रस लेना हो तो हूल से बढ़िया विकल्प शायद ही कहीं देखने को मिले। इस एक शब्द में भारत के मध्य पूर्व में निवास करने वाली जनजाति समाज के संस्कृति का परा निचोड़ समाया हुआ है। झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ व बिहार को अपने में समाए हूल शब्द का प्रयोग जब त्यौहारों और उत्सवों के संदर्भ में किया जाता है तो इन त्यौहारों में सरहुल भी आ जाता है जो न केवल जनजाति मूलवासी समाज का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है बल्कि इसे इनके सांस्कृतिक धरोहर के तौर पर भी जाना जाता है। प्रकृति की सुंदरता और जीवन की नवीनता के प्रतीक के तौर मनाए जाने वाले इस सरहुल पर्व को यहाँ की जनजातियों के साथ साथ मूलवासियों का भी सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार माना गया है। ऐसा इसलिए कि झारखंड सहित पूर्वी भारत की मौलिकता इस पर्व के साथ जुड़ी हुई है। यहाँ हर गांव में अलग अलग दिनों में सरहुल के आयोजन की समृद्ध संस्कृति व परंपरा अब एक साथ प्रदर्शित करने वाला त्यौहार बनकर सामने आ रहा है। इसके बावजूद इसकी मौलिकता बनी हुई है क्योंकि यहां के वनों की हरियाली हमें हर्ष व आनंद के साथ साथ क्रांति के लिए आमंत्रित व प्रेरित करते रहती हैं। बताते चलें कि जनजाति समुदाय किसी भी धर्म गुरु व पूजा स्थलों के स्थाई संरचना के बजाय पूरी प्रकृति को ही अपना आराध्य मानता है। यह एक बड़ा कारण है कि पतझड़ के विरुद्ध क्रांति का बिगुल फूंक कर जब हमारे वन प्रांतरों में आनंद के फूल खिलते हैं तब बहुत सरलता व सहजता के साथ इसका स्वागत किया जाता है और यही इस पर्व की सांस्कृतिक पहचान बनती चली जाती है। ऐसा संदर्भ शायद ही कहीं देखने को मिले जब एक पूरी आबादी ढोल, नगाड़ों व मांदर सहित तमाम पारंपरिक साजों के साथ फूलों का त्यौहार मनाते हुए नजर आ जाए। सरहुल की मानें तो यहाँ ऐसा ही होता है क्योंकि सरहुल शब्द का शाब्दिक अर्थ ही "फूलों के त्यौहार" होता है। ग्यारह महिनों की प्रतीक्षा के बाद जब वसंत ऋतु खिल कर सामने आता है तब इसे मनाने अपना अलग ही आनंद होता है क्योंकि इसी अवसर पर यहाँ के वनों में पेड़ों पर फूल खिलने लग जाते हैं। जीवन में फूल का खिलना एक महत्वपूर्ण अवसर होने के साथ एक शाश्वत सत्य माना जाता है और यही वजह है कि जनजातीय संस्कृति और परंपराओं में यह गहराई से रचा बसा हुआ है। हम किसी भी त्यौहार को प्रकृति की सुंदरता और जीवन की नवीनता का प्रतीक के तौर पर लेते हैं परंतु सरहुल इस मामले में नायाब है क्योंकि इसके नाम पर हमें जो अवसर प्राप्त होता है उसमें प्रकृति अपने सबसे सुंदर रूप में दिखाई देती है। उल्लेखनीय है कि कोई भी सुंदरता बेमोल नहीं होती और प्रकृति की यह सुंदरता भी बेमोल नहीं है क्योंकि सुगंध फैलाने के पहले हमारे वनों को भी पतझड़ के नाम पर विध्वंस की एक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। शायद यही वह कारण है कि सरहुल के पारंपरिक अनुष्ठान में पेड़ों की पूजा के साथ ग्राम देवता, जंगल, पहाड़, समृद्धि व भविष्य की प्रकृति के लिए भी अनुष्ठान संपन्न किये जाते हैं। इन अनुष्ठानों की मानें तो सनातन काल से गांव का पाहन एक मुर्गे के सिर पर कुछ चावल डालता है। मान्यता यह कि भूमि पर गिरने वाले चावल को यदि वह मूर्गा खा लेता है तो यह समृद्धि का संकेत है। इसी तरह पूरे अनुष्ठान के दौरान टहनियाँ की एक जोड़ी के बल पर यहां वर्षा की भविष्यवाणी भी की जाती है। इन्हें आप पुरानी परंपराओं के नाम पर खारिज भी नहीं कर सकते हैं क्योंकि इन्हीं के बीच तो यहाँ नृत्य, संगीत, आनंद, पकवान और भविष्य की संभावनाएं एक साथ समाहित होने लगती हैं और यही सबकुछ सरहुल की सार्थकता साबित करता चला जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात



**केदारनाथ दास**
बसिया (गुमला)

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हर चुनाव इक प्रश्न है, उत्तर स्वयं चुनाव।
जनता को ही खींचनी, पडती अपनी नाव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अल्लाह की इबादत में खुशी का मुकद्दस पर्व है ईद

मुकद्दस रमजान सब्र, प्रेम और भाईचारे के साथ-साथ अल्लाह की खिदमत और फरमाबरदारी का एक खास महिना है। इस्लाम धर्म को मानने वाले हर मुस्लमान रमजान का बेसब्री से इन्तजार करते हैं। रमजान शुरू होते ही हर रोजेदार की दिनचर्या बदल जाती है। आधी रात में उठना और अल्लाह की इबारत करना और अल्लाह से माफी मांग लोग अपना फर्ज समझते हैं।

लोग सहरी के बाद लोग इबादत के लिए मस्जिद की ओर चल देते हैं। रमजान की शुरूआत भी चांद से ही होती है और रमजान के 30-29 रोजे होने के बाद ईद का चांद निकलता है और उसे देखते के लिए लोग अपने छतों या खुले मैदानों में निकल जाते हैं। चांद नजर आने के बाद दूसरे दिन ईद मनाई जाती है। सभी के चेहरों पर खुशी छा जाती है। दरअसल रमजान के सकुशल बीतने की खुशी में ही अल्लाह का शुक्रिया अदा करने के लिए ही ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जाता है। वही अल्लाह के नेक बन्दों की खिदमत का भी मुबारक मौका है। नमाज के बाद अल्लाह ने जो दूसरी इबादत मुसलमानों के लिए अनिवार्य की है वह है रोजा। रोजे से मुराद ये है कि रमजान के महीने में 30 दिन तक सुबह से शाम तक खाना-पीना नहीं होता और रोजा रखते हैं।

लोग पांचों वक्त की नमाज आदा करते हैं। रोजा भी अल्लाह की इबादत हैं जो हर लोगों पर फर्ज है। रोजे से तात्पर्य यह है कि बंदा अपना जीवन रब की इच्छा और उसके आदेशों को मानते हुए गुजार दे। साल भर में रमजान महीने का एक माह के रोजे का मतलब है कि लोग अपनी गुनाहों की तलाफी और अपनी जिंदगी सही रूप में गुजारने के लिए दुआ मांगे। इस्लामिक कैलेंडर के नौवें महीने को रमजान का महीना कहा जाता है। इस महीने में तीस दिनों तक रोजा रखना प्रत्येक मुस्लिम के लिए अनिवार्य बताया गया है। मुसलमानों के लिए यह पाक रोजा का महीना होता है। रोजा के लिए जो अरबी शब्द बोला जाता है, उसे 'सॉम कहते है, इसका शाब्दिक अर्थ है 'संयम करना।' सॉम शब्द इस महीने की सच्ची भावना को दर्शाता है। जिसमें सूर्योदय से सूर्यास्त होने तक रोजा रखना होता है। ईद का मतलब है पूरे रमजान माह के रोजे रखने की खुशी में मनाई जाती है। लोग इस दिन सुबह सवेरे नहा धोकर नए कपड़े पहनकर और इत्र लगाकर मस्जिद या ईदगाहों में जाकर नमाज अदा करते हैं और लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारक कहते हैं। इस दिन लोग एक-दूसरों के घरों में जाकर सवई और तरह -तरह के बने व्यंजनों का लुत्फ उठाते हैं। ईद के दिन बड़ों से ज्यादा बच्चों में उत्साह देखने को मिलता है। इस मौके पर मैदानों में मेले का बच्चों खूब आनंद लेते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डा. श्रीगोपाल नारसन**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# चैत्र नवरात्रि के साथ नव वर्ष की शुरुआत, मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**एजेंसी। नई दिल्ली/झज्जर/वाराणसी**



चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देशभर के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा है। दिल्ली के कालकाजी मंदिर, हरियाणा के झज्जर में माता भीमेश्वरी देवी मंदिर और छतरपुर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। इसी दिन हिंदू नववर्ष की शुरुआत भी होती है। इस मौके पर काशीवासी सूर्य को अर्घ्य देते दिखे।

दिल्ली के प्रसिद्ध कालकाजी मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही लोग माता के दर्शन के लिए लाइनों में लगे रहे। श्रद्धालु ने आईएएनएस को बताया, "आज नवरात्रि का पहला दिन है। हम माता के दर्शन करने आए हैं। प्रशासन ने अच्छी व्यवस्था की है। लाइन लंबी है, लेकिन दर्शन सुचारु रूप से हो रहे हैं।"

मंदिर में मां शैलपुत्री की पूजा की गई, जिनका प्रतिपदा के दिन आवाहन होता है। हरियाणा के झज्जर जिले के बेरी में स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। यह मंदिर महाभारत काल से जुड़ा हुआ है और पांडवों व बाबा शाम की कुलदेवी के रूप में प्रसिद्ध है। मंदिर की खासियत यह है कि यहां माता की एक प्रतिमा के लिए दो मंदिर हैं। सुबह 5 बजे प्रतिमा को बाहर वाले मंदिर में लाया जाता है, जहां भक्त दर्शन करते हैं। पुजारी ने आईएएनएस को बताया, "आज पहला नवरात्र है। माता को शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। सुबह मंगला आरती में ही भक्तों की भीड़ जुट गई थी।"

## चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा 2025: पुंछ और कठुआ के मंदिरों में उमड़े भक्त

**पुंछ/कठुआ।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन जम्मू-कश्मीर के पुंछ और कठुआ जिलों में माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। यहां भी भक्त मां भगवती के दर्शन और पूजन के लिए मंदिरों में कतार बद्ध दिखे। माहौल भक्ति से भरा हुआ है और लोग नवरात्रि के व्रत की शुरुआत कर रहे हैं। पुंछ में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास बसे मंदिरों में नवरात्रि का उत्साह दिखा। सबसे ज्यादा भीड़ शहर के बीचों-बीच स्थित प्राचीन कालिका माता मंदिर में रही। तड़के से ही बड़ी संख्या में महिलाएं और भक्त मां कालिका के दर्शन-पूजन के लिए पहुंच गए। नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्त माता के अलग-अलग रूपों की पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं। एक श्रद्धालु ने कहा, "मां के दर्शन से मन को शांति मिलती है। हर साल हम नवरात्रि पर यहां आते हैं। मंदिर में सुबह से ही जयकारों की गूंज रही। इस बीच, भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने खास इंतजाम किए हैं। कठुआ के प्रसिद्ध महाकाली मंदिर, जसरोटा में भी चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचने लगे, जिससे मंदिर परिसर भक्ति में डूब गया। मंदिर को फूलों और रोशनी से खूबसूरती से सजाया गया है। भक्तों की सुविधा के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी तरह की परेशानी न हो। महाकाली मंदिर के पुजारी अरुण गोपाल ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "सभी भक्तों को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं। मां सबकी मनोकामनाएं पूरी करें। उन्होंने बताया कि पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जा रही है और भक्त बड़ी श्रद्धा के साथ माता का आशीर्वाद लेने आ रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के नौ दिन भक्तों के लिए खास होते हैं। इस दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है। पुंछ और कठुआ में श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में हवन और पूजन में जुटे हैं। मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है, ताकि भक्त बिना किसी परेशानी के दर्शन कर सकें। भक्ति का माहौल है और लोग मां से सुख-शांति की कामना कर रहे हैं। प्रशासन ने भीड़ को संभालने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए हैं।

# लालू ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम किया : अमित शाह

**एजेंसी। पटना**



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की, वहीं राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि लालू यादव ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम करने का काम किया। उन्होंने राजद के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए कहा कि उनके शासनकाल को जंगलराज के रूप में ही याद किया जाएगा। इससे पहले पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग की ओर से समारोह का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की हजारों करोड़ की योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास और उद्घाटन किया। इससे पहले बापू सभागार में पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहे।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने लालू यादव पर सीधे तौर पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया, जबकि एनडीए की सरकार ने राशन, घर, बिजली, रसोई गैस, दवाई और मुफ्त राशन पहुंचाने का काम किया। गरीबों के लिए किसी ने कुछ किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

उन्होंने कहा कि चार करोड़ लोगों को आवास दिया गया, 11 करोड़ से अधिक लोगों को गैस का सिलेंडर दिया गया, 12 करोड़ शौचालय का निर्माण कराया गया। 81 करोड़ लोगों को प्रति माह, प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज के साथ पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान, महिला मत्स्य पालन के कार्यों को गति देने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय बनाने का काम किया। 75 साल तक किसी सरकार ने सहकारिता को मजबूत करने का काम नहीं किया। लेकिन, नरेंद्र मोदी ने इस विभाग को गति दी।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बिहार ऐसा क्षेत्र है जहां जमीन उपजाऊ है, जल संसाधन भी बहुत हैं। सहकारिता क्षेत्र का सबसे बड़ा फायदा बिहार को होने वाला है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक समय था जब देश के चीनी उत्पादन का 30 प्रतिशत उत्पादन बिहार में होता था, लेकिन लालू यादव के शासनकाल में सभी चीनी मिलें बंद हो गईं, और उत्पादन छह प्रतिशत तक पहुंच गया।

## सीएम नीतीश ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को दिया भरोसा, 'अब इधर-उधर जाने का सवाल ही नहीं'




**पटना।** बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर सभी दलों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह फिलहाल बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर भाजपा को भरोसा दिया कि अब वह कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे, बल्कि एनडीए में बने रहेंगे। दरअसल, पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमसे गलती हो गई कि हम दो बार उधर चल गए। हमारी पार्टी के ही कुछ लोगों ने गड़बड़ कर दिया था। इसलिए हम इधर से उधर चले गए थे, लेकिन अब हम लोगों ने तय कर लिया है कि कभी उधर नहीं जाएंगे। सीएम नीतीश ने इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने ही मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। अटल बिहारी वाजपेयी ने मुझ पर भरोसा जताया था। हम कैसे भूल सकते हैं। हम लोग शुरू से मिलकर काम कर रहे हैं और आगे भी मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले थे, उस समय बिहार में कोई काम नहीं हुआ था। वे लोग हिंदू और मुस्लिम के बीच सिर्फ झगड़ा करवाते थे। पढ़ाई को लेकर कोई संसाधन नहीं था। जब हम लोग 2005 में आए, तब यह सब ठीक किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर हमने काम किए हैं। हमने बिहार में पंचायत और नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया।

# ट्रम्प के तानाशाही व टैरिफ़ आतंक के विरोध में फ्रांस में मैकडॉनल्ड्स, कोका कोला , टेस्ला... "ले बॉयकॉट" आंदोलन

- हैशटैग सोशल मीडिया नेटवर्क पर फैल गया है
- यह अमेरिका के तीसरे बड़े यूरोपीय व्यापारिक साझेदार फ्रांस में अमेरिका की छवि का "ऐतिहासिक पतन" है
- फ्रांसीसी लोग व्यापार शुल्क, ट्रम्प की विविधता और समावेशन पर लगाम और ओवल ऑफिस में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ किए गए व्यवहार से विशेष रूप से नाराज़ हैं
- छात्र, छुट्टी व व्यवसाय गंतव्य के रूप में अमेरिका की लोकप्रियता 40 साल के निचले स्तर पर है

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तानाशाही व टैरिफ़ आतंक के विरोध में फ्रांस में जनता ने अमेरिकी ब्रांडों व अमेरिका में बने उत्पादों को अस्वीकार करने के लिए "ले बॉयकॉट" आंदोलन शुरू कर दिया। वहाँ बीते सप्ताह लिबरेशन अखबार के पहले पन्ने पर छपे एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 10 में से छह से अधिक फ्रांसीसी लोग अमेरिकी उत्पादों को छोड़ने का समर्थन करते हैं, और लगभग तीन में से एक पहले से ही उनसे परहेज कर रहा है। #BoycottUSA हैशटैग सोशल मीडिया नेटवर्क पर फैल गया है, जिसके बारे में शोधकर्ताओं का कहना है कि यह अमेरिका के तीसरे सबसे बड़े यूरोपीय व्यापारिक साझेदार फ्रांस में अमेरिका की छवि का "ऐतिहासिक पतन" है। कोका-कोला, मैकडॉनल्ड्स, टेस्ला, स्टारबक्स, केएफसी और एक्स उन अमेरिकी ब्रांडों में से हैं जिन्हें त्यागने के लिए कहा गया है।द गार्जियन के अनुसार सर्वेक्षणकर्ताओं द्वारा पूछे गए सवालों में एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट, बुकिंग प्लेटफॉर्म एयरबीएनबी और ट्रिपऐडवाइजर, नाइकी और कॉनवर्स का भी नाम शामिल है। सर्वेक्षणकर्ता इफॉप के फ्रांकोइस क्रॉस ने ऑब्जर्वर को बताया, "हम लोगों के रवैये में अमेरिका और उसकी नीतियों के प्रति प्रतिबंध देखना शुरू कर रहे हैं, लेकिन लोगों की सैद्धांतिक स्थिति और व्यवहार में उनके व्यवहार के बीच एक अंतर है।" सर्वेक्षण में पाया गया कि वामपंथी डेमोक्रेट समर्थक, 65 वर्ष से अधिक आयु के लोग और 2,400 यूरो प्रति माह से अधिक शुद्ध आय वाले लोग बहिष्कार के सबसे अधिक पक्ष में थे। क्रॉस ने कहा, "हमने पाया कि एक तिहाई लोग जो कहते हैं कि वे बहिष्कार कर रहे हैं, वे ज्यादातर ऐसे लोग हैं जो अच्छी तरह से शिक्षित व उचित रूप से संपन्न हैं और जो सोच-समझकर और सूचित निर्णय ले रहे हैं। ये वे लोग हैं जो एक बार अपनी आदतें बदल लेते हैं तो वे उसी पर टिके रहते हैं।" "वे ट्रान्साटलांटिक तनावों से अवगत हैं और जब तक ट्रम्प पद पर हैं, वे अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार करते रहेंगे। हालांकि, यह देखना मुश्किल है कि लंबे समय में इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।" सर्वेक्षण में पाया गया कि फ्रांसीसी लोग व्यापार शुल्क, ट्रम्प की विविधता और समावेशन पर लगाम और ओवल ऑफिस में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ किए गए व्यवहार से विशेष रूप से नाराज़ थे। फ्रांसीसी और यूरोपीय वाइन और शैंपेन पर आयात शुल्क को 200% तक बढ़ाने की ट्रम्प की धमकियों ने भी अमेरिका के प्रति उत्साह को कम किया है। सर्वेक्षण में पाया गया कि बहिष्कार के लिए समर्थन आमतौर पर राजनीतिक सक्रियता से जुड़े सामाजिक समूहों से परे दिखाई दिया। क्राउस ने कहा कि छात्र, छुट्टी व व्यवसाय गंतव्य के रूप में अमेरिका की लोकप्रियता 40 साल के निचले स्तर पर है। आज, 22% लोग अमेरिका में अध्ययन करना चाहते हैं, जबकि 2010 में यह संख्या 48% थी। वहां रहने की इच्छा रखने वालों की संख्या 30% से घटकर 22% हो गई है, और अब केवल 20% लोग ही अमेरिका में काम करना चाहते हैं, जबकि 15 साल पहले यह संख्या 37% थी। फ्रांस के उत्तरी क्षेत्र के 33 वर्षीय किसान एडौर्ड रूसेज़, जिन्होंने फेसबुक पर बॉयकॉट द यूएसए: बाय फ्रेंच एंड यूरोपियन नामक समूह बनाया था, ने कहा कि एक महीने में 25,000 से अधिक सदस्य बनने के बाद उन्हें मिली प्रतिक्रिया से वे आश्चर्यचकित हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अपने देशवासियों को अमेरिकी उत्पादों की बजाय फ्रांसीसी और यूरोपीय सामान चुनने के लिए प्रोत्साहित करना था। "हमें उम्मीद है कि यह विचार लोगों के दिमाग में तब आएगा जब वे सुपरमार्केट में होंगे और उन्हें 50 सेमी की दूरी पर स्थित दो उत्पादों के बीच चयन करना होगा, और वे ऐसा उत्पाद चुनेंगे जो उनके मूल्यों के अनुरूप हो। ज्यादातर फ्रांसीसी व यूरोपीय लोग चुपचाप, विवेकपूर्ण तरीके से, सहज रूप से ऐसा करेंगे," रूसेज़ ने कहा। आरएमसी रेडियो पर बोलते हुए, पत्रकार जीन-फिलिप डौक्स ने बहिष्कार के विचार को "हास्यास्पद" बताया। रूसेज़ ने असहमति जताई: "यह ट्रम्प या अमेरिकी अर्थव्यवस्था को उखाड़ फेंकने के बारे में नहीं है - यह संतुलन को सुधारने के लिए कुछ करने के बारे में है, चाहे वह कितना भी मामूली क्यों न हो। यह प्रतीकात्मक है, और हम जानते हैं कि अमेरिकी प्रतीकों के शौकीन हैं। हमें इराक युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए गए फ्रीडम फ्राइज़ के प्रतीकवाद की याद है। अब हम उन्हीं प्रतीकों का इस्तेमाल उनके खिलाफ कर रहे हैं। "बहिष्कार एक मजबूत और कठोर शब्द है, लेकिन हम वास्तव में जो कह रहे हैं वह है फ्रेंच और यूरोपीय खरीदें। जिस तरह अमेरिकी 'अमेरिका पहले' कह रहे हैं, हम 'फ्रांस और यूरोप पहले' कह रहे हैं।"एक व्यक्ति के रूप में मुझे लगता है कि मुझे कुछ करने की ज़रूरत है। मुझे परवाह नहीं है कि इसे हास्यास्पद माना जाता है। अर्थव्यवस्थाएँ व्यक्तियों का योग हैं, और मैं अपने भविष्य और अपने बच्चों के भविष्य के लिए फ्रेंच और यूरोपीय उत्पादों को चुनने के अपने रिवाज का उपयोग करके मतदान कर रहा हूँ।" ग्रैंड्स बुलेवार्ड्स पर, बहुत से फ्रांसीसी उपभोक्ता फ्रेंच बीफ़ से बने अपने बिग मैक और फ्रेंच मुर्गी से बने अपने चिकन नगेट्स का आनंद लेना चाहते थे।35 वर्षीय डेल्फिन, जो एक केयर असिस्टेंट हैं, ने कहा कि सिद्धांत रूप में बहिष्कार एक अच्छा विचार है। "मैं मैकडॉनल्ड्स नहीं जाती और मैं कोक नहीं पीती। हालांकि मैं अमेरिका से कुछ खरीदने के बारे में दो बार सोच सकती हूँ, लेकिन कोई स्पष्ट और असुविधाजनक विकल्प होना चाहिए। किसी भी मामले में, ऐसा नहीं है कि मैं कल टेस्ला खरीदने जा रही हूँ।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# मोथाबाड़ी में सांप्रदायिक तनाव जारी, 57 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में तनाव जारी है। यहां पर पिछले सप्ताह सांप्रदायिक हमले हुए थे। राज्य पुलिस ने इस मामले में अब तक 57 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जबकि राज्य पुलिस ने कलकत्ता हाईकोर्ट में भी दावा किया कि मोथाबाड़ी की स्थिति लगभग नियंत्रण में है, वहीं राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इन दावों का खंडन किया। शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, यदि स्थिति नियंत्रण में होती तो तनाव वाले स्थानों से दूर बैरिकेड्स लगाकर विपक्षी पार्टी के नेताओं और मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता। शुभेंदु अधिकारी ने पिछले सप्ताह राज्यपाल सीवी आनंद बोस को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने उनसे अनुरोध किया था कि वे राज्य सरकार को निर्देश दें कि स्थिति नियंत्रण में आने तक मोथाबाड़ी में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को तैनात किया जाए। इस बीच, पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार रविवार को मोथाबाड़ी का दौरा करेंगे और प्रभावित हिंदू परिवारों के सदस्यों से बात करेंगे। तनाव वाले स्थानों के आसपास पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं, संभवतः मजूमदार और उनके साथियों को अशांत क्षेत्र में जाने से रोकने के लिए।

# चैत्र नवरात्र में उपवास के दौरान खाएं ये पांच ड्राई फ्रूट्स, रहेंगे स्वस्थ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देवी पर्व चैत्र नवरात्र का आगाज हो चुका है। कई आस्थावान व्रत पूरे मनोयोग से रखते हैं। फलाहार पर पूरे नौ दिन बिता देते हैं। इन नौ दिनों के दौरान शरीर निढाल न हो, ऊर्जा बनी रही इसलिए संतुलित आहार लेना और शरीर को सही पोषण देना भी जरूरी है। ऐसे में ड्राई फ्रूट्स (सूखे मेवे) का सेवन एक बेहतरीन उपाय हो सकता है। सूखे मेवे न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं, जो शरीर को कई तरह के फायदे पहुंचाते हैं। यहां हम आपको पांच ऐसे ड्राई फ्रूट्स के बारे में बता रहे हैं जो सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। बादाम को ब्रेन फूड भी कहा जाता है क्योंकि यह दिमाग की कार्यक्षमता को बढ़ाता है और याददाश्त को तेज करता है। इसमें विटामिन ई, एंटीऑक्सीडेंट और हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो हृदय को स्वस्थ रखते हैं और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करते हैं। रोजाना 5-6 बादाम खाने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है और त्वचा भी चमकदार होती है। यह दिमाग तेज करता है, हृदय को स्वस्थ रखता है, इम्यूनिटी को मजबूत बनाता है और वजन को कंट्रोल करता है। अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होता है, जो हृदय और मस्तिष्क के लिए फायदेमंद होता है। यह सूजन को कम करने में मदद करता है और त्वचा को प्राकृतिक चमक देता है। जो लोग तनाव और अनिद्रा की समस्या से जूझ रहे हैं, उनके लिए अखरोट किसी वरदान से कम नहीं है। इसके कई फायदे हैं। यह ब्रेन फंक्शन को सुधारता है, अनिद्रा की समस्या दूर करता है, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है और त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद होता है। किशमिश (सूखे अंगूर) आयरन, कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ ही रक्त की कमी को दूर करते हैं। यह पाचन तंत्र को सुधारने और कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करता है। किशमिश हीमोग्लोबिन बढ़ाता है, हड्डियों को मजबूत करता है, पाचन को बेहतर करता है और ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है। व्रत के दौरान ये पांच ड्राई फ्रूट्स आपकी भूख को कंट्रोल रखने में मदद करते हैं, साथ ही यह पेट भी जल्दी भरता है।

काजू को ऊर्जा का बेहतरीन स्रोत माना जाता है। काजू में हेल्दी फैट्स, प्रोटीन और फाइबर होते हैं जो शरीर को दिनभर ऊर्जावान बनाए रखते हैं। यह हड्डियों को मजबूत करता है और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। काजू खाने से मूड भी बेहतर रहता है, जिससे स्ट्रेस कम होता है। यह हड्डियों को मजबूत करता है, ऊर्जा बढ़ाता है, दिल को स्वस्थ रखता है और तनाव को कम करता है। व्रत के दौरान खाए जाने वाले सबसे हेल्दी स्नैक्स में से एक है। व्रत के दौरान अधिक मात्रा में इनका सेवन करने से बचने की सलाह दी जाती है, लेकिन इस दौरान मखाना सेवन निसंकोच किए जाने की सलाह अक्सर बड़े बुजुर्ग देते हैं। मखाना एक कम कैलोरी वाला स्नैक है। इसमें कैल्शियम, प्रोटीन, फाइबर, मैग्नीशियम, फास्फोरस और पोटेशियम के साथ-साथ शरीर के लिए कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं।

## मध्य प्रदेशः नर्मदापुरम के इटारसी में दिव्यांग व्यक्ति की जलकर मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के इटारसी कस्बे में रविवार को एक दुखद घटना में एक दिव्यांग व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान राजपूत के रूप में हुई है। राजपूत अपने दोनों पैर खो चुका था। राजपूत अपने घर में आग लगने पर भागने में असमर्थ रहा, जिसके कारण वह फंस गया और उसकी मौत हो गई। इटारसी थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने आईएएनएस को बताया कि आग नेहरूगंज इलाके में तड़के साढ़े तीन से चार बजे के बीच लगी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि राजपूत के कच्चे घर में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। कुछ ही मिनटों में आग की लपटें पास के दो घरों तक फैल गईं। हालांकि, आस-पास के घरों में रहने वाले लोग, जिनमें उनका परिवार भी शामिल था, भागने में कामयाब रहा।

# कोर्ट ने पूर्व उप डाकपाल को 5 साल की सजा सुनाई, 37 लाख का जुर्माना भी लगाया

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

सीबीआई की विशेष अदालत ने आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के पूर्व उप डाकपाल बोत्सा पेडा रामा राव को मनरेगा मजदूरी में फर्जीवाड़ा करने और सरकारी धन के गबन के मामले में 5 साल की जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 37.12 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला विशाखापत्तनम की विशेष सीबीआई कोर्ट ने सुनाया। सीबीआई ने इस मामले की शुरुआत 23 मई 2016 को की थी, जब बोत्सा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोप था कि उप डाकपाल ने 11 जुलाई 2010 से 12 अक्टूबर 2015 तक उत्तरावल्ली और डोनकिनावालासा के उप डाकघरों में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए धोखाधड़ी की। बोत्सा ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी वितरण में हेराफेरी की। उसने 2013, 2014 और 2015 में पलेरू, गोलाडी, मल्लमपेटा, बदंगी, अकुलाकट्टा, कुनायावलसा, नंदीगाम और रेजेरू जैसे डाकघरों में फर्जीवाड़ा किया। जांच में पता चला कि जहां वास्तविक मजदूरी वितरण सिर्फ 4,10,307 रुपये का था, वहां बोत्सा ने 41,10,307 रुपये की राशि निकाली। इस तरह उन्होंने 37 लाख रुपये का गबन किया। इससे डाक विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार और भारत सरकार को नुकसान हुआ, जबकि खुद को फायदा पहुंचाया। सीबीआई ने जांच के बाद 1 नवंबर 2016 और 18 जनवरी 2017 को बोत्सा के खिलाफ तीन आरोप पत्र दायर किए। जांच में उनके खिलाफ ठोस सबूत मिले, जिसके आधार पर अदालत में मामला चला।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के ग्रीनलैंड दौरे पर डेनमार्क में विरोध प्रदर्शन




**नुउक (ग्रीनलैंड) (आईएएनएस)।** डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन और शहर आरहूस में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के हालिया बयान और कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शनिवार को हुआ, जो अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनके अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित पिटुफिक स्पेस बेस (पूर्व में थुले बेस) दौरे के एक दिन बाद हुआ। वेंस ने इस दौरान डेनमार्क पर ग्रीनलैंड के सुरक्षा मुद्दे या वहां के लोगों की भलाई को लेकर पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप लगाया। कोपेनहेगन में डेनमार्क के एक प्रमुख राजनेता मोगेंस लिक्केटोफ्ट, जो पूर्व विदेश मंत्री और संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं।

## 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर पूरे मणिपुर में अफस्पा लागू, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में भी अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** गृह मंत्रालय ने 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर पूरे मणिपुर में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागू करने की घोषणा की है। यह निर्णय क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर चल रही चिंताओं के बीच लिया गया है, जिसे "अशांत क्षेत्र" के रूप में वर्गीकृत किया गया है। असम की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग तथा लोंगडिंग जिलों और नामसाई जिले के नामसाई, महादेवपुर और चौखान थाना क्षेत्रों में अफस्पा को छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। नागालैंड के दिमारपुर, नियूलैंड, चूमोकेदिमा, मोन, किफरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिलों के साथ कोहिमा जिले के पांच, मोकोकचुंग जिले के छह, लोंगलेंग जिले के एक, वोखा जिले के तीन और जुनेबोतो जिले के छह थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा की अवधि छह महीने बढ़ाई गई है।सभी राज्यों में अफस्पा की नई अवधि 1 अप्रैल से प्रभावी होगी और छह महीने के लिए लागू रहेगी।

## ऑपरेशन ब्रह्मा : 52 टन राहत सामग्री के साथ नौसैना के जहाज व वायुसेना के विमान म्यांमार रवाना

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के बाद, भारत सरकार ने वहां सहायता पहुंचाने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। 30 मार्च को भारत की ओर से नौसैनिक जहाजों के जरिए करीब 52 टन राहत सामग्री म्यांमार भेजी जा रही है। इस राहत सामग्री में पीड़ितों के लिए वस्त्र, पीने का साफ पानी, खानपान की वस्तुएं, दवाइयां आदि शामिल हैं। पीड़ित लोगों को सहायता पहुंचाने के इस अभियान में भारतीय नौसेना, वायु सेना और इंडियन आर्मी अपना योगदान दे रही है। वायुसेना के मुताबिक, म्यांमार के लोगों के साथ भारतीय वायुसेना ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत और बचाव मिशन में निरंतर कार्यरत है। रविवार को इस विषय में जानकारी देते हुए वायुसेना ने बताया कि अविलंब वायुसेना ने अपने विमान सेवा में लगाए हैं। अब तक वायुसेना के विमानों से कुल 96.3 टन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जा चुकी है।

## जर्मनी का स्पेस रॉकेट क्रैश
## लॉन्च के 40 सेकेंड बाद हुआ गिराव, पेलोड नहीं था मौजूद

**जर्मनी ।** जर्मनी की स्टार्टअप कंपनी बवेरियन इसार एयरोस्पेस का स्पेस रॉकेट उड़ान के 40 सेकेंड बाद ही क्रैश हो गया। रविवार को लॉन्च इस रॉकेट का मकसद यूरोप में सैटेलाइट लॉन्चिंग प्रोग्राम को आगे बढ़ाना था। इस रॉकेट को नॉर्वे के आर्कटिक एन्डोया स्पेस पोर्ट लॉन्च किया गया था। यह रॉकेट एक मीट्रिक टन तक वजन वाले स्माल और मिडिल साइज सैटेलाइट के लिए डिजाइन किया गया है, हालांकि क्रैश के वक्त रॉकेट में कोई पेलोड नहीं था। कंपनी ने पिछले हफ्ते कहा था कि इस मिशन का मकसद कंपनी के आंतरिक रूप से विकसित लॉन्च व्हीकल का डेटा एकत्र करना है, जो इसके सभी सिस्टम का पहला इंटीग्रेटेड टेस्ट है।

## पीएम मोदी ने दिया बच्चों को मंत्र, बोले-
# गर्मियों में अपने हुनर को अच्छे से तराशा जा सकता है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 120वें एपिसोड को संबोधित करते हुए 'परीक्षा पे चर्चा' का जिक्र किया। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टियों में मैं और मेरे दोस्त दिनभर कुछ-ना-कुछ उत्पात मचाते रहते थे। पीएम मोदी ने 'मन की बात' के दौरान कहा, "जब परीक्षाएं आती हैं, तो युवा साथियों के साथ मैं 'परीक्षा पे चर्चा' करता हूं। अब परीक्षाएं हो चुकी हैं, बहुत सारे स्कूलों में तो दोबारा क्लास शुरू होने की तैयारी हो रही है। इसके बाद गर्मी की छुट्टियों का समय भी आने वाला है। साल के इस समय का बच्चों को बहुत इंतजार रहता है।

प्रधानमंत्री ने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा, "मुझे तो अपने बचपन के दिन याद आ गए जब मैं और मेरे दोस्त दिनभर कुछ-ना-कुछ उत्पात मचाते रहते थे, लेकिन साथ ही हम कुछ रचनात्मक भी करते थे, सीखते भी थे। गर्मियों के दिन बड़े होते हैं, इसमें बच्चों के पास करने को बहुत कुछ होता है। यह समय किसी नई हॉबी को अपनाने के साथ ही अपने हुनर को और तराशने का भी है। आज बच्चों के लिए ऐसे प्लेटफॉर्म की कमी नहीं है, जहां वे काफी कुछ सीख सकते हैं। जैसे कोई संस्था टेक्नोलॉजी कैंप चला रही हो, तो बच्चे वहां ऐप बनाने के साथ ही ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर के बारे में जान सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, "अगर कहीं पर्यावरण की बात हो, थियेटर की बात हो, या लीडरशिप की बात हो, ऐसे भिन्न-भिन्न विषय के कोर्स होते रहते हैं, तो उससे भी जुड़ सकते हैं। ऐसे कई स्कूल हैं, जो स्पीच या ड्रामा सिखाते हैं, ये बच्चों को बहुत काम आते हैं। इन सबके अलावा आपके पास इन छुट्टियों में कई जगह चल रहे स्वयंसेवी गतिविधियों, सेवा कार्यों से भी जुड़ने का अवसर है। ऐसे कार्यक्रमों को लेकर मेरा एक विशेष आग्रह है। अगर कोई संगठन, कोई स्कूल या सामाजिक संस्थाएं, या तो फिर साइंस सेंटर ऐसी समर एक्टिविटी करवा रहे हों, तो इसे हैशटैग माई हॉलीडेज के साथ जरूर शेयर करें। इससे देश-भर के बच्चे और उनके माता-पिता को इनके बारे में आसानी से जानकारी मिल सकेगी। पीएम मोदी ने माई-भारत का जिक्र करते हुए कहा, "मेरे युवा साथियों, मैं आज आपसे माई-भारत के उस खास कैलेंडर की भी चर्चा करना चाहूंगा, जिसे इस समर वैकेशन के लिए तैयार किया गया है। इस कैलेंडर की एक कॉपी अभी मेरे सामने रखी हुई है। मैं इस कैलेंडर से कुछ अनूठे प्रयासों को साझा करना चाहता हूं। जैसे माई-भारत के स्टडी टूर में आप ये जान सकते हैं कि हमारे 'जन औषधि केंद्र' कैसे काम करते हैं। आप वाइब्रेंट विलेज अभियान का हिस्सा बनकर सीमावर्ती गांवों में एक अनोखा अनुभव ले सकते हैं। इसके साथ ही वहां कल्चर और स्पोर्ट्स एक्टिविटी का हिस्सा जरूर बन सकते हैं। वहीं अंबेडकर जयंती पर पदयात्रा में भागीदारी कर आप संविधान के मूल्यों को लेकर जागरूकता भी फैला सकते हैं। पीएम मोदी ने बच्चों और माता-पिता से अपील करते हुए कहा कि बच्चों और उनके माता-पिता से भी मेरा विशेष आग्रह है कि वे छुट्टियों के अनुभवों को हैशटैग हॉलीडे मेमोरीज के साथ जरूर साझा करें। मैं आपके अनुभवों को आगे आने वाली 'मन की बात' में शामिल करने का प्रयास करूंगा।


## मन की बात

### पीएम मोदी ने फूलों की अनोखी यात्रा का किया जिक्र, महुआ से कुकीज तक की सुनाई कहानी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों से फूलों की खास यात्रा की बात की। उन्होंने बताया कि फूल सिर्फ मंदिरों की शोभा या घर की सजावट तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अब इनसे नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। पीएम ने महुआ के फूलों से बनी कुकीज और गुजरात के कृष्ण कमल की कहानी साझा की, जो लोगों को प्रेरित कर रही है। पीएम ने कहा कि महुआ के फूल गांवों और आदिवासी समुदायों के लिए खास हैं। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के राजाखोह गांव में चार बहनों ने महुआ से कुकीज बनाना शुरू किया। उनकी मेहनत से ये कुकीज इतनी पसंद की जा रही हैं कि मांग बढ़ती जा रही है। एक बड़ी कंपनी ने इन बहनों को फैक्ट्री में काम करने की ट्रेनिंग दी। इससे प्रेरित होकर गांव की कई महिलाएं भी इस काम में जुट गईं। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले की दो बहनों की कहानी भी कम रोचक नहीं है। उन्होंने महुआ के फूलों से तरह-तरह के पकवान बनाए, जिनमें आदिवासी संस्कृति की झलक है। लोग इन पकवानों को खूब पसंद कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि ये महिलाएं अपने जज्बे से फूलों की यात्रा को नई दिशा दे रही हैं।

इसके बाद पीएम ने गुजरात के एकता नगर में खिलने वाले 'कृष्ण कमल' का जिक्र किया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के आसपास यह फूल पर्यटकों को खूब भा रहा है। एकता नगर के आरोग्य वन, एकता नर्सरी, विश्व वन और मियावाकी जंगल में लाखों कृष्ण कमल के पौधे लगाए गए हैं।

> **पीएम** ने महुआ के फूलों से बनी कुकीज और गुजरात के कृष्ण कमल की कहानी साझा की, जो लोगों को प्रेरित कर रही है।



### मोदी ने 'मन की बात' में जल संरक्षण को बताया अहम, 'कैच द रेन' अभियान का किया जिक्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 120वें एपिसोड में जल संरक्षण को देश के लिए जरूरी बताया। इस दौरान उन्होंने देशभर में जलशक्ति मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की और जल संरक्षण के महत्व को समझाया। प्रधानमंत्री ने कहा, "गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर-शहर, गांव-गांव, पानी बचाने की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं। अनेक राज्यों में वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े कामों ने, जल संरक्षण से जुड़े कामों ने नई तेजी पकड़ी है। जलशक्ति मंत्रालय और अलग-अलग स्वयंसेवी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं। उन्होंने जल संरक्षण के उपायों का जिक्र करते हुए कहा, "देश में हजारों कृत्रिम तालाब, चेक डेम, बोरवेल रिचार्ज, कम्युनिटी सॉक पिट का निर्माण हो रहा है। हर साल की तरह इस बार भी 'कैच द रेन' अभियान के लिए कमर कस ली गई है। ये अभियान भी सरकार का नहीं बल्कि समाज का है, जनता-जनार्दन का है।" पीएम मोदी ने जल संचय जन-भागीदारी अभियान को भी महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह प्रयास है कि "जो प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं, उसे हमें अगली पीढ़ी तक सही सलामत पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री ने उदाहरण के तौर पर बताया कि कैसे बारिश की बूंदों को संरक्षित कर पानी बर्बाद होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा, "पिछले कुछ सालों में इस अभियान के तहत देश के कई हिस्सों में जल संरक्षण के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

> **गर्मी** का मौसम शुरू होते ही शहर-शहर, गांव-गांव, पानी बचाने की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं।

## अमेरिका में मस्क को हिटलर, तानाशाह बता लोग करने लगे प्रदर्शन

**ब्यूरो**



● टेस्ला शोरूम्स के बाहर होने लगी मस्क के विरुद्ध नारेबाजी

**नई दिल्ली।** विश्व के सबसे धनी आदमी एलन मस्क जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यार भी हैं , के विरुद्ध अमेरिका में प्रदर्शन होने लगे हैं।उनकी कार कंपनी टेस्ला शोरूम्स के बाहर ही उनके खिलाफ नारेबाजी हो रही है। कोई मस्क को हिटलर बता रहा है, तो कोई उनको तानाशाह कह रहा है। जब से राष्ट्रपति ट्रंप ने मस्क को दक्षता विभाग का प्रमुख बनाया है, खर्चे बचाने की आड़ में कई लोगों को नौकरी से निकाला जा चुका है, कई दफ्तर भी बंद हुए हैं, तबसे इस सबको लेकर अमेरिका में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। और यह नाराजगी केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है, बल्कि यूरोप में भी लोग सड़कों पर उतरे हैं। अमेरिका में इस समय न्यू जर्सी, मैसाचुसेट्स, कनेक्टिकट, न्यूयॉर्क, मैरीलैंड, मिनेसोटा और टेक्सास में सबसे ज्यादा विरोध प्रदर्शन होते दिख रहे हैं, नाराज लोग अपनी आपत्ति दर्ज करवाने के लिए हार्न भी बजा रहे हैं, तानाशाही को खत्म करने की कसमें खा रहे हैं। वैसे गुस्सा तो फ्रांस व जर्मनी तक में दिखा है जहां लोगों ने थोड़ा हिंसक रूप अपनाते हुए टेस्ला की ही सात गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। एलन मस्क ने पिछले कुछ महीनों में राष्ट्रपति ट्रंप का कुछ ज्यादा ही भरोसा जीता है। प्रमुख वजह उनके चुनावी प्रचार में मस्क द्वारा काफी पैसा लगाया जाना भी रहा। मस्क के एक्स प्लेटफॉर्म के मार्फत भी माहौल बनाने की कोशिश हुई थी।

हाल ही में जब स्पेस स्टेशन सुनीता विलियम्स की धरती वापसी हुई, उसमें भी मस्क की कंपनी स्पेस एक्स ने एक बड़ी भूमिका निभाई थी। इसी वजह से मस्क की ताकत बढ़ती जा रही है, और उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी शुरू हुए हैं।लेकिन ट्रम्प मेहरबान तो मस्क पहलवान को चरितार्थ करते हुए एलन मस्क ज्यादा चिंतित नहीं हैं। कुछ दिन पहले ही टेस्ला के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि ऐसे विरोध प्रदर्शन उनकी कंपनी को नुकसान नहीं पहुंचा सकते, इस साल उनकी कारें सबसे ज्यादा बिकेंगी। उन्होंने दावा किया कि टेस्ला का भविष्य उज्जवल है और रोमांच से भरा रहने वाला है।यह है अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का सबसे चहेता होने के चलते मस्क की अकड़।जो अमेरिका के तमाम लोगों को अझेल होने लगा है।सो वे सड़कों पर उतरने लगे हैं, मस्क की कंपनी की कार को जलाने लगे हैं, शोरूम के सामने प्रदर्शन करने लगे हैं। देखिए आगे क्या होता है? क्योंकि ट्रम्प मेहरबान तो मस्क पहलवान वाली स्थिति जो है।

## ऑपरेशन ब्रह्मा : भूकंप से प्रभावित म्यांमार को भारत की तीसरी मदद



**नई दिल्ली (आईएएनएस) ।** म्यांमार में भूकंप से मची तबाही के बाद भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया है। इसी कड़ी में शनिवार को 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत भारत का एक और सी-130 विमान म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ में लैंड हुआ। इस विमान के जरिए साथ 38 एनडीआरएफ कर्मी और 10 टन राहत सामग्री भेजी गई है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "एक और सी-130 विमान एनडीआरएफ के 38 कर्मियों और 10 टन राहत सामग्री के साथ राजधानी शहर नेपीडॉ में उतरा।

## सार्वजनिक संपत्ति को हुआ नुकसान
## काठमांडू सिविक बॉडी ने नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र पर लगाया जुर्माना

**काठमांडू (आईएएनएस)**


नेपाल की राजधानी में राजशाही समर्थक विरोध प्रदर्शनों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति और पर्यावरण को हुए नुकसान के लिए काठमांडू के नागरिक निकाय ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर जुर्माना लगाया है। यह विरोध प्रदर्शन ज्ञानेंद्र शाह के आह्वान पर आयोजित किया गया था, जिससे काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी (केएमसी) ने काठमांडू के बाहरी इलाके महाराजगंज में उनके आवास पर एक पत्र भेजा। इस पत्र में केएमसी ने उनसे 7,93,000 नेपाली रुपये का मुआवजा देने को कहा। साथ ही, सरकार ने उनका पासपोर्ट भी रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह जुर्माना सड़कों और फुटपाथों पर कचरे के अनुचित निपटान, साथ ही भौतिक संरचनाओं को हुए नुकसान के लिए लगाया गया। केएमसी ने शनिवार को कचरा प्रबंधन अधिनियम, 2020 और काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी फाइनेंस एक्ट, 2021 के उल्लंघन का हवाला देते हुए जुर्माना नोटिस जारी किया।



रिपोर्ट के मुताबिक, काठमांडू के कई हिस्सों में शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति देखी गई, जब राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, एक राजनीतिक दल के कार्यालय पर हमला किया, वाहनों में आग लगा दी और काठमांडू के तिनकुनेबनेश्वर इलाके में दुकानों में लूटपाट की। इस हिंसक झड़प में एक टीवी कैमरामैन सहित दो लोगों की मौत हो गई और 110 अन्य घायल हो गए। ज्ञानेंद्र शाह को भेजे गए पत्र में (जिसकी प्रतियां मीडिया को भी दी गईं) केएमसी ने कहा, "पूर्व सम्राट के आह्वान पर आयोजित विरोध प्रदर्शन ने महानगर की विभिन्न संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया और राजधानी शहर के पर्यावरण को प्रभावित किया।

## लेबनानी सेना ने शुरू की इजरायल में रॉकेट दागे जाने की जांच संदिग्धों को किया गिरफ्तार

**बेरूत (आईएएनएस)।** लेबनानी सेना के कमांडर जनरल रोडोल्फ हेकल ने कहा कि सेना शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान से इजरायल में हुए रॉकेट हमले की जांच कर रही है। हेकल ने शनिवार को दक्षिण लिटानी सेक्टर कमांड और सीमा पर सैन्य ठिकानों के निरीक्षण के दौरान हमलों की जांच को लेकर यह बयान दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि लेबनानी क्षेत्र से रॉकेट हमले 'दुश्मन' की मदद करते हैं और उन्होंने सेना की भूमिका की पुष्टि की कि वह राजनीतिक या सांप्रदायिक संबद्धताओं से परे लेबनान और इसके लोगों की रक्षा करेगी।




## कहानी फिल्म जगत की

## संजय दत्त ने कहा- छोटे भाई सलमान के साथ काम करने का उत्साह... एक नई और रोमांचक शुरुआत!

हम (सलमान और मैं) साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले हमने 'साजन' और 'चल मेरे भाई' में काम किया था। यह एक एक्शन फिल्म है और मैं बहुत उत्साहित हूं कि मैं 25 साल बाद अपने छोटे भाई के साथ काम करूंगा।



> मैं 25 साल बाद अपने छोटे भाई के साथ काम करूंगा।

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने शनिवार को कहा कि वह अभिनेता एवं अपने मित्र सलमान खान के साथ एक बार फिर किसी फिल्म में काम करने को लेकर उत्साहित हैं। दत्त ने अपनी आगामी फिल्म ''भूतनी'' के ट्रेलर लॉन्च के अवसर पर प्रेस वार्ता में संवाददाताओं से कहा, ''हम (सलमान और मैं) साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले हमने 'साजन' और 'चल मेरे भाई' में काम किया था। यह एक एक्शन फिल्म है और मैं बहुत उत्साहित हूं कि मैं 25 साल बाद अपने छोटे भाई के साथ काम करूंगा। इस सप्ताह की शुरुआत में, सलमान ने दत्त के साथ एक नयी फिल्म किए जाने की खबर साझा की थी। सलमान ने कहा था, ''मैं 'सिकंदर' के बाद एक और बड़ी एक्शन फिल्म कर रहा हूं। मैं फिल्म जगत के अपने बड़े भाई संजय दत्त के साथ नजर आऊंगा।

# चुनाव के परिणाम को बदल सकते हैं मुद्दे व परिस्थिति : के. राजू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित शिविर मंथन का पांचवा दिन दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में हारने वाले प्रत्याशियों और द्वितीय सत्र में प्रदेश मीडिया प्रभारी, चेयरमैन, प्रवक्ता, सोशल मीडिया व जिला प्रवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि चुनाव में परिणाम को मुद्दे और परिस्थितियां बदल सकती हैं।

उन्होंने कहा कि बैठक में आए सुझाव और सूचना को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों से जो बातें आई हैं, वह विचारणीय है और इसे एक सांगठनिक मजबूती की पहल होगी। सकारात्मक विचारों का उपयोग करके हम संगठन को प्रत्येक स्तर पर मजबूत कर सकेंगे। एक वर्ष के अंदर झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव हुआ। उम्मीद के अनुसार परिणाम से हम दूर रहे। यदि चुनाव में संगठन के स्तर पर समन्वय में थोड़ी भी चूक होती है तो परिणाम बदल सकते हैं। इस गंभीर स्थिति पर हमें अभी से नजर रखकर कार्य करना होगा।

बैठक में प्रमुख रूप से सुबोध कांत सहाय, राजेश ठाकुर, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, के एन त्रिपाठी, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, अजय शाहदेव, अरुण साहू, पूर्णिमा नीरज सिंह, यशस्विनी सहाय, अनुपमा सिंह, मुन्ना सिंह, सुधीर चंद्रवंशी, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, संजय पांडेय, लाल किशोरनाथ शाहदेव, अमूल्य नीरज खलखो, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, आभा सिन्हा, गजेंद्र सिंह, शांतनु मिश्रा, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, अभिलाष साहू, संजय कुमार उपस्थित थे।

## शहरी क्षेत्र में पार्टी का परिणाम संतोषजनक नहीं : कमलेश



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड में आने वाले समय में शहरी निकाय का चुनाव है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र में परिणाम संतोषजनक नहीं है। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के रूख को भांपना होगा। आपसी तालमेल के साथ उम्मीदवारों का चयन कर उन्हें समर्थन देकर जिताने की कोशिश करनी है। चुनाव में जीत के लिए बदली रणनीति के तहत तैयारी करनी है। वार्ड स्तर पर मजबूत समितियों का गठन करना है, ताकि संगठन द्वारा समर्थित उम्मीदवार जीतकर आए।

## समय पर होना चाहिए प्रत्याशियों का चयन : प्रदीप यादव



कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव हम जीतने की स्थिति में थे। कांग्रेस के पक्ष में चुनावी लहर थी, राहुल गांधी के संघर्ष से हमें फायदा मिल रहा था। गठबंधन भी एकजुट और मजबूत था, लेकिन फिर भी हम कई सीटों पर हारे। हमें गहरी समीक्षा कर उसमें सुधार करना होगा। संगठन सृजन अभियान से हमें अगले 4 वर्षों में खुद को मजबूत करना है। मतदाताओं के छिटकने के कारणों की पड़ताल करके उस पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। किसी भी स्तर के चुनाव में उम्मीदवारों का चयन समय पर होना चाहिए, ताकि पूरी तैयारी के साथ पार्टी चुनाव लड़ सके।

### पशुपतिनाथ मंदिर में नववर्ष का हुआ भव्य स्वागत

# वर्ष प्रतिपदा संपूर्ण सृष्टि का नववर्ष : वीके गाढ्यान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में रविवार को सुबह भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 पर भगवान भास्कर को दीप अर्पण एवं भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रसिद्ध गायिका श्रुति देशमुख एवं मंडली द्वारा भगवान शिव, गणेश, मां दुर्गा एवं प्रभु श्रीराम को समर्पित दो घंटे का भजन प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ। भजन मंडली में उत्तम देशमुख, कविता ओझा, उदय देशमुख एवं अभ्यंकर साहू शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं चिन्तक विनोद कुमार गढ्यान ने कहा कि वर्ष प्रतिपदा साल का सर्वोत्तम दिन है जिस दिन से कोई भी शुभ कार्य प्रारंभ किया जा सकता है। आज प्रकृति यौवन पर होती है, प्रसन्न रहती है तथा वातावरण में ताजगी, सुगंध, सकारात्मकता एवं प्रकाश का फैलाव रहता है। ऋषियों ने हमारे शरीर, मन और बुद्धि को संतुलित कर जीवन को प्रखर मार्ग पर ले जाने के उद्देश्य से विक्रम संवत की शुरूआत की थी। सम्राट विक्रमादित्य ने आक्रमणकारी शकों को पूरी तरह भारत भूमि से खदेड़कर परास्त किया था। इस स्मृति में विक्रम संवत की शुरूआत हुई। श्री गढ्यान ने कहा कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी इसलिए यह केवल भारत का नहीं, बल्कि पूरी सृष्टि का नव वर्ष है। इसी दिन भगवान राम और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, आर्य समाज की स्थापना तथा संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। वासंती नवरात्र का प्रारंभ भी इसी दिन होता है। महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि कई राज्यों में यह पर्व विभिन्न नाम से मनाया जाता है।

## पांच से ट्रेनों का अवधि विस्तार

**रांची।** ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रांची रेलमंडल होकर परिचालित होने वाली हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल और चर्लपल्ली-रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल वाया रांची के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन वाया रांची पांच अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से प्रस्थान करेगी। रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन वाया रांची आठ अप्रैल से एक जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से प्रस्थान करेगी। चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल ट्रेन वाया रांची सात अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को चर्लपल्ली से रात 11 बजे रवाना होगी। रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन वाया रांची 10 अप्रैल से तीन जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को रक्सौल से प्रस्थान करेगी और चर्लपल्ली रात 7.40 बजे पहुंचेगी।

### मंत्री ने अंकुरम आईवीएफ, आईवीएफ एवं फर्टिलिटी सेंटर का किया उद्घाटन

# राज्य में पीपीपी मॉडल पर खुलेंगे पांच नए अस्पताल : स्वास्थ्य मंत्री

- ***राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांति लाएगी 300 नई एंबुलेंस और 300 बाइक एम्बुलेंस***
- ***आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे सरकारी अस्पताल, विशेषज्ञ डॉक्टरों की होगी नियुक्ति***



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने धनबाद में अंकुरम आईवीएफ-आईवीएफ एवं फर्टिलिटी सेंटर का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि संतान सुख से बड़ा कोई सुख नहीं होता। उन्होंने कहा, जो मां या बहन संतान सुख से वंचित रह जाती हैं, उन्हें न केवल परिवार में बल्कि समाज में भी कई तरह की परेशानियों और तानों का सामना करना पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन आधुनिक टेक्नोलॉजी ने इस स्थिति को बदल दिया है। अब आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) जैसी तकनीक के माध्यम से बांझपन का सफल उपचार संभव हो गया है, जिससे मातृत्व का सुख पाने की राह आसान हुई है। मंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि दूरदराज के गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए राज्य सरकार 300 नई एंबुलेंस और 300 बाइक एम्बुलेंस की व्यवस्था कर रही है, जिससे आपात स्थिति में लोगों को त्वरित चिकित्सा सेवा मिल सकेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि झारखंड में इलाज के अभाव में अब किसी की जान नहीं जाएगी। मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाने के लिए राज्य में पीपीपी मॉडल के तहत नए अस्पताल खोले जाएंगे, ताकि सरकारी अस्पतालों पर बोझ कम हो और मरीजों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकारी अस्पतालों में आधुनिक तकनीक वाली मशीनें लगाई जाएंगी और उन्हें संचालित करने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। मंत्री ने कहा कि मैं स्वयं एक डॉक्टर हूं और राज्यवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हर निर्णय झारखंड के हित में लिया जा रहा है और इसके लिए मुझे जनता का समर्थन चाहिए।

## झारखंड में दो तक गर्मी से राहत नहीं, तीन को बारिश




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अगले तीन दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। लेकिन, तीन अप्रैल से बारिश होने के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना भी व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में कई जिलों में गर्मी सामान्य है। बोकारो और प. सिंहभूम को छोड़ अधिकांश शहरों का तापमान सामान्य के करीब है। लेकिन, अगले तीन दिन मौसम साफ रहने और चिलचिलाती धूप के कारण अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। बारिश से राज्य में तीन से पांच तक राहत मिलने के आसार हैं।

राज्य में रविवार को राजधानी समेत शहरों के तापमान में मामूली वृद्धि हुई। रांची का अधिकतम तापमान सामान्य के करीब है। यहां अधिकतम 34.3 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि, बोकारो का तापमान सबसे अधिक 39.1 डिग्री रहा। यहां तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। जबकि, मेदिनीनगर का 37.8 और जमशेदपुर का अधिकतम 37.5 डिग्री रहा। राज्य के सभी शहरों का तापमान 39.0 डिग्री से नीचे रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के उपर वातावरण के उपरी सतह पर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बन रहा है। इसके कारण अगले तीन दिनों बाद हवा के रुख में परिवर्तन आ सकता है। इसके प्रभाव से झारखंड के मौसम में भी बदलाव आएगा।

# 22 किलो गांजा के साथ तस्कर हुए गिरफ्तार



- ***ओडिशा से गांजा लाकर रांची के छोटे तस्करों तक करता था सप्लाई***

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रातू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 22 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम गंगा सागर राय है। वहीं, ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गांजा का होलसेल कारोबारी है। उन्होंने बताया कि यह ओडिशा से गांजा लाकर रांची के छोटे- छोटे तश्कारों को बेचता था। सागर राय रांची में रातू में महराजा तलब के सामने किराए के मकान में रहता था। लेकिन यह मूल निवासी उत्तरप्रदेश के गाजीपुर का है।

# प्रकृति की पूजा करने वाला समाज संवेदनशील : के. राजू

- ***आदिवासी समाज का सरहुल पर्व पूरे भारतवर्ष में पर्यावरण को संरक्षण देने का संदेश देता है***

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू ने बनहौरा में सरहुल को लेकर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का सरहुल का पर्व पूरे भारतवर्ष में पर्यावरण, जंगल, पहाड़, पानी को संरक्षण देने का संदेश है, जो हमें प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है। जिस समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है, वह निश्चित रूप से संवेदनशील समाज होता है। प्रकृतिपूजक आदिवासी समाज पर्यावरणीय संतुलन को बरकरार रखने और जंगलों की रक्षा के लिए कृत संकल्प होता है। सरहुल के संदेश से पूरे विश्व को सीखने की आवश्यकता है। आज पूरे विश्व में वनों को बचाने और उनके क्षेत्रफल बढ़ाने पर चर्चा की जा रही है। झारखंड में इस दिशा में काफी प्रयास जारी है। झारखंड अपने प्राकृतिक परिवेश के लिए जाना जाता है। आज आदिवासी समुदाय के संरक्षण और विकास की आवश्यकता है। जंगलों को बचाने में आदिवासी समुदाय का प्रमुख योगदान रहता है। प्रकृति पूजक यह समुदाय सरहुल के रूप में सामूहिक उत्सव का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सतीश पॉल मुंजनी, शांतनु मिश्रा, अजय नाथ शाहदेव, रियाज अंसारी उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान से मंईयां स्वावलम्बन कार्यक्रम का आयोजन

# मंईयां सम्मान राशि से आर्थिक संपन्न होने की दिशा में पहल : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जिला में मंईयां सम्मान योजना से संबंधित लगभग 20 हजार महिला समूहों के साथ बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री रामपुर आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति सभागार में मंईयां सम्मान से मंईयां स्वावलम्बन कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार मंईयां सम्मान के रूप में योग्य लाभुकों को 2500 रुपए की सम्मान राशि दे रही है। अब इस राशि से कैसे अपने परिवार को आर्थिक रूप से संपन्न करना है यही इसका मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए आप महिला स्वालंबी बनने के लिए बकरी पालन, मुर्गी पालन, अंडा उत्पादन के जरिए स्वरोजगार अपना कर अपने आप को आर्थिक रूप से मजबूत कर पाएंगी। आर्थिक रूप से मजबूत होने पर आप अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकती है। इससे उनके लालन-पालन में भी कोई परेशानी नही होगी। पोल्ट्री फार्मिंग से महिला स्वावलंबन की दिशा में बहुआयामी लाभ कम लागत में प्रत्येक परिवार को प्राप्त होंगे। इससे किशोरियों के पोषण, महिलाओं के स्वावलंबन एवं अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत वर्ष में प्रत्येक लाभुकों को हर वर्ष मिलने वाली 30 हजार सम्मान राशि के सदुपयोग से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सार्थक पहल किया जा रहा है। इसके लिए व्यापक पैमाने पर कार्य योजना तैयार की जा रही है।

**साइबर अपराधियों से सतर्क रहें :** उपायुक्त ने सभी दीदियाँ से कहा की कैसे साइबर अपराधी लोगों को ठग रहें है कैसे लाभुकों को भी साइबर अपराधियों से सतर्क रहना है। उन्होंने कहा की अपने बैंक डिटेल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साझा करने के दौरान पूरी सावधानी बरतें, साइबर अपराधियों के चंगुल में न आयें। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, डीपीएम झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी निशिकांत नीरज, मुखिया रामपुर पंचायत सरस्वती देवी, आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की अध्यक्ष नेहा कुजूर, उपाध्यक्ष अनीता देवी एवं सभी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की सदस्य शामिल थी।

## कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की हुई पूजा

**रांची।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन रविवार को राजधानी में घर से लेकर मंदिरों तक मां दुर्गा के पहले स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा की गई। भक्तों ने पूजा आरंभ कलश स्थापना के साथ किया। घटस्थापना के बाद मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही शहर के विभिन्न चैती दुर्गा पूजा पंडालों में भी कलश स्थापना के साथ पहले स्वरूप के पूजा की गई। शास्त्रों में माता पार्वती को मां शैलपुत्री कहा जाता है। उनका वाहन वृषभ है, इसलिए उन्हें वृषभारूढ़ा भी कहा जाता है। शहर में डोरंडा चैती दुर्गा पूजा समिति, श्री चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तालाब, चुटिया श्रीराम मंदिर, श्री व्यासजी यज्ञबाबा आश्रम, आम्रकुंज मोरहाबादी समेत कई मंदिरों में नवरात्र का अनुष्ठान हो रहा है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और विधि विधान से मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना करता है उसकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही व्यक्ति के जीवन में जो कष्ट हैं उनसे भी छुटकारा मिलता है। पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि शनिवार को दिन के 4.32 बजे के बाद चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि आरंभ हुई जो रविवार को दिन के 2.12 बजे तक रही। सूर्योदय के समय प्रतिपदा होने के कारण दिन भर प्रतिपदा की तिथि मान्य रही।

### प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम, बोले बाबूलाल

# प्रेरित करने वाला है पीएम मोदी का अपनी जड़ों से जुड़ने का आह्वान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूरे प्रदेश में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आम जनता के साथ बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 120 वाँ एपिसोड सुना। प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी रांची महानगर द्वारा मोरहाबादी के पाही बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने लोगों को भारतीय नव वर्ष, ईद और सरहुल की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण देश है। नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम में भारत की परंपरा, संस्कृति, विरासत, योग, आयुर्वेद की चर्चा सभी एपिसोड में प्रायः रहती ही है। कहा कि मन की बात में आज फूलों की यात्रा जैसे विषय में महुआ की चर्चा काफी प्रेरक है। कहा कि आज प्रधानमंत्री के द्वारा विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोगों द्वारा अपनी विरासत और संस्कृति से जुड़े रहने की बातों को उजागर किया। कहा कि प्रधानमंत्री का अपनी जड़ों से जुड़ने वालों को बड़ा तूफान भी विचलित नहीं कर सकता प्रेरित करने वाला आह्वान है। उन्होंने कहा कि मन की बात में महान सांस्कृतिक विरासत, भारत की प्रगति, आम जन की सहभागिता, नवाचारों की चर्चा तथा विश्व और भारत की चुनौतियों की चर्चा भी शामिल है। उन्होंने गौरवशाली अतीत से प्रेरित होते हुए विकसित भारत, एक भारत , श्रेष्ठ भारत बनाने में हर नागरिक की भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया। मन की बात कार्यक्रम को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित प्रदेश के पदाधिकारीगण कार्यकर्ता विभिन्न जिलों में बूथों पर शामिल हुए।



## कांग्रेस के लोग संघ कार्यालय जाकर संघ को समझें

प्रधानमंत्री का नागपुर संघ मुख्यालय जाने को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इसकी तो प्रशंसा होनी चाहिए। पीएम राष्ट्र भक्तों के संगठन के मुख्यालय गए हैं और कांग्रेस को पेट में दर्द है तो उसे दूर से नहीं बल्कि संघ मुख्यालय जाकर नजदीक से संघ को समझना चाहिए। कहा कि कांग्रेस पार्टी तो कसाब जैसे आतंकवादी को बचाने के लिए रात दिन एक कर देती है। प्रधानमंत्री तो वहां गए जहां देश भक्ति पढ़ाई जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी इधर उधर घूमते रहते हैं अच्छा होता एक बार संघ कार्यालय जाकर संघ को देखते समझते।

## सप्ताह में दो दिन आयुक्त के कोर्ट में लंबित मामले की सुनवाई हो रही है



**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त के कोर्ट में अब नियमित रूप से मामले की सुनवाई हो रही है। हाल के दिनों में वर्षों से लंबित मामलों का भी निष्पादन हो रहा है। इससे लंबित मामलों की संख्या में भी कमी आ रही है । लोगों को भी सुविधा हो रही है। पूर्व में नियमित कोर्ट नहीं होने के कारण साल दर साल वादों की संख्या में वृद्धि हो रही थी। इससे लोगों को भी परेशानी हो रही थी। बताया गया कि आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने पदभार संभालने के बाद इस दिशा में सक्रियता के साथ कार्य शुरू किया है। अब नियमित रूप से सप्ताह में दो दिन आयुक्त के कोर्ट में मामले की सुनवाई हो रही है। मामले का निष्पादन किया जा रहा है। आयुक्त कार्यालय द्वारा जनशिकायतों पर भी कार्रवाई की जा रही है। आमलोगों से प्राप्त शिकायतों को निष्पादन के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाता है और उस पर क्या कार्रवाई की गयी, इसके बारे में विभागवार जानकारी भी ली जा रही है।

### अनुज महीनों जमशेदपुर में छुपा रहा व पुलिस को भनक तक नहीं लगी, बोले सरयू राय

# अनुज कनौजिया के पीछे कौन था पुलिस उजागर करे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सूरयू राय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के एटीएस (आतंक निरोधी दस्ता) द्वारा जमशेदपुर के गोविंदपुर में छुपे हुए यूपी के दुर्दांत अपराधी रहे मुख्तार अंसारी का शूटर अनुज कनौजिया का एनकाउंटर किया जाना और एनकाउंटर के दौरान यूपी के पुलिस अधिकारी के हाथ में गोली लगना एक सामान्य घटना नहीं है। जमशेदपुर पुलिस को इस घटना को गंभीरता से लेना होगा और इसके पीछे छुपे हुए चेहरों को उजागर करना होगा ताकि बाहर के अपराधी यहां आकर महीनों छुप न सकें और किसी वारदात को अंजाम न दे सकें। यहां जारी एक बयान में श्री राय ने कहा कि यूपी का दुर्दांत अपराधी जमशेदपुर आकर महीनों छुपा रहता है तो इसके पीछे जमशेदपुर के किसी न किसी गिरोह का हाथ संभव है। अनुज कनौजिया जमशेदपुर बिना किसी मकसद के क्यों आएगा। जमशेदपुर के आपराधिक अथवा राजनीतिक जगत की कौन सी ऐसी शक्तियां हैं, जिन्होंने इसे जमशेदपुर बुलाया और महीनों छुपा कर



रखा? इन शक्तियों का इसके पीछे क्या मकसद था, इसकी पड़ताल आवश्यक है। यह भी आश्चर्यजनक है कि जिस थाना क्षेत्र में बाहर का दुर्दांत अपराधी आकर रहता है, उसकी सूचना थाना तथा पुलिस की संबंधित विशेष शाखा को नहीं हो पायी। ऐसा लगता है कि पुलिस का सूचना तंत्र थाना स्तर पर कामयाब नहीं रहा। अब, जबकि इस मामले में एकाध गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, तो अनुज कनौजिया के जमशेदपुर आने का असली उद्देश्य क्या था और इसके पीछे प्रत्यक्ष और परोक्ष रुप से किनका हाथ था, इसका रहस्योद्घाटन कठिन नहीं है।

संभव है कि अनुसंधान के दौरान प्रभावशाली स्तर से पुलिस पर दबाव आए और पुलिस को निष्पक्ष अनुसंधान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़े।

सरयू राय ने कहा कि इस संभावना को ध्यान में रखते हुए और मामले का एक से अधिक राज्यों से संबंध होने के नाते इसकी जांच या तो पुलिस में एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) गठित किया जाए या इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी जाए। जब यूपी एटीएस विगत कई दिनों से अनुज कनौजिया के बारे में सटीक सूचनाएं जमा कर रहा था, तब उन्होंने वैसे लोगों की शिनाख्त जरूर की होगी, जिन्होंने इस दुर्दांत अपराधी को आश्रय प्रदान किया था तथा अपना स्वार्थ पूरा करने के लिए कनौजिया को जमशेदपुर बुलाया था। इस मामले की जांच में यूपीएटीएस द्वारा एकत्र की गई सूचनाओं को भी जमशेदपुर पुलिस को मंगाना चाहिए और जांच प्रक्रिया में यूपीएटीएस का भी सहयोग लिया जाना चाहिए।

श्री राय ने कहा कि यह महज संयोग नहीं हो सकता कि जिस मकसद से अनुज कनौजिया को किसी खास प्रभावशाली समूह द्वारा जमशेदपुर बुलाया गया था, वह उद्देश्य पूरा होने के पहले ही वह यूपी एटीएस के हाथों मारा गया। जितने दिनों से अनुज कनौजिया जमशेदपुर में था, अवश्य ही उसे लाने वालों ने उसका इस्तेमाल करने की योजना बनाई होगी और योजना को अंजाम देने का प्रयास भी किया होगा। परिस्थिति अनुकूल नहीं होने के कारण यह योजना अभी तक कामयाब नहीं हुई होगी होगी और इसी बीच यूपी एटीएस के एनकाउंटर में अनुज मारा गया। संभव है कि अगर वह मारा नहीं गया होता तो कुछ दिनों में जमशेदपुर के अपराध जगत में भी कोई न कोई संगीन कारनामा हो सकता था। जमशेदपुर पुलिस की जांच में इन सभी आयामों पर अनुसंधान होना चाहिए। अनुज कनौजिया जितने दिनों तक छुप कर रहा था, उतने दिनों तक उसकी गतिविधियों तथा उसे यहां लाने वालों और छुपा कर रखने वालों की गतिविधियों और उनके संपर्क सूत्रों की भी छानबीन होनी चाहिए। इस संबध में आवश्यक सूचनाएं एकत्र की जानी चाहिए ताकि जमशेदपुर के आम नागरिक आश्वस्त हो सकें कि झारखंड के भीतर या बाहर का कोई भी आपराधिक गिरोह यहां की कानून व्यवस्था पर हमला करने में कामयाब नहीं होगा।

## आज का मैच

मुंबई इंडियंस Vs कोलकाता नाइट राइडर्स

दिनांक 31 मार्च सोमवार | स्थान विशाखा... | 3:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 02 | 01 | 01 | 02 |
| आरसीबी | 02 | 02 | 00 | 04 |
| पीके | 01 | 01 | 00 | 02 |
| सीएसके | 02 | 01 | 01 | 02 |
| डीडी | 01 | 01 | 00 | 02 |
| एलएसजी | 02 | 01 | 01 | 02 |
| एमआइ | 01 | 00 | 01 | 00 |
| जीटी | 01 | 00 | 01 | 00 |
| केकेआर | 02 | 01 | 00 | 02 |
| आरआर | 02 | 00 | 02 | 00 |




# दिल्ली ने हैदराबाद को सात विकेट से हराया, डुप्लेसिस ने खेला शानदार पारी

**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव की धारदार गेंदबाजी के बाद फॉफ डुप्लेसिस के अर्धशतक दिल्ली कैपिटल्स ने हैदराबाद के खिलाफ विशाखापत्तनम में 7 विकेट से जीत दर्ज की। स्टार्क ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 35 रन पर 5 जबकि कुलदीप ने 22 रन पर 3 विकेट चटकाए जिससे सनराइजर्स की पूरी टीम 18.4 ओवर में पवेलियन लौट गई। इसके बाद दिल्ली ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क और डुप्लेसिस के पहले विकेट के लिए 81 रन की मजूबत साझेदारी के और अन्य बल्लेबाजों के सहयोग से 16 ओवर में 166 रन बनाकर 7 विकेट से जीत अपने नाम की। इससे पहले मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव की धारदार गेंदबाजी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को 163 रन पर समेट दिया। स्टार्क ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 35 रन पर पांच जबकि कुलदीप ने 22 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे सनराइजर्स की पूरी टीम 18.4 ओवर में पवेलियन लौट गई।

सनराइजर्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और सिर्फ अनिकेत वर्मा (74 रन, 41 गेंद, छह छक्के, पांच चौके) और हेनरिक क्लासेन (32) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी भी की। इन दोनों के अलावा ट्रेविस हेड (22) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन सनराइजर्स ने पांचवें ओवर में 37 रन तक ही सलामी बल्लेबाजों हेड और अभिषेक शर्मा (01) तथा इशान किशन (02) और नितीश कुमार रेड्डी (00) के विकेट गंवा दिए। हेड ने स्टार्क के पहले ओवर में लगातार दो चौकों से शुरूआत की लेकिन इसी ओवर में अभिषेक रन आउट हो गए। स्टार्क के अगले ओवर में इशान ने बाउंड्री पर ट्रिस्टन स्टब्स को कैच थमाया जबकि एक गेंद बाद नितीश भी दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को कैच दे बैठे। स्टार्क ने हेड को विकेटकीपर लोकेश राहुल के हाथों कैच कराके सनराइजर्स को चौथा झटका दिया। हेनरिक क्लासेन ने आते ही स्टार्क की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ तेवर दिखाए। सनराइजर्स ने पावर प्ले में चार विकेट पर 58 रन बनाए। अनिकेत ने भी विपराज निगम की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा और फिर अक्षर पर लगातार दो छक्के जड़े।

# सबालेंका ने जीता मियामी ओपन खिताब

**मियामी(आईएएनएस)।** आर्यना सबालेंका ने फाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराकर मियामी ओपन का अपना पहला खिताब जीता। पिछले साल के यूएस ओपन फाइनल के रीमैच में, शुरूआती सेट में तीन बार अपनी शानदार सर्विस टूटने के बावजूद, दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने शांतचित्त होकर 5-6 पर महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया, जिसने उन्हें चौथी रैंकिंग वाली पेगुला पर 1 घंटे 28 मिनट में 7-5, 6-2 से जीत दिलाई और अपना पहला मियामी ओपन मास्टर्स 1000 खिताब जीता। यह सबालेंका के लिए एक बड़ी जीत थी, जिन्हें अपने पिछले दो फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन (मैडिसन कीज से) और इंडियन वेल्स (मीरा एंड्रीवा से) में मामूली हार का सामना करना पड़ा था। आखिरकार, मैं फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने में सक्षम थी, और मैं परिणाम और प्रदर्शन से बहुत खुश हूं, मैं कहूंगी, इन महीनों के लिए। इसलिए,



इस खूबसूरत (क्रिस्टल बुच बुचोलज) ट्रॉफी को पकड़कर बहुत खुश हूं। ईमानदारी से इस मैच में जाने से पहले, मेरी मानसिकता थी कि चाहे कुछ भी हो जाए, अगर वह मुझे तोड़ने वाली है, तो मेरी मानसिकता वहां रहने, खुद पर ध्यान केंद्रित करने, हर अंक के लिए लड़ने की थी, चाहे कुछ भी हो। सबालेंका ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं एक और फाइनल नहीं हारना चाहती थी। फाइनल में हारना वाकई बहुत मुश्किल है। इसलिए अगर कोई ऐसा कहता, तो मैं कहती, ठीक है, यह एक लड़ाई होने वाली है, मैं इसके लिए तैयार हूं।" सबालेंका अब अपने करियर में आठ डब्ल्यूटीए 1000 एकल खिताब जीत चुकी हैं, जो मारिया शारापोवा के कुल खिताबों की बराबरी है। 2009 में उस स्तर से लेकर अब तक डब्ल्यूटीए 1000 खिताबों में उनसे आगे केवल सेरेना विलियम्स (13), विक्टोरिया अजारेंका (10), इगा स्वीयाटेक (10), सिमोना हालेप (9) और पेट्रा क्वितोवा (9) हैं।

## एक नजर

### रोहित अब तीन-चार साल पहले वाले रोहित नहीं रहे : मांजरेकर



**अहमदाबाद।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि रोहित शर्मा एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं और अब उन्हें हर सुबह अपने आप पर अतिरिक्त जोर देना होगा। आईपीएल 2025 में शनिवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मैच में रोहित सिर्फ आठ रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले सीजन के अपने पहले मैच में वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ चार गेंदों में डक (0) पर आउट हुए थे। मांजरेकर ने जियोस्टार से बात करते हुए कहा, अब वह तीन-चार साल पहले वाले रोहित शर्मा नहीं हैं। वह अपने करियर के उस पड़ाव पर हैं, जहां पर उन्हें अपने आप पर हर सुबह अतिरिक्त जोर देना होगा। उन्हें और बेहतर तरीके से ट्रेन करना होगा क्योंकि चीजें उनके हाथों से फिसल रही हैं। वह अभी भी अपने नैसर्गिक प्रतिभा पर निर्भर करते हैं।

### मानव ठक्कर का ऐतिहासिक सफर सेमीफाइनल में पोरेट से हार के साथ समाप्त



**चेन्नई।** मानव ठक्कर का डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2025 में ऐतिहासिक सफर रविवार को विश्व के 54वें नंबर के खिलाड़ी थिबॉल्ट पोरेट से 3-1 से सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले में हार के साथ खत्म हुआ। एक दिन पहले ही डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनने वाले मानव ने जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में जोश से भरा प्रदर्शन किया और 20 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी को रोमांचक, उच्च तीव्रता वाले मुकाबले में संघर्ष कराया।

## विदेशी खिलाड़ियों को जीआई-पीकेएल में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं : कार्तिक डम्मू

**गुरुग्राम।** अंतरराष्ट्रीय कबड्डी सितारे ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। यह बहुप्रतीक्षित टूनार्मेंट 18 अप्रैल से गुरुग्राम में शुरू होने वाला है। पहले सीजन में 12 टीमें (6 पुरुष और 6 महिला टीमें) हिस्सा ले रही हैं। जीआई-पीकेएल के संस्थापक कार्तिक डम्मू ने एक बयान में कहा कि मैं विदेशी खिलाड़ियों को ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं। कबड्डी एक ऐसा खेल है जिसकी जड़ें भारत में हर जगह फैली हुई हैं और इसे वैश्विक स्तर पर फैलते देखना काफी रोमांचक करने वाला है। विभिन्न देशों के एथलीटों के प्रतिस्पर्धा करने से न केवल खेल की तीव्रता बढ़ेगी, बल्कि खेल में नई शैलियां और रणनीतियां भी आएंगी। यह लीग वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय कबड्डी अनुभव की शुरूआत है और मैं इसे देखने के लिए उत्साहित हूं। आईपीकेएल के संस्थापक सोहन तुसीर ने खिलाड़ियों की गुणवत्ता को लेकर भरोसा जताते हुए कहा कि यह लीग दुनियाभर में कबड्डी के नए उभरते सितारों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी और उन प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देगी जो इस मौके का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**महिला टीमें:** हरियाणवी ईगल्स, भोजपुरी लेपर्डेस, मराठी फाल्कन्स, पंजाबी टाइग्रेस, तेलुगु चीतास, तमिल लायनेस।

**पुरुष टीमें:** भोजपुरी लेपड्र्स, हरियाणवी शार्क्स, मराठी वल्चर्स, पंजाबी टाइगर्स, तमिल लायंस, तेलुगु पैंथर्स।

## आसिम रियाज और रजत दलाल के बीच हुई हाथापाई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन को मैदान पर दबाव संभालते देखा है। इस बार वह एक डळळ सीरीज के लांच इवेंट पर आसिम रियाज और रजत दलाल के बीच हाथापाई को रोकते और स्थिति को काबू करते हुए नजर आए। आगामी डळळ सीरीज बैटलग्राउंड के लॉन्च इवेंट के दौरान आसिम और रजत के बीच बहस हो गई और बात हाथापाई तक पहुंच गई, ऐसे में धवन को आगे आना पड़ा। यह सब आकस्मिक रूप से शुरू हुआ। रुबीना दिलाइक, शिखर धवन, अभिषेक मल्हान, आसिम रियाज और रजत दलाल जैसे कलाकार नए शो के लिए एक सामान्य मीडिया इवेंट में मौजूद थे। लेकिन अचानक आसिम और रजत के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था। वायरल हो रहे वीडियो में दोनों को चिल्लाते और अचानक एक-दूसरे पर झपटते हुए देखा जा सकता है। कुर्सियां धकेली गईं, आवाजें उठीं और अहंकार टकराया। इस सबके बीच अभिनेत्री रुबीना दिलैक भी थीं, जो अपने आस-पास मची अफरा-तफरी से बिल्कुल गुस्से में दिखीं। झगड़ा हाथ से निकलता देख तभी शिखर धवन ने स्थिति को शांत करने की कोशिश करते हुए आगे आए। क्रिकेट स्टार को दोनों के बीच में आकर उन्हें अलग करने की कोशिश करते देखा गया। जब पुरुष अपना गुस्सा दिखा रहे थे, रुबीना ने उठने और दृश्य से दूर जाने से पहले दो बार भी पलक नहीं झपकाई।

# भारत वनडे व टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का करेगा दौरा



एजेंसी

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को कहा कि भारतीय पुरुष टीम इस साल के अंत में तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। मेहमान टीम 19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच सफेद गेंद के मैच खेलेगी। 50 ओवर के मैच जहां दिन-रात के होंगे तो वहीं टी20 मुकाबले रात के मैच होंगे। आगामी 2025-26 सत्र के दौरान पहली बार ऑस्ट्रेलिया के सभी आठ राज्यों और क्षेत्रों में पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आयोजन होगा। कैनबरा और होबार्ट दोनों पांच मैच की टी20 श्रृंखला के दौरान भारत की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत और ऑस्ट्रेलिया इससे पहले पर्थ, एडीलेड और सिडनी में भी 50 ओवर के मैच खेलेंगे। भारत 2024-25 में पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ऑस्ट्रेलिया लौटेगा। बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया में दर्शकों की संख्या के नए रिकॉर्ड बने थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, हमने पिछली गर्मियों में मैदान पर दर्शकों की संख्या, टीवी पर दर्शकों की संख्या और डिजिटल जुड़ाव के कई रिकॉर्ड तोड़े और हमें विश्वास है कि यह अविश्वसनीय गति पूरे सत्र में जारी रहेगी।'

**एकदिवसीय श्रृंखला :**

- 19 अक्टूबर : पर्थ स्टेडियम, पर्थ (दिन-रात्रि)
- 23 अक्टूबर : एडीलेड ओवल, एडीलेड (दिन-रात्रि)
- 25 अक्टूबर : एससीजी, सिडनी (दिन-रात्रि)

**टी20 श्रृंखला :**

- 29 अक्टूबर : मनुका ओवल, कैनबरा
- 31 अक्टूबर : एमसीजी, मेलबर्न
- 2 नवंबर : बेलरीव ओवल, होबार्ट
- 6 नवंबर : गोल्ड कोस्ट स्टेडियम, गोल्ड कोस्ट
- 8 नवंबर : द गाबा, ब्रिस्बेन

उन्होंने कहा, हम अपनी सभी सरकारों, आयोजन स्थलों, प्रसारण और वाणिज्यिक भागीदारों के सहयोग और समर्थन के लिए बेहद आभारी हैं । जो यह सुनिश्चित करते हैं कि ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय खेल स्टेडियमों में शानदार अनुभव प्रदान करता रहे और पूरे देश में भागीदारी को बढ़ावा दे।'

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### इंडिगो पर इनकम टैक्स ने लगाई 944 करोड़ रुपये की पेनल्टी

**मुंबई।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से लगाई गई 944.20 करोड़ रुपये की पेनल्टी को देश की बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने गलत बताया है और कहा कि इस आदेश को वह कानूनी रूप से चुनौती देगी। एयरलाइन की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन पर शनिवार को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से पेनल्टी का नोटिस मिला था। रेगुलेटरी फाइलिंग में रविवार को कंपनी ने कहा कि यह पेनल्टी असेसमेंट ईयर 2021-22 के लिए थी। कंपनी का मानना है कि यह आदेश कानून के अनुरूप नहीं है। साथ ही इंडिगो ने इस आदेश को गलत बताया। इंडिगो ने आश्वासन दिया है कि वह पेनल्टी के खिलाफ कानूनी उपाय अपनाएगी। बड़ी पेनल्टी के बावजूद, इंडिगो ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का उसके वित्तीय, परिचालन या समग्र व्यावसायिक गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह पेनल्टी ऐसे समय में लगाई गई है जब इंडिगो पहले से ही वित्तीय चुनौतियों से जूझ रही है।

### सरार्फा बाजार में तेजी जारी, 1 सप्ताह में 1,370 रुपये महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में आज, रविवार को सोने की कीमत में लगातार मजबूती बनी हुई है। पिछले एक सप्ताह में सोने के भाव में 1,300 से 1370 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोने का भाव 91 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को भी पार कर गया है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना रविवार को 91,200 रुपये से लेकर 91,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 83,600 रुपये से लेकर 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

# वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के खनिज उत्पादन में हुई रिकॉर्ड बढ़त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय ने रविवार को कहा कि देश में लौह अयस्क, मैंगनीज अयस्क, बॉक्साइट और सीसा जैसे प्रमुख खनिजों का उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 में भी तेजी से बढ़ा है।

आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि लौह अयस्क का उत्पादन, जो वैल्यू के हिसाब से कुल खनिज उत्पादन का 70 प्रतिशत है, वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल-फरवरी के दौरान बढ़कर 263 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) हो गया है, यह वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 252 एमएमटी था, जो सालाना 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है।

पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में लौह अयस्क का उत्पादन 274 मिलियन मीट्रिक टन



(एमएमटी) था।

वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-फरवरी) में मैंगनीज अयस्क का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि के 3.0 एमएमटी से 12.8 प्रतिशत बढ़कर 3.4 एमएमटी हो गया, जबकि बॉक्साइट का उत्पादन भी चालू वित्त वर्ष के शुरूआती 11 महीनों के दौरान 3.6 प्रतिशत बढ़कर 22.7 एमएमटी हो गया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 21.9 एमएमटी था।

वहीं, सीसा का उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि में 3.5 प्रतिशत बढ़कर 3.52 लाख टन हो गया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 3.4 लाख टन था।

अलौह धातु क्षेत्र में वित्त वर्ष 2024-25 के 11 महीनों में प्राइमरी एल्युमीनियम उत्पादन सालाना आधार पर 0.9 प्रतिशत बढ़कर 38.36 लाख टन हो गया जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 38.00 लाख था।

समीक्षा अवधि के दौरान, रिफाइंड कॉपर का उत्पादन 7.1 प्रतिशत बढ़कर 4.64 लाख टन से 4.97 लाख टन हो गया है।

## कंज्यूमर क्षेत्र की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी डील
# हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदेगी टेमासेक

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** सिंगापुर आधारित इन्वेस्टमेंट फर्म टेमासेक ने हल्दीराम में माइनॉरिटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए इक्विटी समझौता किया है। कंपनी द्वारा रविवार को जारी की गई प्रेस रिलीज में यह जानकारी दी गई। इसे भारत के कंज्यूमर सेक्टर की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी डील माना जा रहा है। कंपनी द्वारा बताया गया कि उसने हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड में मौजूदा शेयरधारकों से इक्विटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक समझौता किया है। यह लेनदेन रेगुलेटरी अप्रूवल के अधीन है और इसके जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि, कंपनी की ओर से इस इक्विटी समझौते में वित्तीय लेनदेन को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है, लेकिन टेमासेक की सहायक कंपनी जोंगसॉन्ग इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने मार्च में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से हल्दीराम में करीब 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना की मंजूरी के लिए संपर्क किया है। इस डील के लिए पीडब्ल्यूसी इंडिया को एक्सक्लूसिव फाइनेंशियल एडवाइजर नियुक्त किया गया है। पीडब्ल्यूसी इंडिया के चेयरपर्सन संजीव कृष्ण ने डील के बारे में कहा कि यह डील न केवल भारत में सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी कंज्यूमर डील है, बल्कि घरेलू बिजनेसेज का भी प्रतिबिंब है जो ग्लोबल स्तर पर भारत की पोजीशन को बेहतर बना रहे हैं। हल्दीराम के प्रवक्ता ने डील पर कहा कि हम टेमासेक को निवेशक और पार्टनर के रूप में स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। हम उनके साथ मिलकर कंज्यूमर क्षेत्र में उनके अनुभव का उपयोग करके हमारी ग्रोथ को तेज करने और बदलती कंज्यूमर डिमांड को पूरा करने के लिए तत्पर हैं। हल्दीराम देश की सबसे बड़ी फूड चेन में से एक है। इसकी स्थापना 1937 में हुई थी। कंपनी अपने नमकीन, स्नैक्स, मिठाइयों और पैकेज्ड फूड्स के लिए प्रसिद्ध है। भारत के साथ कंपनी का कारोबार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है। हल्दीराम में टेमासेक का हिस्सेदारी खरीदना भारत के उभरते हुए कंज्यूमर क्षेत्र को दिखाता है। टेमासेक लंबे समय से भारत के कंज्यूमर और फूड सेक्टर में एक सक्रिय निवेशक है।

## गेल इंडिया को पाइपलाइन शुल्क वृद्धि से मार्जिन में 3,400 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की उम्मीद

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गेल (इंडिया) लिमिटेड को अपने पाइपलाइन नेटवर्क के जरिये प्राकृतिक गैस परिवहन के लिए मिलने वाले एकीकृत शुल्क में 35 प्रतिशत तक बढ़ोतरी के अनुमान से कर-पूर्व आय सालाना 3,400 करोड़ रुपये तक बढ़ सकती है। कंपनी के चेयरमैन संदीप कुमार गुप्ता ने यह संभावना जताई। वर्तमान में लगभग 90 प्रतिशत गैस का परिवहन करने वाले गेल के एकीकृत पाइपलाइन नेटवर्क का शुल्क 58.61 रुपये प्रति 10 लाख बीटीयू (ब्रिटिश थर्मल यूनिट) है। एकीकृत शुल्क में संशोधन मुख्य रूप से गेल की बढ़ती परिचालन और रखरखाव लागतों को समाहित करने की जरूरत से प्रेरित है। इसके साथ ही यह पाइपलाइन बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश को भी प्रोत्साहित करता है। गुप्ता ने कहा, हमने नियामक को अगस्त, 2024 में शुल्क दरों की समीक्षा के लिए अपेक्षित विवरण प्रस्तुत कर दिए थे। दायर संशोधित शुल्क 78 रुपये प्रति 10 लाख बीटीयू का है। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुरूप जल्द ही सार्वजनिक परामर्श आयोजित किया जाएगा और नियामक द्वारा संशोधित शुल्क आदेश जारी किया जाएगा। शुल्क समीक्षा प्रक्रिया वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही तक समाप्त होने की उम्मीद है।

## विदेशी निवेशकों की पसंद बना भारतीय शेयर बाजार, छह सत्रों में की 31,000 करोड़ रुपये की खरीदारी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में तेजी के बीच विदेशी निवेशक लगातार खरीदारी कर रहे हैं। ताजा डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, बीते छह कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने करीब 31,000 करोड़ रुपये का निवेश शेयर बाजार में किया है। एफपीआई के बड़ी मात्रा में निवेश करने की वजह शेयर बाजार का आकर्षक वैल्यूएशन, डॉलर के मुकाबले रुपये का मजबूत होना और अर्थव्यवस्था में तेजी आना है। एफपीआई की वापसी से भारतीय शेयर बाजार में भी बड़ी रिकवरी देखने को मिली है। समीक्षा अवधि के दौरान, निफ्टी में करीब 6 प्रतिशत की रिकवरी देखने को मिली है, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। एफपीआई का रुख बिकवाली से बदलकर खरीदारी होने के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं, जिसमें शेयर बाजार का अपने सितंबर 2024 के पीक से 16 प्रतिशत नीचे आना, रुपये का मजबूत होना और महंगाई में कमी आना, आईआईपी और जीडीपी ग्रोथ का मजबूत होना शामिल हैं।